kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

वर्ष-15 | अंक-230 | सोमवार, 21 सितम्बर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



जब विपक्ष के नेता अपना एजेंडा फैलाने में व्यस्त हैं, तब भारत ने उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाई है। परीक्षा सुधारों पर, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार पेपर-आधारित परीक्षाओं से जुड़ी कमियों को कम करने के लिए कंप्यूटर-आधारित टेस्टिंग की ओर बढ़ी है। **धर्मेंद्र प्रधान**

भारतीय चिप उद्योग साइबर हमलों के लिए तैयार रहें : वैष्णव 11

भारतीय समाज मां पर उपहास की राजनीति स्वीकार नहीं कर सकता : रेखा गुप्ता 12

जीबीयू में सीएम योगी: 'संवैधानिक पद पर रहकर हामिद अंसारी का बयान उचित नहीं', कहा-

मातृशक्ति का सम्मान जरूरी

एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर। ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित 'प्रेरणा विमर्श-2026' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन परंपरा, भारतीय संस्कृति और नारी शक्ति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा सनातन धर्म में बसती है और देश की जनता अपनी ऋषि परंपरा, देवी-देवताओं, तीर्थों और विरासत पर गर्व करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन परंपरा में विचारों की स्वीकार्यता रही है। कहीं से भी अच्छे विचार आएं तो उनका स्वागत किया जाता है। उन्होंने कहा कि 'तेरा-मेरा' वाली संकुचित सोच रखने वाले लोग इसे नहीं समझ सकते। सनातन सबका है और इसकी परंपरा ने दुनिया के अलग-अलग समुदायों और संप्रदायों को संकट के समय शरण दी है।

योगी आदित्यनाथ ने पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के एक पुराने वक्तव्य का जिक्र करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए इस तरह की बात नहीं कही जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे बयानों से भारत के बारे में गलत छवि बनाने और 'एंटी इंडिया' सोच को बढ़ावा देने का काम होता है। उन्होंने कहा कि अर्धसत्य के जरिए भारत को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए नारी शक्ति और मातृशक्ति के सम्मान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में 'पहले आप' का



संस्कार रहा है। जिन लोगों को ये मर्यादाएं नहीं सिखाई गईं, उनके लिए 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को समझना संभव नहीं है। योगी ने कहा कि प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक भारत में नारी शक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपरा में मातृशक्ति के सम्मान की विशेष जगह रही है।

विरासत और योगदान को नहीं भुलाया जा सकता : सीएम योगी ने कहा कि नारी गरिमा का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश में तीन नई पीएसी महिला बटालियन का गठन किया जा रहा है। शिक्षा, अंतरिक्ष, चिकित्सा और पुलिस समेत हर क्षेत्र में बेटियों ने देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों को नहीं भूलना चाहिए। इतिहास को भले ही भूल जाएं, लेकिन अपनी विरासत और योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, किसान, युवा और नारी को देश की चार जातियां बताया है और सरकार इन्हीं के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान किसी भी जाति का हो सकता है। उसे सम्मान, बाजार और शासन की योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिलना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को मंच और अवसर देने की जरूरत है। युवा दुनिया के हर कार्य को संभव करके दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक जैसी प्रथा को समाप्त करने के साथ महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को भी रोकना जरूरी है। इसके लिए बेहतर संवाद के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 65 लाख लोगों को आवास मिल चुका है। सरकार 12 लाख और लोगों को आवास देने जा रही है। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में महिला पुलिस बल की संख्या करीब 10 हजार थी, जो अब 44 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार महीने में यह संख्या 50 हजार से अधिक हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी पहले 12 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के पास दुनिया की युवा कार्यशक्ति है और उत्तर प्रदेश में 56 प्रतिशत आबादी युवा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को साढ़े नौ लाख सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इसके अलावा 96 लाख एमएसएमई में करीब साढ़े तीन करोड़ युवा काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और 'क्रीम' को खत्म करना है। राम और कृष्ण हमारे आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि सरप्लस राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जो स्थिति थी, उसे दोबारा नहीं आने दिया जाएगा। अब प्रदेश में दंगा और अराजकता नहीं चलेगी।

विपक्ष में इच्छाशक्ति की कमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कभी देश को स्वस्थ ईंधन नहीं दे पाई। उन्होंने दावा किया कि 12 करोड़ लोगों को एलपीजी कनेक्शन दिए गए और 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए। योगी ने कहा कि ये काम 2014 से पहले भी हो सकते थे, लेकिन तब इन्हें करने की इच्छा नहीं थी।

हर सप्ताह होगा बड़ा भर्ती इवेंट, जो कर नहीं पाए वे हमेशा बोलेंगे : मुख्यमंत्री

लोक भवन में 912 अभ्यर्थियों को दिए गए नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर सप्ताह बड़ा भर्ती इवेंट कर छह माह में एक लाख सरकारी नौकरियां देंगे। जो कर नहीं पाए, वे हमेशा बोलेंगे। जिन्होंने अपनी अकर्मण्यता और अक्षमता से यूपी को बीमारू बनाया, उनकी करतूतें सभी ने देखी है। ऐसे लोगों को यूपी पुलिस या प्रदेश की व्यवस्था पर बोलने का अधिकार नहीं है। विपक्ष गिनता जाए, सरकार नियुक्तियां देती जाएगी। रविवार को 912 को दिए जा रहे हैं, शनिवार को 818 को दिए गए थे। अब 22 सितंबर को फिर नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने रविवार को लोक भवन में यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती-2023 के नियुक्ति पत्र बांटे। इसमें पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लिपिक और पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लेखा के पदों पर चयनित 912 अभ्यर्थी हैं। मुख्यमंत्री ने सभी को यूपी पुलिस का हिस्सा बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब किसी योग्य अभ्यर्थी का चयन शुचितापूर्ण और पारदर्शी परीक्षा से होता है तो उसके परिवार के लिए उपलब्धि नहीं, बल्कि शासन के प्रति आम आदमी के विश्वास का भी प्रतीक बनता है। साल 2017 से पहले भर्ती प्रक्रिया की विसंगतियों से नौजवानों में निराशा और हताशा थी। भाई-भतीजावाद ने पूरे सिस्टम को इस तरह जकड़ रखा था।

उन्होंने कहा कि भर्ती का विज्ञापन आते ही युवाओं के मन में यह भाव आता था कि बिना सिफारिश और लेनदेन के चयन नहीं हो पाएगा। आरोप लगाया कि यूपी पुलिस में ऐसी भर्तियां भी हुईं, जिनमें परीक्षा कोई देता था और नियुक्ति पत्र किसी दूसरे को मिलता था। यूपी में भाजपा की सरकार बनने के बाद भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए सुधार किए गए। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और शिक्षा से जुड़ी भर्ती प्रक्रियाओं में बदलाव किए गए। समूह 'ग' और 'घ' की भर्ती से साक्षात्कार समाप्त किया गया। अब विज्ञापन से लेकर परीक्षा, नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण और जिलों में तैनाती तक किसी अभ्यर्थी को सिफारिश कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में अब तक साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को यूपी शासन में सेवा का अवसर मिला ● **शेष पेज 11 पर**



यूपी पुलिस मॉडल की चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कोई राह चलती बेटी को छेड़ने का दुस्साहस नहीं कर सकता। ऐसा करने वाले को मालूम है कि उसका अंजाम क्या होगा। आज देश में यूपी पुलिस के मॉडल की चर्चा होती है। यूपी पुलिस के आधे से ज्यादा पद खाली थे। प्रदेश में चार लाख पुलिस बल की आवश्यकता थी, लेकिन दो लाख से भी कम पुलिसकर्मी थे। भर्तियां न्यायालयों में अटकी हुई थीं। सरकार ने भर्ती व्यवस्था में सुधार कर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। पेपर लीक कराने या भर्ती से जुड़े अवैध धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ ऐसा कानून बनाया गया, जिसमें आजीवन कारावास की सजा और पूरी संपत्ति जब्त करने तक का प्रावधान है। भर्ती की प्रक्रियाओं को दुरुस्त कर पुलिस में खाली पदों को भरने का काम आगे बढ़ाया गया।

संक्षेप

पीसीएस मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के मुफ्त मॉक इंटरव्यू 23 से

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग लोक सेवा आयोग की पीसीएस-2025 मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तैयारी कराएगा। इसके लिए 23 सितंबर से मॉक इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम कई चरणों में चलेगा। मॉक इंटरव्यू में समाज कल्याण विभाग के प्रशिक्षण केंद्रों, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की मुफ्त कोचिंगों में पढ़ने वाले सफल अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही पीसीएस 2025 की मुख्य परीक्षा में सफल किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी मुफ्त मॉक इंटरव्यू में शामिल हो सकेंगे। समाज कल्याण उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम कई चरणों में चलेगा। मॉक इंटरव्यू गोमतीनगर स्थित छत्रपति शाहू जी महराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदारी भवन में आयोजित होगा। इसमें उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) से जुड़े आईएएस, पीसीएस अधिकारी तथा विषय विशेषज्ञ अभ्यर्थियों का मार्ग निर्देशन करेंगे। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की रणनीति, प्रस्तुतिकरण, सवालों के प्रभावी जवाब देने, संचार कौशल तथा आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीके बताए जाएंगे। इससे अभ्यर्थियों को अपनी कमियों को पहचानने और उनमें सुधार करने का मौका मिलेगा।

सभी 75 जिलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई साक्षरता परीक्षा

लखनऊ। उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में साक्षरता परीक्षा हुई। इसमें परिषदीय विद्यालयों, कारागारों एवं बाल सुधार गृहों में लगभग 5.10 लाख 15 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के शिक्षार्थियों ने भाग लिया। इसके माध्यम से उनमें विकसित पढ़ने-लिखने तथा संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया गया। उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के निरक्षरों को साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर उन्हें साक्षर बनाना है। कार्यक्रम के तहत महिलाओं की 75 प्रतिशत तथा पुरुषों की 25 प्रतिशत भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के कुल 10 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रमुख ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 34% बढ़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीने यानी अप्रैल-अगस्त में चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राज़ील और रूस को भारत का निर्यात 34% बढ़कर 19.9 अरब डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इन चार देशों को भारत ने 14.9 अरब डॉलर का सामान भेजा था।

निर्यात बढ़ने में चीन की बड़ी भूमिका रही। इस दौरान चीन को भारत का निर्यात 39% बढ़कर 9.6 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने कहा कि भारत जैसे-जैसे ब्रिक्स देशों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत कर रहा है, उसके संस्थापक सदस्यों चीन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राज़ील और रूस को निर्यात में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इन चार प्रमुख ब्रिक्स देशों की भारत के कुल निर्यात में हिस्सेदारी भी बढ़ी है। अप्रैल-अगस्त 2025-26 में यह 8.1% थी, जो चालू वित्त वर्ष की समान



अवधि में बढ़कर 9.2% हो गई। चारों देशों में दक्षिण अफ्रीका को निर्यात सबसे तेज 58% बढ़ा। वहीं, ब्राज़ील को निर्यात में 13% और रूस को 11% की वृद्धि हुई। ब्रिक्स के अलावा अन्य प्रमुख बाजारों में भी भारत का निर्यात बढ़ा। अप्रैल-अगस्त 2026-27 में जापान को निर्यात 43% बढ़कर 3.43 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इटली को निर्यात 30% बढ़कर 3.92 अरब डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3.02 अरब डॉलर था। दक्षिण कोरिया को निर्यात 22% बढ़कर 3.21 अरब डॉलर हो गया।

पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी, विदेश मंत्री समेत कई बड़े नेताओं को नोटिस जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विवरण में विसंगतियां मिलने पर नोटिस पाने वाले 31.63 लाख मतदाताओं में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, विदेश एस जयशंकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी शामिल हैं। इनके अलावा चुनाव आयुक्त एसएस संधू समेत कई नौकरशाह का नाम भी नोटिस पाने वालों की सूची में मौजूद है। हालांकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि नोटिस मिलने का मतलब नाम मतदाता सूची से हटना नहीं है। दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में शामिल किए जाएंगे?

एसआईआर प्रक्रिया में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के अलावा उनकी बेटी प्रतिभा और बहू गीतिका का

- एसआईआर :चुनाव आयुक्त एसएस संधू कई बड़े नौकरशाहों का नाम भी नोटिस पाने वालों की सूची में शामिल
- 2002 की सूची से नाम लिंक न होने पर सबसे ज्यादा नोटिस जारी



नाम वर्ष 2002 की पिछली एसआईआर मतदाता सूची से मैप नहीं हो सका। इसलिए तीनों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं, उनके बेटे जयंत का नाम मैपिंग प्रक्रिया में सत्यापित हो गया है। चारों नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। वहीं, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पत्नी सीमा और बेटे मीर को भी नोटिस जारी हुआ है। सिसोदिया के नोटिस में कारण नहीं बताया गया है। उनके बेटे मीर के मामले में माता-पिता के नाम में विसंगति, जबकि सीमा के नोटिस में खुद के नाम में अंतर होने का उल्लेख किया गया है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये नोटिस मतदाताओं की ओर से जमा कराए गए गणना प्रपत्रों में सामने आईं तार्किक विसंगतियों के आधार पर जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आडवाणी और सिसोदिया समेत ऐसे मतदाताओं के नाम सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। एसआईआर के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, चुनाव आयुक्त एसएस संधू समेत कई वरिष्ठ नौकरशाह और राजनीतिक नेताओं के नाम भी नोटिस सूची में हैं। उन्हें नोटिस जारी करने के बाद अब दस्तावेज जमा कराने की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इससे ● **शेष पेज 11 पर**

बकाया टैक्स वसूली में अब गिरफ्तारी नहीं होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बकाया आयकर की वसूली से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के तहत टैक्स बकाया की वसूली के निर्धारित तरीके में अब गिरफ्तारी और जेल में हिरासत का प्रावधान नहीं रहेगा। सीबीडीटी ने आयकर नियम-2026 के 'नियम 225' में बदलाव करते हुए गिरफ्तारी और हिरासत से जुड़े कई प्रावधान हटा दिए हैं। यह बदलाव 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी माना गया है। सीबीडीटी ने हाल ही इस बदलाव की अधिसूचना जारी की है। नियम-225 आयकर बकाये की वसूली की प्रक्रिया से संबंधित है। इसमें बकाया कर वसूलने के लिए कर अधिकारी किन कदमों का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसका प्रावधान है। हालांकि, एक महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बदलाव नियम 225 के तहत निर्धारित टैक्स रिकवरी प्रक्रिया से गिरफ्तारी हटाता है। इससे आयकर कानून में कहीं और मौजूद कोई अलग गिरफ्तारी अधिकार समाप्त नहीं होगा। गिरफ्तारी का प्रावधान हटने के बावजूद आयकर विभाग के पास बकाया वसूलने के दूसरे ● **शेष पेज 11 पर**

आसमान में गूंजी भारत-जापान की दोस्ती

तेजस में साथ उड़े दोनों वायु सेना प्रमुख

एजेंसी

जोधपुर। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन से रविवार को भारत-जापान के मजबूत होते रक्षा संबंधों की एक यादगार तस्वीर सामने आई। भारत और जापान के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास 'वीर गार्जियन-2026' के दौरान दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरकर आसमान में अपनी साझेदारी का नया अध्याय लिखा।

भारतीय वायु सेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सोलो उड़ान भरते हुए तेजस विमानों के फॉर्मेशन का नेतृत्व किया। जापान एयर एंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोरिता ताकेहिरो ने ग्रुप कैप्टन आई. सम्राट के साथ सह-पायलट के रूप में तेजस में उड़ान भरी। उड़ान से पहले दोनों वायु सेना प्रमुखों ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और अपने-अपने विमानों की ओर बढ़े। उड़ान के दौरान जनरल मोरिता को भारतीय तेजस की आधुनिक प्रणालियों और



परिचालन क्षमताओं का अनुभव मिला।

दोनों विमानों ने एयरफील्ड के ऊपर फ्लाई-पास्ट किया और इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित लैंडिंग की। लैंडिंग से पहले विमानों ने फॉर्मेशन से अलग होकर अपनी-अपनी स्थिति संभाली। जनरल मोरिता ने तेजस में उड़ान के अनुभव को शानदार बताते हुए इसे भारत के तकनीकी नवाचार का प्रतीक बताया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने संयुक्त अभ्यास को दोनों वायु सेनाओं के बीच विश्वास, अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से सीखने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। भारत और जापान के बीच 'एक्स वीर गार्जियन' का दूसरा संस्करण जोधपुर में 9 सितंबर से चल रहा है और 22 सितंबर तक जारी रहेगा। अभ्यास में जापान के त्सुइकी एयरबेस से आए एफ-2 लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया है। भारतीय वायु सेना की ओर से सुखोई-30 एमकेआई, तेजस और राफ़ेल जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान अभ्यास में शामिल हैं। अभ्यास के दौरान दोनों देशों के पायलट विभिन्न जटिल युद्धक अभियानों का प्रशिक्षण ले रहे हैं और अपने परिचालन अनुभव साझा कर रहे हैं। दोनों वायु सेना प्रमुखों ने भविष्य में संयुक्त प्रशिक्षण, परिचालन रणनीति और विशेषज्ञता साझा करने पर भी जोर दिया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि जापानी लड़ाकू विमानों का पहली बार भारतीय धरती से संचालन होना भारत-जापान रक्षा साझेदारी के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि साथ उड़ान भरने, प्रशिक्षण लेने और अभ्यास करने से दोनों देशों की वायुसेनाओं को एक-दूसरे की कार्यप्रणाली समझने और अपनी क्षमताओं को बढ़ाने का अवसर मिलता है। उन्होंने तरंग शक्ति-2024 का भी उल्लेख किया और बताया कि उस दौरान खराब मौसम के कारण जापानी विमान भारत नहीं पहुंच सके थे। इस बार उस कमी को पूरा करते हुए जापानी लड़ाकू विमानों ने जोधपुर से अभ्यास में हिस्सा लिया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जुड़ी चुनौतियों के कारण कुछ विमानों की आपूर्ति प्रभावित होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि तेजस मार्क-2 और भारत के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) जैसे ● **शेष पेज 11 पर**

इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखेगा यूपी के व्यंजनों की विरासत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- फूड कोर्ट में विभिन्न लोकप्रिय खाद्य प्रतिष्ठानों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के व्यंजन के साथ हस्तशिल्प का हुनर भी दिखेगा। एक बड़ा फूडकोर्ट बनाया जा रहा है। यहां प्रदेश के अलग-अलग जिलों के चर्चित व्यंजनों के स्टॉल लगेंगे। साथ ही हस्तशिल्प के उत्पाद भी निवेशकों का ध्यान खींचेंगे। फूड कोर्ट में 'यूपी का स्वाद' थीम पर मोदीनगर की जैन शिकंजी, खुर्जा की खुरचन, मुरादाबादी दाल और बिस्कुट रोटी, नोएडा की गुर्जरी थाली, लखनऊ के गलौटी कबाब, टुंडे कबाब और बिरयानी तथा वाराणसी का बनारसी पान, टमाटर चाट और कुल्हड़ चाय उपलब्ध रहेगी। इसी क्रम में कानपुर की दही-जलेबी और समोसा चाट, आगरा का पेठा और बेढ़ई संग आलू सब्जी और दालमोट, मथुरा का पेड़ा, प्रयागराज की तहरी, लस्सी और चाट, गोरखपुर का ठेकुआ, बलिया की लिट्टी-चोखा, झांसी का पोहा और बालूशाही, बरेली की आलू टिक्की और सींक कबाब, मेरठ की रेवड़ी और गजक, अयोध्या की गुझिया तथा देसी घी की मिठाइयां, इटावा के मठा के आलू, मुजफ्फरनगर की गजक और गन्ने से जुड़े उत्पाद जैसे स्थानीय स्वाद भी आकर्षण का केंद्र होंगे। फूड कोर्ट में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का विशेष फूड स्टॉल भी होगा। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार किए जाने वाले व्यंजनों को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर आजीविका से जुड़े समूहों को अपने उत्पादों को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही डोमिनोज, वॉव मोमोज, सबवे, वॉव चाइना, केवेंटर, चायोस, टैको बेल, केएफसी, बीकानेरवाला, कोक, बर्गर किंग, सीजन्स कैफ़े, डोसा किचन, बिटवीन द ब्रेड, बरिस्ता कॉफी, फैट रोल और फ्रूट जूस बार शामिल हैं।

यूपी के 10 वरिष्ठ आईएएस अफसरों के तबादले, रणवीर को ऊर्ज़ा व अमृत परिवहन का दायित्व

अनिल कुमार पंचायती राज से हटे, झीमोमी को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्य सरकार ने रविवार की रात बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए शासन स्तर के 10 वरिष्ठ आईएएस अफसरों के दायित्वों में फ़ेरबदल किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब बिजली व्यवस्था पर डा. आशीष गोयल और मेडिकल कॉलेजों को लेकर उपजे विवाद की गाज अमित कुमार घोष पर गिरी है। अमित कुमार घोष इसी साल दिसंबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

अमित कुमार घोष अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व चिकित्सा शिक्षा से हटाकर उच्च शिक्षा विभाग भेजे गए हैं। डा. आशीष कुमार गोयल को कम महत्व वाले श्रम एवं सेवायोजन विभाग भेजा गया है। वह अपर मुख्य सचिव ऊर्ज़ा एवं अतिरिक्त ऊर्ज़ा, अध्यक्ष यूपी पावर कार्पोरेशन ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, अध्यक्ष राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, अध्यक्ष यूपीएसएलडीसी लिमिटेड और अपर स्थानिक आयुक्त नई दिल्ली थे।

अमृत अभिजात को अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धमार्थ कार्य के साथ अपर मुख्य सचिव परिवहन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अर्चना अग्रवाल के पास अभी यह दायित्व था। वो इसी माह सेवानिवृत्त हो रही हैं। वी हेकाली झिमोमी प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा बनाई गई हैं। महेंद्र प्रसाद अग्रवाल प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा से प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, अनिल कुमार प्रमुख सचिव पंचायती राज से प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद, उपभोक्ता मामले और आयुक्त खाद्य एवं रसद बनाए गए हैं। अनिल कुमार की अपने मंत्री ओम प्रकाश राजभर से पट नहीं रही थी।

डा. एमकेएस सुंदरम प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा से प्रमुख सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन बनाए गए हैं। रविंद्र प्रमुख सचिव कृषि, कृषि शिक्षण एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन, निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य कृषि मंत्री परिषद से प्रमुख सचिव पंचायती राज, अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन के साथ प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रणवीर प्रसाद को प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद, उपभोक्ता मामले आयुक्त खाद्य एवं रसद से प्रमुख सचिव ऊर्ज़ा एवं अतिरिक्त ऊर्ज़ा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, अध्यक्ष यूपीएसएलडीसी लिमिटेड बनाया गया है।

कोरांव बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए 2 करोड़ स्वीकृत



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत कोरांव के लिए आज ऐतिहासिक और हर्ष का क्षण है। नगर स्थित सरकारी बस स्टैंड के पुनः निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार ने 2 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। स्वीकृत बजट से बस स्टैंड को आधुनिक और सुसज्जित बनाया जाएगा। इससे कोरांव समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को आवागमन में काफी सुगमता मिलेगी। लंबे समय से बस स्टैंड के जीर्णोद्धार की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही थी। इस सौगात के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने समस्त नगर व क्षेत्रवासियों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और स्थानीय लोकप्रिय विधायक राजमणि कोल का आभार व्यक्त किया है।

शाइनिंग लीफ फाउंडेशन का उद्घाटन, समाजसेवी सम्मानित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांधी भवन प्रेक्षागृह में शाइनिंग लीफ फाउंडेशन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अनुप कुमार गुप्ता, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश रहे।समारोह में समाजसेवी लालबहादुर राय को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और संदीप शुक्ला को विशेष सम्मान दिया गया। संस्था की अध्यक्ष माही मिश्रा ने बताया कि फाउंडेशन किसानों की सहायता, जरूरतमंदों की मदद, गौसेवा, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिले अभ्यर्थियों के चेहरे, बोले-

बिना सिफारिश मिली नौकरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती-2023 के चयनित अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की लिपिक संवर्ग सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे। उन्होंने एक स्वर में कहा कि मेहनत और योग्यता के आधार पर नौकरी मिलने से उनका वर्षों का सपना पूरा हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बताते हुए योगी सरकार की सराहना की।

लखनऊ निवासी संजीव वर्मा का चयन उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि परीक्षा 2 नवंबर 2025 को हुई थी और मार्च 2026 में परिणाम आया। संजीव ने कहा कि पूरी नियुक्ति निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हुई है। मेहनत करने वालों को सफलता मिली है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। लखीमपुर खीरी निवासी रजत गुप्ता ने बताया कि उनका चयन भी उपनिरीक्षक (गोपनीय) के पद पर हुआ है। यूपी पुलिस में यह उनका दूसरा चयन है। वर्ष 2020 में वह आरक्षी पद पर चयनित हुए थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में भर्तियां निष्पक्ष हो रही हैं। लिखित परीक्षा, टाइपिंग और मेडिकल की प्रक्रिया में भी पारदर्शिता रही। वहीं, पुलिस सहायक उपनिरीक्षक लिपिक पद पर चयनित अंजू भारती ने कहा कि उनका चयन बिना किसी पक्षपात, लेनदेन और सिफारिश के हुआ है। उन्हें केवल फॉर्म भरने में पैसा खर्च किया था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में बिना सिफारिश नौकरी मिलना संभव हो रहा है। इसी पद पर चयनित आदर्श कुमार जैन ने भी भर्ती को निष्पक्ष और पारदर्शी बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पद पर चयनित दर्शना बाजपेयी ने कहा कि भर्ती में कहीं भी सिफारिश या लेनदेन की जरूरत नहीं पड़ी। उन्हें केवल योग्यता के आधार पर नियुक्ति मिली है। दर्शना बाजपेयी ने बताया कि तीन साल की तैयारी के बाद मिली सफलता उनके और परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलने की उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी। पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर चयनित धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। 5 साल से तैयारी कर रहे थे, अब जाकर सफलता मिली है। आज बहुत खुशी का दिन है, मुख्यमंत्री जी के हाथों नियुक्ति पत्र मिला है। सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर उनका चयन हुआ है। पूरी भर्ती निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराई गई है। 2021 से लगातार तैयारी कर रहे थे, आज नियुक्ति पत्र पाकर बहुत अच्छा लग रहा है।

देश-विदेश के करीब 1,200 नीति-निर्माता, उद्योगपति, वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और युवा होंगे शामिल

अमेरिका, ब्रिटेन,जर्मनी समेत दुनिया के दिग्गजों का लखनऊ में होगा 'टेक महाकुंभ'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- 23 से 25 अक्टूबर तक यूपीएसआईएफएस में इंटरनेशनल डायलॉग 2026
- एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन और 3-डी प्रिंटिंग के साथ क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम कम्युनिकेशन पर होगा महामंथन
- योगी सरकार युवाओं को नई टेक्नोलॉजी में बना रही दक्ष, उद्योग से सीधे जुड़ेंगे युवा, इंटर्नशिप-प्लेसमेंट के साथ खुलेंगे रिसर्च और निवेश के नए रास्ते

लखनऊ। अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत दुनिया के विभिन्न देशों के उद्यमी, टेक विशेषज्ञ और बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि अगले महीने लखनऊ में जुटेंगे। मौका होगा उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में 23 से 25 अक्टूबर तक प्रस्तावित तीन दिवसीय इंटरनेशनल डायलॉग 2026 का। देश-दुनिया के करीब 1,200 नीति-निर्माताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप, न्यायिक व पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को एक मंच पर लाने की तैयारी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से क्वांटम टेक्नोलॉजी, साइबर फॉरेंसिक, डाटा सुरक्षा और कानूनी अनुपालन तक भविष्य की तकनीकों पर यहां मंथन होगा।

यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के युवाओं को नई टेक्नोलॉजी में दक्ष बनाया जा रहा है, जिससे रोजगार तथा नए अवसरों की असीम संभावनाएं बनेंगी। इसी उद्देश्य से इंटरनेशनल डायलॉग के जरिए नीति, उद्योग और शिक्षा जगत को एक साझा मंच पर लाने की तैयारी है। अब इनोवेशन और रोजगारपरकता के जरिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जाएगा। सबसे अधिक जोर इस बात पर दिया जा रहा है कि शैक्षणिक संस्थान रिसर्च और प्रतिभा तैयार करें और युवाओं के लिए इंटर्नशिप, रोजगार तथा नए अवसरों का रास्ता खुले। तीन दिन के इस वैश्विक संवाद के केंद्र में ऐसी तकनीकें होंगी, जो आने वाले वर्षों में उद्योग से लेकर सुरक्षा और न्याय व्यवस्था तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली हैं। एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन और 3-डी प्रिंटिंग के साथ क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम कम्युनिकेशन पर चर्चा की जाएगी। पोस्ट-क्वांटम तैयारियों और इस क्षेत्र में राष्ट्रीय क्षमता विकसित करने जैसे विषय भी विमर्श का हिस्सा होंगे। इसी तरह फॉरेंसिक डीएनए, साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल साक्ष्य और आधुनिक जांच प्रणालियों पर दुनिया भर के विशेषज्ञ विचार रखेंगे। इसके अलावा डाटा प्रोटेक्शन, प्राइवेसी, ऑडिट, गवर्नेंस और लीगल कंप्लायंस के जरिए नई तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदार इस्तेमाल पर भी जोर रहेगा। 23 अक्टूबर का पहला दिन टैलेंट एंड इंडस्ट्री एंगेजमेंट के नाम रहेगा। इसका फोकस विद्यार्थियों और युवा पेशेवरों को सीधे उद्योग जगत से जोड़ने पर होगा। कंपनियों और विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान इंटर्नशिप और प्लेसमेंट से लेकर भविष्य में जरूरी कौशल, तकनीकी मार्गदर्शन और मास्टरक्लास तक आयोजित करने की योजना है। तकनीकी प्रदर्शन के साथ स्टार्टअप को भी मंच मिलेगा। उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच रिसर्च, पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण में सहयोग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इसके पीछे सोच युवाओं को केवल डिग्री देने तक सीमित न रहकर उन्हें उद्योग और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने की है। 24 अक्टूबर इंटरनेशनल डायलॉग का मुख्य समिट दिवस होगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत और स्टार्टअप की भागीदारी की योजना है। इस दौरान पॉलिसी-इंडस्ट्री राउंडटेबल, टेक्नोलॉजी शोकेस, इन्वेस्टमेंट डायलॉग और नॉलेज एक्सचेंज जैसे कार्यक्रम होंगे। विभिन्न कंपनियों और संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन तथा साझा शोध की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। इसका मकसद नीति बनाने वालों और तकनीक विकसित करने वालों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि समिट का एक बड़ा हिस्सा रोजगार और भविष्य के कौशल पर केंद्रित होगा। युवा पेशेवरों और विद्यार्थियों को मेंटर्स तथा उद्योग के विशेषज्ञों से जोड़ने के साथ इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और उद्यमिता नेटवर्क से जोड़ने की योजना है। उद्योग की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम विकसित करने पर भी बातचीत होगी।

सरकारी टंकियों से सोलर केबल गायब करने वाला शातिर गिरोह गिरफ्तार

220 मीटर सोलर केबल,एलटी लाइन का तार और चोरी में इस्तेमाल उपकरण बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रहीमाबाद/लखनऊ। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बनी पानी की टंकियों पर लगे सोलर पैनलों की केबल और एलटी लाइन के बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह का रहीमाबाद पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बड़ी मात्रा में सोलर डीसी केबल, एलटी लाइन का तार, तार काटने के उपकरण और चोरी में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार बीती रात रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान जुगराजगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पीआरवी कर्मियों की सूचना पर रहीमाबाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने तरौना और उमरावल क्षेत्र में जल जीवन मिशन की पानी की टंकियों से सोलर पैनल की केबल और बिजली के तार काटकर चोरी करने की



बात स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर कैथुलिया मोड़ के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई दो प्लास्टिक की बोरियों से केईआई कंपनी की 4 एमएम और 10 एमएम सोलर डीसी केबल करीब 220 मीटर व करीब 10 मीटर एलटी लाइन का विद्युत तार बरामद किया गया। इसके अलावा फोल्डेबल वायर कटर प्लास, मेटल कटर, दो चाकू कटर, रेती समेत अन्य उपकरण भी मिले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि गौतम पुत्र सुरेश गौतम 22 वर्ष, मोहित गौतम पुत्र मुन्ना गौतम 24 वर्ष और 21 वर्षीय मधुमेश उर्फ मोनू गौतम पुत्र जगदीश निवासी ग्राम गोपरामऊ थाना माल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ रहीमाबाद और माल थाने में चोरी समेत अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने एक अन्य व्यक्ति उमेश कुमार पुत्र बच्चालाल निवासी चंदवारा, थाना माल का नाम भी बताया। थाना माल पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस नें तीनों गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में चोरी का तार और केबल बरामद करने के साथ घटना में इस्तेमाल की गई हीरो एचएफ डीलक्स यूपी 32 पीएक्स 3771 मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

हर विस क्षेत्रों में गूंजेगी 25 वर्षों की सेवा यात्रा

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में जनसेवा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने की विशेष पहल की गई है। 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, संघर्ष, सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को रंगमंचीय प्रस्तुतियों के जरिए लोगों के बीच पहुंचाया जाएगा। पूरे देश के साथ, उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न रंगमंचीय एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के सहयोग से इन प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक



ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नुक्कड़ नाटकों से लेकर भव्य रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों को मंच पर जीवंत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र सेवा तक की यात्रा को नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि इन प्रस्तुतियों का आयोजन स्कूल-कॉलेज, सामुदायिक केंद्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा। कलाकार नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी लोगों के बीच पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करेंगे।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों और 'विकसित भारत' के संकल्प को भी जन-जन तक पहुंचाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता पूरे अभियान के दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से जनता के बीच रहेंगे और जनभागीदारी को बढ़ावा देंगे। 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' की प्रस्तुतियों में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन को सेवा, समर्पण और सुशासन की यात्रा के रूप में मंचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रंगमंच की प्रभावशाली अभिव्यक्ति के माध्यम से राष्ट्र सेवा के प्रति उनके संकल्प और सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा को समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास होगा।

चेन स्नेचर, लूट और नकबजनी के अभियुक्तों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान, सत्यापन तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज : अपराध नियंत्रण को लेकर नैनी पुलिस ने कमर कस ली है। प्रभारी निरीक्षक नैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चेन स्नैचर, लूट और नकबजनी के अभियुक्तों के विरुद्ध सघन चेकिंग व सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कार्य पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाएगी। जो भी अपराध करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे उसकी पकड़ कितनी भी मजबूत क्यों न हो।

थाना प्रभारी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति सीधे थाने आकर अपनी फरियाद कहे, किसी भी दलाल के चंगुल में न फंसे।



बताते चलें कि नवांगतुक थाना प्रभारी के आने से पुलिसिंग में काफी तेजी आई है। उनकी सक्रियता से एक ओर अपराधियों में हड़कंप है और पलायन की स्थिति है, तो दूसरी ओर जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त प्रयागराज पीयूष मोर्डिया, डीसीपी यमुनापार विवेक चंद्र और सहायक पुलिस आयुक्त करछना कुंजलता के नेतृत्व में की जा रही है।


समपार फाटक और टीएसएस का भी लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

डीआरएम ने किया निरीक्षण, यात्री सुविधाओं व संरक्षा व्यवस्था परखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने रविवार को बनारसऽप्रयागराज रामबाग रेलखंड पर स्थित कछवा रोड स्टेशन का यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पैनल, रिले रूम, आईपीएस रूम, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म तथा फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार, तकनीकी उपकरणों के समुचित रख-रखाव तथा संरक्षा मानकों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने स्टेशन यार्ड स्थित समपार संख्या-21सी का संरक्षा निरीक्षण किया। समपार



फाटक की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने गेटमैन अमरेश कुमार यादव से संरक्षा संबंधी जानकारी ली और उनके संरक्षा ज्ञान की भी परख की। उन्होंने समपार फाटक पर निर्धारित संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंडल रेल प्रबंधक ने कछवा रोड स्थित टीएसएस (ट्रैक्शन सब-स्टेशन) का भी तकनीकी एवं संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रांसफॉर्मर, सर्किट ब्रेकर, आइसोलेटर, प्रोटेक्शन रिले, कंट्रोल पैनल, बैटरी बैंक और अर्थिंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित रजिस्टरों एवं अभिलेखों की भी जांच की।

श्री जैन ने विद्युत उपकरणों और अर्थिंग व्यवस्था की नियमित जांच, उपकरणों के उचित रख-रखाव तथा सभी तकनीकी अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

अन्तरराज्यीय गिरोह के छह आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अपहरण-फिरौती गिरोह का पर्दाफाश
- फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के कृष्णानगर थाना पुलिस ने रविवार को अपहरण-फिरौती गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अन्तराज्यीय गिरोह में शामिल छह आरोपितों की गिरफ्तारी की हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस अधिकारी बनकर एक युवक का अपहरण करने के बाद परिवार से फिरौती मांगी थी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) मो. मुश्ताक ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरोह में शामिल आरोपितों में बिहार राज्य का रहने वाला अनुराग कुमार, मनीष कुमार, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी अनुराग, लवी कुमार, दीपांशू और आकाश को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस अधिकारी के आईडी कार्ड, दो अवैध तमंचा मय तीन जिन्दा कारतूस, 2.50 लाख नकद और एक वाहन के साथ दो नम्बर प्लेट बरामद हुई हैं।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनके गिरोह में अलग-अलग राज्यों के कई शातिर अपराधी शामिल हैं। ये गिरोह ऐसे लोगों को खोजते हैं, जिनके पास काफी पैसा होता है। उनकी रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया जाता है। इसी कड़ी में लखनऊ के साकेत अपार्टमेंट निवासी सुदर्शन घोष का अपहरण इस गिरोह ने किया था। गिरोह में शामिल लखनऊ का रहने वाले गिरफ्तार आरोपित वादी सुदर्शन का करीबी है। उसने ही गिरोह को उसकी गतिविधियों और उसके पास काफी धन होने की जानकारी दी थी। पूरी जानकारी मिलने पर गिरोह ने योजना बनाकर 12 सितंबर को सुदर्शन को ऑफिस के बाहर निकलने पर फर्जी पुलिस अधिकारी का आईडी कार्ड दिखाते हुए कार में बैठकर अपहरण कर लिया था। इसके बाद आरोपितों ने उसी से उसकी पत्नी को फोन करवाकर फिरौती की रकम मांगी थी। 13 लाख रुपये नकदी तथा सोने चांदी के जेवर फिरौती के रुप में मिलने पर सुदर्शन को शहीद पथ के पास छोड़कर गिरफ्तार आरोपित अलग-अलग राज्यों में चले गये थे। डीसीपी ने बताया कि आरोपितों ने स्वीकार किया है कि घटना में जिन गाड़ियों का हम इस्तेमाल करते है उन पर उन्हीं राज्य या जिले का नम्बर प्लेट लगा देते हैं, जिससे वह पकड़े न जा सके। आरोपित दोबारा किसी बड़ी वारदात करने के इरादे से लखनऊ में डेरा डाले हुए थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस रिकार्ड में आकाश और अनुराग के खिलाफ पहले भी अपराधिक मामले थानों में दर्ज हैं। इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को पुलिस अफसरों ने 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजाजीपुरम ई-ब्लॉक स्थित गौरी शंकर पार्क में 20 सितंबर से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा विभिन्न मंदिरों से होते हुए कथा स्थल गौरी शंकर पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु महिलाएं ह्लराधे-राधेङ्क का जयघोष करती हुई भक्ति और आस्था के वातावरण को और भी आध्यात्मिक बनाती रहीं।

आयोजकों ने बताया कि श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य मनोज कृष्ण जी महाराज द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक संदेशों का वर्णन किया जाएगा। कलश यात्रा एवं प्रथम दिवस के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय सिंह जी, शैलेश बाजपेई 'शीलू' और प्रेम तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

हर विधानसभा क्षेत्र में 30 कार्यक्रमों का होगा आयोजन : विजय मौर्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा,समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'नमो सेवा–अनकही कहानियाँ' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत लखनऊ जिले में विशेष नाट्य मंचनों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन यात्रा को प्रस्तुत किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने बताया कि नाट्य प्रस्तुति में नरेन्द्र मोदी की गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद,अभिनय,संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इसमें सेवा,समर्पण,जनकल्याण,सुशासन,अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।उन्होंने कहा कि 'नमो सेवा–अनकही कहानियाँ' को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है, ताकि सेवा और जनकल्याण से जुड़े संदेश को समाज के विभिन्न वर्गों तक सहज रूप से पहुंचाया जा सके। कुशल कलाकार अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से इन प्रसंगों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे।

विजय मौर्य ने बताया कि इस व्यापक अभियान के अंतर्गत लखनऊ जिले में अनेक नाट्य मंचनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसंवाद स्थापित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित यह अभियान सेवा, सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। कला और नाट्य के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।प्रेस वार्ता के दौरान जिला मीडिया प्रभारी चिंता मणि पांडेय,जिला महामंत्री गौरव सिंह चौहान ,जिला उपाध्यक्ष केके अवस्थी,जिला मंत्री कार्यालय रवि राज लोधी,काकोरी चेयरमैन रोहित शाहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पीजीआई कर्मचारी 5 अक्टूबर से धरने पर बैठेंगे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संजय गांधी पीजीआई कर्मचारी महासंघ ने 20 सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में आंदोलन का ऐलान किया है। महासंघ ने संस्थान प्रशासन को मांगों के निस्तारण के लिए 15 कार्य दिवस का समय दिया है। निर्धारित अवधि में मांगों का समाधान नहीं होने पर कर्मचारी 5 अक्टूबर से प्रशासनिक भवन के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे।

महासंघ के अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महामंत्री सीमा शुक्ला ने निदेशक को पत्र भेजकर आंदोलन की सूचना दी है। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया। महासंघ के अनुसार धरना प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। मांगों का समाधान नहीं होने की स्थिति के लिए महासंघ ने संस्थान प्रशासन को जिम्मेदार बताया है।

महासंघ की प्रमुख मांगों में नियमित गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 63 वर्ष करना शामिल है। इसके अलावा मानकीकरण लागू होने के बाद विभिन्न संवर्गों में पदों और पदोन्नति से जुड़ी विसंगतियों का निराकरण, रिक्त पदों पर पात्र कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक कराकर पदोन्नति तथा 30 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को तृतीय एमएसीपी का लाभ देने की मांग की गई है।

महासंघ ने लेवल-9 और उससे ऊपर के कर्मचारियों को एम्स दिल्ली की तर्ज पर 5300 रुपये प्रतिमाह एचपीसीए देने, नर्सिंग संवर्ग में वरिष्ठ कर्मचारी का वेतन कनिष्ठ कर्मचारी से कम होने की स्थिति में वेतन संरक्षण तथा एम्स की दरों पर ब्रीफकेस भत्ता देने की भी मांग की है।

कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए ओपीडी का समय दोपहर एक से दो बजे के बजाय सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक करने, हिंदी आशुलिपि एवं टंकण कार्य के लिए प्रोत्साहन भत्ता देने, ओटी, एमएसएसओ और फार्मासिस्ट संवर्ग के पदनाम एम्स के अनुरूप करने तथा संस्थान के कर्मचारियों के लिए इमरजेंसी विभाग में बेड की संख्या बढ़ाने की मांग भी शामिल है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

इंडिया फूड एक्सपो–2026 का समापन

'फार्म टू फोर्क' से 'लोकल टू ग्लोबल' तक पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो-2026 का रविवार को समापन हुआ। 18 से 20 सितंबर तक आयोजित एक्सपो के 11वें संस्करण में आठ राज्यों से करीब 20 हजार आगंतुक पहुंचे। लोगों ने विभिन्न स्टॉलों पर उत्पादों और तकनीकों का अवलोकन किया तथा कई उत्पादों के ऑर्डर भी प्लेस किए। एक्सपो का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग एवं एलाइड इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना तथा एमएसएमई को बाजार, तकनीक, निवेश और व्यापार के नए अवसर उपलब्ध कराना था। इस बार 'फार्म टू फोर्क' पूरी फूड वैल्यू चेन को एक मंच पर लाने पर विशेष जोर दिया गया। समापन दिवस पर डॉ. संजय अरोड़ा ने ब्रांडिंग, ब्रांड निर्माण, बाजार में पहचान बनाने की रणनीति और व्यावहारिक चुनौतियों पर जानकारी दी। एफएसएसएआई के प्रतिनिधियों ने फूड सेफ्टी फास्टेक प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन की जानकारी दी, जिसमें करीब 150 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। हीलियम सोलर ने औद्योगिक कार्यों में सोलर पैनल के उपयोग और इंस्टॉलेशन पर प्रस्तुतीकरण दिया। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी.एल. मीणा की मौजूदगी में अधिकारियों ने खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिलने वाली सब्सिडी तथा पर्यटन से जुड़े अवसरों की जानकारी दी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि ओडीओपी और ओडीओसी को केवल स्थानीय पहचान तक सीमित रखने के बजाय प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन, गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय कृषि एवं खाद्य उत्पादों को आधुनिक तकनीक और उद्यमिता के जरिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।

सरकारी योजनाओं का लाभ लेने उमड़े क्षेत्रवासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जानकीपुरम में लगा सेवा सेतु शिविर



लखनऊ। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत रविवार को जानकीपुरम के नहर रोड स्थित स्वागतम लॉन में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में क्षेत्रवासियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन एवं पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

शिविर में हाउस टैक्स, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, उज्ज्वला योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न योजनाओं के स्टाल पर खासी भीड़ रही। लोगों ने स्टॉल पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली और पात्रता के अनुसार आवेदन एवं पंजीकरण कराया। इस दौरान 10 लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के सभापति विवेक सिंह तोमर ने शिविर के आयोजन और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश भर में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का जो रोडमैप बनाया था। उसको साकार करने की दिशा में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

डॉ. बोरा ने क्षेत्रीय पार्षदों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे वरिष्ठ नागरिकों को संपर्क करके आयुष्मान कार्ड बनवाने में उनका सहयोग करें। उन्होंने युवाओं से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से जुड़कर स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।

विधायक ने कहा कि यह शिविर केवल आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा उनके समाधान और योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग कर रहे हैं। शिविर में जानकीपुरम निवासी रीता मिश्रा, प्रीति वर्मा, रेनू वर्मा, मुन्नी देवी, विजेता गौतम, रागिनी तिवारी, आशा मिश्रा एवं रवीना बानो सहित अन्य लाभार्थियों को राशन कार्ड प्राप्त हुआ। लाभार्थियों ने बताया कि राशन कार्ड बनवाने के लिए उन्हें काफी परेशानी हो रही थी। शिविर में आने से उनका राशन कार्ड बन गया। वहीं वोटर कार्ड के लिए दर्जनों लोगों द्वारा आवेदन किया गया।

इसके अलावा हाउस टैक्स से जुड़ी समस्याओं को लेकर भी लोगों ने संबंधित स्टॉल पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्या का निराकरण किया। उद्योग विभाग के स्टॉल पर युवाओं की विशेष भीड़ रही, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर नगर महामंत्री टिंकू सोनकर, पार्षद दिलीप लोधी, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव में बिखरे प्रतिभा के रंग

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए विद्यार्थियों ने दिया एकता, पर्यावरण संरक्षण और देशप्रेम का संदेश



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। होर्नर कॉलेज में शनिवार को कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वार्षिकोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। संगीत, नृत्य, नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजे समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, सृजनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईएमआरटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी संगीता बनर्जी रहीं। वहीं होर्नर कॉलेज की पूर्व छात्रा श्रुति गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. माला मेहरा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर वर्षभर की शैक्षिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक के बाद एक मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मंच पर विविध रंग बिखेरे। 'धर्मनिरपेक्ष रंग' प्रस्तुति के माध्यम से एकता और सद्भाव का संदेश दिया गया। वहीं 'अंतरात्मा का फैसला' नाट्य प्रस्तुति ने सामाजिक सरोकारों को सामने रखते हुए दर्शकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। 'नृत्य की गति', 'बेतबाज़ी' और 'रोबोटिक रहस्योद्घाटन' जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित 'वन की कहानी' और 'वनों की कटाई से वनीकरण तक' प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। संगीतमय प्रस्तुति 'प्रतिभा की धुन-होर्नर बैंड' ने भी खूब तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों की सधी हुई प्रस्तुति और सामूहिक तालमेल ने दर्शकों को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि संगीता बनर्जी ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शानदार कार्यक्रम के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन 'भारत-गौरव की एक रंगीन बुनावट' नामक भव्य प्रस्तुति के साथ हुआ। इसमें देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और गौरव को आकर्षक ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने वार्षिकोत्सव को प्रतिभा, सृजनात्मकता, संदेश और उत्साह से भरपूर यादगार आयोजन बना दिया।

घर में अकेली महिला से मारपीट, बाल पकड़कर घसीटा, कार में बैठाकर ले जाने का आरोप

चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र के आनंद लोक कॉलोनी, सेमरा निवासी दीपां मौर्या ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, बाल पकड़कर घसीटने और जबरन कार में बैठाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार जब वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान पिंकी श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव और एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर पहुंचे। कुछ देर बाद अमन को भी बुलाया गया। आरोप है कि इसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि आरोपितों ने उसे बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और हाथ-पैर से मारपीट की। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। आरोप है कि इसके बाद आरोपित गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। महिला के पति सुनील मौर्या के मौके पर पहुंचने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद पीड़िता ने चिनहट थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 19 सितंबर 2026 को मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

घर में घुसकर युवक से मारपीट का आरोप, बंदूक दिखाकर दी गोली मारने की धमकी

चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र के मटियारी चौकी क्षेत्र में एक सेल्स एग्जीक्यूटिव ने करीब एक दर्जन युवकों पर कमरे में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और बंदूक दिखाकर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कुड़नाई, बुडुर्गी निवासी सुधाकर पाण्डेय के मुताबिक वह रेड बिल्डिंग स्थित एक रेजीडेंसी के कमरा नंबर-05 में रहकर एक निजी कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि 17 सितंबर 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने कमरे में खाना खा रहे थे। इसी दौरान करीब 10 बजे अचानक कुछ युवक कमरे में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए शोर-शराबा करने लगे। पीड़ित के अनुसार, जब उसने युवकों को कमरे से बाहर जाने के लिए कहा तो प्रभव नामक युवक ने उसके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसके बाद उसके कुछ अन्य साथी भी वहां आ गए। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि वह दो युवकों आदित्य उपाध्याय और आदित्य चतुर्वेदी को पहचानता है, जबकि करीब 12 अन्य युवक अज्ञात थे। आरोप है कि इसी दौरान प्रभव अपने कमरे से बंदूक लेकर आया और उसे सिर के ऊपर रखकर गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे शरीर पर चोटें आईं। जाते समय आरोपितों ने पुलिस को बुलाने पर अगली बार गोली मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

24 सितंबर को होगा 'गोल्डन गाला अवार्ड 2026', टीवी अभिनेत्री सारा खान होंगी खास मेहमान



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नव अंशिका फाउंडेशन के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर सीजन-3 'गोल्डन गाला अवार्ड 2026' का आयोजन 24 सितंबर को गोमती नगर के विराज खंड स्थित होटल में होगा। समारोह में लोकप्रिय टीवी धारावाहिक 'सपना बाबुल का... बिदाई' की अभिनेत्री सारा खान विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को गोल्डन गाला अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को आयोजित पोस्टर रिलीज समारोह में फाउंडेशन की निदेशिका नीशू त्यागी ने दी। पोस्टर रिलीज के दौरान पायल सिंह, पूनम पाण्डेय, नीतिश कुमार राज, नीरज कुमार यादव, नीरा लोहानी, सीमा भट्ट, कमलेश कुमार पाठक मौजूद रहे।

लखनऊ नगर निगम के डंपर ने मजदूर को रौंदा, मौत

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नगर निगम के डंपर वाहन ने पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर को शनिवार टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीजीआई पुलिस के मुताबिक, रोजाना की तरह कुछ मजदूर तेलीबाग चौराहे पर मजदूरी के लिए खड़े थे। इस दौरान लखनऊ नगर निगम के डंपर (यूपी 35 टी 2143) ने एक मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है। मृतक के दाहिने हाथ पर ह्लविमलेशङ्क नाम गुदा हुआ है। मृतक की पहचान के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी की जा रही है। घटना के बाद मामला दर्ज कर फरार डंपर चालक तलाश की जा रही है।

उप्र में पैक्ड खाद्य पदार्थों पर अब वास्तविक विनिर्माण तिथि अंकित करना अनिवार्य

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को सही एवं पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने पैक्ड खाद्य उत्पादों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक, अब उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत पैक किए जाने वाले खाद्य उत्पादों के पैकेज पर वास्तविक विनिर्माण तिथि अंकित किया जाना अनिवार्य होगा। पैकिंग की तिथि को विनिर्माण तिथि के स्थान पर अंकित नहीं किया जा सकेगा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लिया गया यह निर्णय खाद्य विनिर्माण इकाइयों के हाल में किए गए विशेष निरीक्षणों के दौरान सामने आए तथ्यों के बाद लिया गया है। निरीक्षणों में पाया गया कि कुछ विनिर्माताओं द्वारा खाद्य पदार्थ का उत्पादन करने के बाद उसे लंबे समय तक भण्डारित किया जा रहा था। इसके बाद जब उसी खाद्य पदार्थ को छोटे पैकेटों में पैक किया जाता है तो पैकेट पर वास्तविक उत्पादन तिथि अंकित करने के स्थान पर जिस दिन उसकी पैकिंग की जाती है, वही तिथि अंकित कर दी जाती है। इसी प्रकार कुछ मामलों में रीलेबलर और रीपैकर द्वारा भी केवल पैकिंग तिथि अंकित की जा रही थी। ऐसी स्थिति में उपभोक्ता को यह जानकारी नहीं मिल पाती कि संबंधित खाद्य पदार्थ वास्तव में कब निर्मित या प्रसंस्कृत हुआ था। इससे उत्पाद के वास्तविक भण्डारण काल और उसकी गुणवत्ता के संबंध में उपभोक्ता के सामने भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में निहित उपभोक्ता हित, जन स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की है। इसका उद्देश्य खाद्य उत्पादों की ट्रेसबिलिटी, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा उपभोक्ताओं को उत्पाद के वास्तविक निर्माण की जानकारी उपलब्ध कराना है। निर्देश के अनुसार अब खाद्य कारोबारियों को पैकेज पर खाद्य पदार्थ की वास्तविक विनिर्माण तिथि स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी।

ब्रेन साइंस की तकनीक से बच्चों की यादाश्त को बढ़ा रहा आई सी यम टी संस्थान, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

कस्बे के बनवारी शरण ज्ञानस्थली पर संपन्न हुआ काउंसलिंग का कार्यक्रम

संस्थान पर असहाय बच्चों के लिए हमेशा निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण बलराम कृष्ण पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । आज आई सी यम टी संस्थान द्वारा कस्बे के बनवारी शरण ज्ञानस्थली में आज ब्रेन साइंस का एक काउंसलिंग का कार्यक्रम किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ सीखने और उसको याद रखने की वैज्ञानिक तकनीक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । साथ साथ बच्चों को वैदिक गणित ,अबेकस, साइबर सिक्योरिटी ,सहित कई विषयों का बताया गया । संस्थान के निदेशक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि ब्रेन साइंस बच्चों की पढ़ाई का बोझ समाप्त कर रहा है और कहा कि शिक्षा के चार प्रमुख पहलू है पढ़ना ,समझना,लिखना ,याद रखना और अंतिम पहलू पर सबसे कम काम होता है इसी को दूर करने के हमारा संस्थान ब्रेन साइंस आधारित प्रशिक्षण दे रहा है। कस्बे के डी जे कॉलेज ,स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज आदि में संस्थान द्वारा बूट कैंप का आयोजन किया गया है । शत प्रतिशत परिणाम पर सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्राओं में दिव्य पाण्डेय , अभिजीत मिश्र आदि काफी बच्चों को शत प्रतिशत परिणाम के लिए विशेष रूप से सभी को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर वाई डी डी एस कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर बलराम कृष्ण पाण्डेय ने विद्यार्थियों की मेहनत ,अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । साथ साथ ये भी बताया कि असहाय बच्चों को हमेशा हमारे संस्थान पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। आई सी यम टी के संस्थापक आशुतोष शुक्ला ने कहा वर्तमान समय में अबेकस,वैदिक गणित,ब्रेन साइंस,और कंप्यूटर शिक्षा पर विशेष कार्य कर रहा है वैदिक गणित से जटिल प्रश्नों को सरल तरीके से हल करना सिखाया जाता है जबकि अवेकस बच्चों की गणना क्षमता बढ़ाता हैं ब्रेन साइंस के माध्यम से विद्यार्थियों की यादाश्त बढ़ाने और तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करने की तकनीकें सिखाई जाती हैं हमारे संस्थान का उद्देश्य पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि आनंद दायक बनाना है।इस अवसर पर वाई डी डी एस कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के प्रशासक दिलीप वर्मा,अंशू यादव ,अमन , प्रियांशू,परियांशी सहित सभी उपस्थित रहे।

युवा साथी टीम संगठन ने दिया बसपा प्रत्याशी अभिलाषा वर्मा को समर्थन

मडारी में युवा साथी टीम का कैडर कैंप, हक-अधिकारों को लेकर किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रिख। ग्राम मडारी में युवा साथी टीम की ओर से एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दलित, पिछड़े एवं शोषित वर्ग के लोगों को उनके हक और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने सामाजिक बराबरी और अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

कैंप के दौरान मिश्रिख विधानसभा से बसपा प्रत्याशी अभिलाषा वर्मा के समर्थन में मतदान की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को लेकर ग्रामीणों से संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि सदस्य सुदर्शन लाल भारती ने मतदाताओं से चुनाव के दौरान सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नीला झंडा लेकर वोट मांगने वालों की पहचान चुनाव चिह्न से जरूर करें। उन्होंने कहा कि झंडे पर हाथी का चुनाव चिह्न होने की पुष्टि के बाद ही पार्टी की पहचान करें और भ्रम फैलाने वालों से सावधान रहें। बसपा प्रत्याशी अभिलाषा वर्मा ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

इस मौके पर एमएल आर्या, बीपी हंस, सुमेंद्र गौतम, प्रदीप कुमार गुप्ता, सुदर्शन लाल भारती, रामनरेश (पिंकू पाल), कमलेश भारती, शैलेंद्र भारती, कालीचरण, विनय कुमार, विनोद कुमार, महेश प्रसाद, संजय पाल, संजय गौतम समेत बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन किसानों को स्वावलंबन और स्थानीय उद्यम से जुड़ने का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर में आज उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि आधारित उद्यम, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग, स्वरोजगार तथा स्वावलंबन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 60 पुरुष एवं 20 महिला किसान शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री कश्मीरी लाल, अखिल भारतीय संगठक, स्वदेशी जागरण मंच एवं वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वावलंबी भारत की दिशा में स्थानीय उत्पादन और स्थानीय उद्यमिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांवों की आर्थिक मजबूती के लिए स्थानीय स्तर पर उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की व्यवस्था विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने किसानों एवं युवाओं से अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नए उद्यम प्रारंभ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी, सीतापुर के निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री अचिन मेहरोत्रा रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और आय बढ़ाने के लिए किसानों को कृषि के साथ-साथ कृषि आधारित छोटे उद्यमों को भी अपनाना चाहिए। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके गांवों में ही रोजगार के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. दयाशंकर श्रीवास्तव, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर ने की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों को नई तकनीक, प्रशिक्षण एवं उद्यमिता से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। किसान उत्पादन के साथ प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। श्री हर्षवर्धन सिंह, प्रांत समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान ने कहा कि ग्रामीण युवाओं एवं किसानों को रोजगार खोजने के साथ रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण है। श्री अमृतेश, विभाग प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय बाजार को मजबूत करने तथा छोटे उद्यमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। श्री राजीव श्रीवास्तव, प्रांत पूर्णकालिक, स्वदेशी जागरण मंच ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और कौशल को उद्यम के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डा. रीमा, गृह वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया ने ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं गृह आधारित उद्यमों की संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं अन्य घरेलू उद्यमों के माध्यम से महिलाओं की आय बढ़ाने के विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डा. योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रक्षेत्र प्रबंधक, कृषि विज्ञान केन्द्र, सीतापुर ने किया। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों को खेती के साथ उद्यमिता से जोड़ने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में अपनाने तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने का आग्रह किया।

किसान केवल उत्पादक नहीं, उद्यमी भी बनें : कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन

कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित, किसानों को स्वावलंबन एवं स्थानीय उद्यम अपनाने का संदेश

सीतापुर जेल का दूसरा शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद क्षेत्र के उत्कृष्ट श्रेणी में गिना जाना वाला विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज के छात्र, छात्राओं का कॉलेज के प्रबंधक श्री आमिर रिजवी साहब एवं सह प्रबंधक लुबना रिजवी मेम के निर्देशानुसार कॉलेज के प्रशासक,राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अशोक प्रजापति की देख रेख में 90 छात्र,छात्राओं ने रविवार 20 सितंबर को जेल का दूसरा शैक्षणिक भ्रमण किया।बच्चों ने जेल में प्रवेश करते ही खुश हो गए,खुश होकर जेल की व्यवस्था परखी जिसमें जेल की साज़ सज्जा,कैदियों की पाकशाला,चिकित्सालय,शिक्षालय,पुस्तकालय,गौशाला,कृषि कार्य,फांसी घर,महिला बंदी गृह आदि का अवलोकन किया सभी व्यवस्थाएं उत्तम कोटि की देखकर बहुत हर्षित हुए।बच्चों को अंदर बंद कैदियों की जीवन शैली और बाहर स्वतंत्र रूप से रहने वाले व्यक्तियों में कोई खास अंतर नज़र नहीं आया।बंदी गृह में बंद कैदियों के साथ जेल के अधिकारियों द्वारा अच्छा व्यवहार करते पाया गया। बच्चों ने जेल अधीक्षक प्रीति यादव में तथा जेलर आर, के वर्मा जी से बहुत सारे व्यवस्था से जुड़े एवं जेल संबंधी नियमों के बहुत सारे प्रश्न पूँछ कर जानकारी हासिल की जिसे अपनी अपनी नोटबुक में अंकित भी किया।कैदियों से भी रूबरू होकर जेल व्यवस्था पर तमाम प्रश्न करके छात्र बहुत संतुष्ट हुए।जेल भ्रमण पर गए सभी छात्रों को जेल की ओर से स्वादिष्ट जलपान कराकर विदा किया।जेल भ्रमण के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य ए, के अवस्थी,उप प्रधानाचार्य के बी श्रीवास्तव ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस कॉलेज के छात्र,छात्राओं प्रति वर्ष शैक्षिक भ्रमण जैसे नैमिषधाम,लखनऊ का साइंस सिटी ,बड़ा इमाम बड़ा, भूलभुलैया, आंबेडकर पार्क, जनेश्वर पार्क,चिड़िया घर, विश्वविद्यालय, एवं अच्छे शैक्षणिक संस्थानों का अनवरत भ्रमण कराया जाता है जो बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होता है।आज के शैक्षणिक भ्रमण में कॉलेज के निम्न शिक्षकों में ।

सीतापुर जेल का दूसरा शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । क्षेत्र के उत्कृष्ट श्रेणी में गिना जाना वाला विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज के छात्र, छात्राओं का कॉलेज के प्रबंधक श्री आमिर रिजवी साहब एवं सह प्रबंधक लुबना रिजवी मेम के निर्देशानुसार कॉलेज के प्रशासक,राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अशोक प्रजापति की देख रेख में 90 छात्र,छात्राओं ने रविवार 20 सितंबर को जेल का दूसरा शैक्षणिक भ्रमण किया।बच्चों ने जेल में प्रवेश करते ही खुश हो गए,खुश होकर जेल की व्यवस्था परखी जिसमें जेल की साज़ सज्जा,कैदियों की पाकशाला,चिकित्सालय,शिक्षालय,पुस्तकालय,गौशाला,कृषि कार्य,फांसी घर,महिला बंदी गृह आदि का अवलोकन किया सभी व्यवस्थाएं उत्तम कोटि की देखकर बहुत हर्षित हुए।बच्चों को अंदर बंद कैदियों की जीवन शैली और बाहर स्वतंत्र रूप से रहने वाले व्यक्तियों में कोई खास अंतर नज़र नहीं आया।बंदी गृह में बंद कैदियों के साथ जेल के अधिकारियों द्वारा अच्छा व्यवहार करते पाया गया। बच्चों ने जेल अधीक्षक प्रीति यादव में तथा जेलर आर, के वर्मा जी से बहुत सारे व्यवस्था से जुड़े एवं जेल संबंधी नियमों के बहुत सारे प्रश्न पूँछ कर जानकारी हासिल की जिसे अपनी अपनी नोटबुक में अंकित भी किया।कैदियों से भी रूबरू होकर जेल व्यवस्था पर तमाम प्रश्न करके छात्र बहुत संतुष्ट हुए।जेल भ्रमण पर गए सभी छात्रों को जेल की ओर से स्वादिष्ट जलपान कराकर विदा किया।जेल भ्रमण के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य ए, के अवस्थी,उप प्रधानाचार्य के बी श्रीवास्तव ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस कॉलेज के छात्र,छात्राओं प्रति वर्ष शैक्षिक भ्रमण जैसे नैमिषधाम,लखनऊ का साइंस सिटी ,बड़ा इमाम बड़ा, भूलभुलैया, आंबेडकर पार्क, जनेश्वर पार्क, चिड़िया घर, विश्वविद्यालय, एवं अच्छे शैक्षणिक संस्थानों का अनवरत भ्रमण कराया जाता है जो बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होता है।

राहुल राठौर बने भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के युवा जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने संगठन को जिले में और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए राहुल राठौर को लखीमपुर-खीरी का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। राहुल राठौर की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कमलेश यादव, लखनऊ मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी एवं लखीमपुर-खीरी जिला अध्यक्ष दलजीत सिंह के नेतृत्व में की गई।

राहुल राठौर को युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई।

नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष राहुल राठौर ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों और आमजन से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज बुलंद करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं एवं किसान-मजदूर साथियों को संगठन से जोड़कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। किसानों के अधिकार, फसलों का उचित मूल्य, समय पर गन्ना भुगतान, खाद-बीज, बिजली, सिंचाई तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि राहुल राठौर के नेतृत्व में युवा टीम नई ऊर्जा के साथ किसानों और मजदूरों की आवाज को मजबूती देगी तथा भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति का जनाधार लखीमपुर-खीरी में और मजबूत होगा।

रामपुर मथुरा में अखंड हिंदू वाहिनी की प्रथम संगठनात्मक बैठक

रामपुर मथुरा, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद सीतापुर के विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र में अखंड हिंदू वाहिनी की प्रथम संगठनात्मक बैठक का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष हरिशंकर तिवारी के आवास पर किया गया। संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रुद्र त्रिपाठी वीरू भईया जी के संरक्षण में बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, आपसी समन्वय तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और संगठन के विस्तार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और निरंतर सक्रियता आवश्यक है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरिशंकर तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता जगदम्बा तिवारी, प्रदेश सचिव बृजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष विशाल अवस्थी, छात्र संघ जिला अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अनुज कुमार दीक्षित जिला प्रवक्ता राकेश मिश्रा, जिला सचिव पवन बाजपेई, तहसील मंत्री सुधांशु तिवारी, जिला मंत्री आजाद मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष सुनील दत्त, ब्लॉक अध्यक्ष अमरजीत मौर्या, राज हर्षवंशी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। बैठक के अंत में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने पर जोर दिया।

गणेश चतुर्थी महोत्सव समापन की पूर्व संध्या पर लेखन प्रतियोगिता, नन्हे-मुन्नों बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रेउसा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में विगत कई दिनों से चल रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव समापन दिवस की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस लेखन प्रतियोगिता में कक्षा एक से लेकर आठ तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जहां एक तरफ इस लेखन प्रतियोगिता के संयोजक रिंकू सोनी, शोभित तिवारी, पवन रस्तोगी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार गुड्डू बाजपेई,अनिल तिवारी, आशीष रस्तोगी,प्रेम बाजपेयी,लोकेश मिश्रा के स्वागत एवं सम्मान समारोह के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे। लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और लेखन कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक कक्षा के प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया वही अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। महोत्सव के अंतिम दिवस पर मंदिर परिसर में भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। कार्यक्रम अध्यक्ष धर्मेंद्र पोरवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम को सफ़ल बनाने हेतु क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महोत्सव समिति के सोनू शुक्ला धर्मेंद्र पोरवाल सहित सभी पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

बारिश में गरीब का मकान ढहा, परिवार बेघर

संग्रामपुर/अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार बारिश के चलते मिश्रौली बड़गांव गांव निवासी बनवारी लाल मौर्य का जर्जर मकान गिर गया। करीब 15 दिन पहले उनके मकान का कच्चा हिस्सा ढह गया था, जबकि अब बारिश के कारण पक्का हिस्सा भी गिरने से परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। बनवारी लाल ने बताया कि उनका करीब 40 वर्ष पुराना मकान काफी जर्जर हो चुका था। कच्चा हिस्सा गिरने के बाद उन्होंने राशन और घरेलू सामान सुरक्षित स्थान पर रख दिया था, लेकिन लगातार बारिश में पक्का हिस्सा भी ढह गया। परिवार ने सुरक्षा के मद्देनजर जरूरी सामान घर से बाहर निकाल लिया है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और रहने की व्यवस्था कराने की मांग की है। एसडीएम पंकज मिश्र ने बताया कि राजस्व टीम से मौके का निरीक्षण कराकर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी।

प्राथमिक विद्यालय पतवारा में मनाया गया नव भारत साक्षरता दिवस कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। आपको बताते चलें कि प्राथमिक विद्यालयों में ''उल्लासः नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता दिवस और साक्षरता सप्ताह बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर लोगों को बुनियादी शिक्षा और जीवन कौशल प्रदान करना है।प्राथमिक स्कूलों में आयोजित होने वाले साक्षरता दिवस कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा प्रधानाध्यक्ष के द्वारा की जाती है। प्रधानाचार्य अख़्तर अली मास्टर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होता है। (ग्थ्द्धद्दद्धफ्द्म) जनभागीदारी बढ़ाना समाज के प्रत्येक नागरिक में कर्तव्यबोध की भावना पैदा करना।असाक्षरों की पहचान गांव या वार्ड के निरक्षर व्यक्तियों (15+ आयु वर्ग) को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना।मुख्य कौशलः केवल पढ़ना-लिखना ही नहीं, बल्कि वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता और आवश्यक जीवन कौशल सिखाना वही प्रधानाचार्य अख़्तर अली मास्टर ने एक शिक्षा से जुड़ा स्लोगन भी कहा ''रोटी, कपड़ा और मकान, पर शिक्षा से बनेगा हमारा देश महान।''''पढ़ी-लिखी जब होगी माता, घर की बदलेगी भाग्य विधाता।''''उम्र की कोई सीमा नहीं होती, शिक्षा की कोई ढलती शाम नहीं होती।'' इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय में उपस्थित रामकिशोर शुक्ला शिक्षा मित्र सहायक अध्यापिका सीमा नाग व अन्य शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे ।

टूटते रिश्तों को फिर मिला सहारे का हाथ 11 दंपतियों की हंसी-खुशी हुई विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। पारिवारिक विवादों के बीच रिश्तों को बचाने और परिवारों को फिर से साथ लाने की दिशा में महिला थाना परिवार परामर्श केंद्र ने सराहनीय पहल की। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र पर पारिवारिक विवादों से जुड़े 22 मामलों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया। प्रयास के बाद 11 पति-पत्नी के जोड़ों की सहमति से विदाई कराई गई।

महिला थानाध्यक्ष बबिता पटेल के नेतृत्व में काउंसलर नीति गुप्ता, कुसुम गुप्ता और कय्यूम जरवानी ने दोनों पक्षों की बात सुनते हुए आपसी मतभेद दूर कराने का प्रयास किया। मामलों में दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा साझी गृहस्थी में रहने को लेकर उत्पन्न विवाद शामिल रहे। परामर्श के दौरान 11 मामलों में पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति बनने के बाद दोनों को साथ रहने के लिए विदा किया गया। वहीं 8 मामलों में पति-पत्नी के बीच अत्यधिक मनमुटाव पाए जाने पर पक्षकारों को आपसी विचार-विमर्श के लिए समय दिया गया। इसके अतिरिक्त 3 मामलों में सुलह का प्रयास सफल नहीं हो सका, जिसके बाद मामलों को नियमानुसार आगे की प्रक्रिया के लिए रखा गया। परिवार परामर्श के दौरान संबंधित पक्षकारों के परिवारीजन भी मौजूद रहे।

महिला थाना परिवार परामर्श केंद्र में 22 पारिवारिक विवादों पर हुई सुनवाई, समझौते से लौटी 11 परिवारों में खुशियां-8 मामलों में दिया गया विचार का समय

महिला थाना की उपनिरीक्षक दिनेश मणि पाण्डेय तथा महिला आरक्षी सुमन लता और रेखा गौड़ ने भी परामर्श प्रक्रिया में सहयोग किया। परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल का उद्देश्य विवादों को आपसी संवाद और समझौते के माध्यम से सुलझाकर परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास करना रहा। 11 दंपतियों के साथ लौटने से उनके परिवारों में एक बार फिर साथ रहने और रिश्ते संभालने की उम्मीद जगी।

शहर से गांव तक पहुंचेगी मोदी के 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन की कहानी : राजीव कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा से देश सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'नमो सेवा-अनकही कहानियाँ' पर आयोजित प्रेस वार्ता को जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने वार्ता की। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि 'नमो सेवा-अनकही कहानियाँ' के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने से लेकर वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने और उसके बाद देश की सेवा तक की यात्रा के विभिन्न प्रसंग नाट्य रूपांतरण के माध्यम से दर्शकों के सामने रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्तुति में सेवा, सुशासन, अंत्योदय, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को प्रमुखता दी जाएगी। प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचाए गए कार्यों को भी नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सहज और प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा बदायूँ की छहों विधानसभाओं में लगभग 11-11 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस प्रकार लगभग 66 स्थानों पर नाट्य मंचन होगा। इन कार्यक्रमों को शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से जुड़े प्रसंगों को सीधे देख सकें। उन्होंने कहा कार्यक्रम की खासियत यह है, कि प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक जीवन यात्रा को केवल भाषणों के माध्यम से नहीं, बल्कि कहानी, संवाद, अभिनय, संगीत और रंगमंच के जरिए प्रस्तुत किया जाएगा। यह स्वरूप युवाओं और नई पीढ़ी को भी सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रसंगों से परिचित कराने का माध्यम बनेगा। उन्होंने आगर कहा 'नमो सेवा-अनकही कहानियाँ' केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि कला के माध्यम से जनसंवाद की पहल है। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा और जनकल्याण से जुड़े प्रसंगों को सरल एवं प्रभावी रूप में समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बदायूँ में आयोजित होने वाले लगभग 66 कार्यक्रमों को व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ सेवा, सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण के संदेश को भी व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उदयवीर दिवाकर, जिला कोषाध्यक्ष अनुभव उपाध्याय, जिला सह-कार्यालय मंत्री जितेंद्र साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

नेकपुर में 18.67 लाख के सड़क-नाली निर्माण का चेयरमैन फात्मा रजा ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। नगर पालिका की ओर से शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने वार्ड नंबर तीन के मोहल्ला नेकपुर में करीब 18 लाख 67 हजार रुपये की लागत से कराए गए दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का फीता काटकर उद्घाटन किया। निर्माण कार्य पूरा होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन के साथ जल निकासी की सुविधा मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका के अनुसार नेकपुर में सोना लेडीज से ढाक वाली ज्यारत तक सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कराया गया है। इस कार्य पर करीब 9 लाख चार हजार रुपये की लागत आई है। वहीं इसी वार्ड में नेत्रपाल सिंह यादव के मकान से डॉ. मंगू सिंह यादव के मकान होते हुए संजीव शर्मा की दुकान तक सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कराया गया है। इस कार्य पर करीब 9 लाख 67 हजार रुपये खर्च हुए हैं। दोनों कार्यों की कुल लागत करीब 18 लाख 67 हजार रुपये है। उद्घाटन के दौरान पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में लोगों की जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है। सड़क, नाली, जल निकासी, सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ नाली निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। जिन क्षेत्रों में सड़क और जल निकासी की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर कार्य कराए जा रहे हैं। फात्मा रजा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जाए और निर्धारित मानकों के अनुसार ही कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि खराब रास्ते और जलभराव के कारण लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर बारिश के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाता था। सीसी सड़क और नाली बनने से अब बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और वाहन चालकों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। क्षेत्रवासियों ने निर्माण कार्य के लिए पालिकाध्यक्ष का आभार जताया। पालिकाध्यक्ष ने नागरिकों से नालियों में कूड़ा-कचरा न डालने की अपील करते हुए कहा कि सफाई और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में नगर पालिका के साथ नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहर के अन्य वार्डों में भी आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों का सिलसिला आगे जारी रहेगा। इस मौके सभासद भूदेवी चंदेल, मुकेश साहू, रवि, नवैद, श्याम पाल, मनोज चंदेल, राजवीर यादव, नेत्रपाल यादव, वृजपाल यादव, संजीव यादव, आयुषमान यादव, हलकार यादव, अकरम, जेपी यादव, वीरेश पाल, रविन्द्र, पप्पू यादव, राम प्रकाश, लाइक सिंह, मुन्ना लाल, अनेक पाल, कृपाल सिंह, राजेन्द्र समेत कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सक्सेना, लिपिक नवैद इकबाल गनी आदि मौजूद थे।

दो बसों के बीच फंसा साइकिल सवार, चालक की लापरवाही से खतरे में पड़ी जान

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोडवेज बस अड्डे पर रविवार सुबह एक बस चालक की लापरवाही से साइकिल सवार प्रमोद दो बसों के बीच फंस गए। रगड़ लगने से प्रमोद चीख पड़े। उन्हें फंसा देख लोगों ने शोर मचाया। इस पर चालक ने बस रोकी, तब उनकी जान बची। रोडवेज बस अड्डे पर रविवार सुबह एक बस चालक की लापरवाही से करीब 50 वर्षीय साइकिल सवार प्रमोद की जान खतरे में पड़ गई। चालक ने खड़ी बस के पास से अपनी बस निकाली, जिससे प्रमोद दोनों बसों के बीच में फंस गए। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाकर चालक को रोका, जिससे प्रमोद की जान बच सकी। चालक ने खड़ी बस के पास से अपनी बस निकाली। इस दौरान वहां से गुजर रहे साइकिल सवार प्रमोद दोनों बसों के बीच में फंस गए। रगड़ लगने से प्रमोद चीख पड़े। उन्हें फंसा देख वहां मौजूद अन्य लोगों ने शोर मचा दिया। हल्ला मचने पर चालक ने बस रोकी और बस को पीछे किया। इसके बाद प्रमोद को बाहर निकाला गया। हादसे में प्रमोद की साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। शहर के मथुरिया चौराहा निवासी प्रमोद दुकानों पर थैली बेचने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह साइकिल से गुजर रहे थे, तभी अचानक चालक ने बस चला दी, जिससे वह फंस गए। घटना के बाद प्रमोद बुरी तरह सहम गए।यदि लोग शोर मचाकर चालक को नहीं रोकते तो प्रमोद बसों के बीच में बुरी तरह से फंस जाते। लोगों के हल्ला मचाने पर ही चालक ने बस रोकी। इसके बाद बस को पीछे कर प्रमोद को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस घटना ने बस चालक की घोर लापरवाही को उजागर किया है। घटना के बाद प्रमोद बुरी तरह सहम गए थे। आसपास के दुकानदारों ने उन्हें संभाला, पानी पिलाया और साइकिल सही कराने के लिए रुपये एकत्र कर दिए। इसके बाद प्रमोद अपनी साइकिल सही कराने चले गए। रोडवेज चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली, लेकिन प्रमोद द्वारा कार्रवाई न कराने के कारण चालक से पूछताछ नहीं की गई।

सर्वोच्च प्राथमिकता पर करें शिकायतों का निस्तारण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील दातागंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अवनीश राय एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शनिवार को तहसील दातागंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान कराया जाता है। डी0एम0 ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण किया जाए और अधिकारी अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 50, पूर्ति विभाग की 03, विद्युत की 07, पुलिस की 02 एवं विकास विभाग की 03 सहित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती पत्रों में भूमि की पैमाइश कराने, चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने आदि की शिकायते प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से सम्बंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ गामिनी सिंगला व अन्य जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय कसारा में चोरी, गैस सिलेंडर व बर्तन ले गए चोर

संग्रामपुर/अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के कसारा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय के ताले खुले देखे तो इसकी सूचना विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र राजेश विश्वकर्मा को दी। सूचना मिलने पर राजेश विश्वकर्मा विद्यालय पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने बताया कि चोर विद्यालय से दो गैस सिलेंडर, दो गैस चूल्हे तथा बोरी में रखे नए बर्तन उठा ले गए। चोरी गए सामान का आकलन किया जा रहा है। मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को भी दे दी गई है।

पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और चोरों की पहचान कर जल्द खुलासे का प्रयास किया जा रहा है।


अपहरण व दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रोजा पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने एवं दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 31 जुलाई को एक महिला ने थाना रोजा पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि 27 जुलाई को थाना रोजा क्षेत्र की आईटीआई कालोनी का रहने वाला अतुल पुत्र सर्वेश उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर शादी करने के उद्देश्य से भगा ले गया। जिसकी शिकायत उसने आरोपी के परिजनों से की। जिस पर आरोपी के परिजनों ने उसके साथ जातिसूचक गाली-गलौज की और उसे और उसके परिवार को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अतुल आदि पर किशोरी का अपहरण, मारपीट और एससी-एटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। 27 अगस्त को पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद किया और उसके बयानों के आधार पर अभियोग में धारा दुष्कर्म आदि की धाराओं में वृद्धि की। आज रोजा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम बल्लिया के पास पैतापुर रोड से उक्त मंकदमें के वांछित अभियुक्त अतुल पुत्र सर्वेश को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त अतुल के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र के साथ उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आशाराम आदि मौजूद रहे।

अमेठी से साइकिल पर वैष्णो देवी धाम के लिए निकले हरिराम कोरी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आस्था और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अमेठी विधानसभा क्षेत्र के हरिराम कोरी माता वैष्णो देवी धाम के दर्शन के लिए साइकिल यात्रा पर रवाना हुए। रविवार को विधायक महाराजी प्रजापति ने उन्हें शुभकामनाएं देकर यात्रा के लिए विदा किया। इस अवसर पर विधायक महाराजी प्रजापति ने कहा कि यह यात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का साधन नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, आस्था और विश्वास की प्रतीक है। उन्होंने हरिराम कोरी की सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना करते हुए माता रानी से उनके उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय यात्रा का आशीर्वाद मांगा। हरिराम कोरी अमेठी से साइकिल के माध्यम से जम्मू स्थित माता वैष्णो देवी धाम तक की यात्रा करेंगे। यात्रा के शुभारंभ के दौरान मौजूद लोगों ने माता रानी के जयकारे लगाए और उनकी सफलता की कामना की। विधायक ने कहा कि ऐसी धार्मिक यात्राएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद हरिराम कोरी पर सदैव बना रहेगा।

जन्म महोत्सव के अवसर पर ग्राम जगत में यात्रा में सम्मिलित हुए जे.के सक्सेना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भाजपा के वरिष्ठ नेता जेके सक्सेना शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगत में श्री राधा रानी जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य श्री राधा रानी नगर यात्रा में सम्मिलित होकर श्री राधा रानी जी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति का वातावरण देखने को मिला। सभी ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ यात्रा में सहभागिता की। कार्यक्रम में बीना देवी, रामेश्वर दयाल शर्मा, राकेश कुमार सारस्वत, रीनू सारस्वत, श्रीकांत सारस्वत, अरविंद राजपूत, महेंद्र प्रजापति, पप्पू राठौर, केदार पाल, सूरजपाल राठौर, कुमार सिंह सिसोदिया एवं ठाकुर अमन प्रताप सिंह सहित अनेक श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी को श्री राधा रानी जन्म महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं तथा क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

21 मोबाइल और बैटरी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, पांच लाख का माल बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर/अमेठी। थाना संग्रामपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 21 एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक बैटरी बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक सरवनन टी. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सूरज कोरी निवासी धौरहरा, थाना संग्रामपुर तथा गोकुल मिश्रा निवासी अठगवां, थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की।

पुलिस के अनुसार बरामद बैटरी 13 अगस्त को मोहरिया भावलपुर निवासी चंचल तिवारी के ट्यूबवेल से चोरी की गई थी, जबकि 17 सितंबर को धौरहरा बाजार में एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल चोरी किया गया था। आरोपियों ने अन्य 20 मोबाइल फोन विभिन्न स्थानों एवं ट्रेन में पानी बेचने के दौरान चोरी करना स्वीकार किया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सौम्य कुमार जायसवाल, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार गिरी, कांस्टेबल धीरेंद्र कुमार, प्रदीप गुप्ता, अंकित कुमार और अंकित कुमार शर्मा शामिल रहे। पुलिस के अनुसार गोकुल मिश्रा के विरुद्ध प्रतापगढ़ में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

रोजगार मेले में 832 युवाओं का किया गया चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सेवा संकल्प अभियान के तहत तहसील दातागंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सत्यवती मेमोरियल इण्टर कालेज ढिलवारी परिसर में आयोजित रोजगार मेला जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन बदायूँ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। रोजगार मेले में 30 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 2310 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। जिसमें 832 युवाओं का चयन/शार्टलिस्ट किया गया। दातागंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव कुमार सिंह, रोजगार मेले के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने द्वीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारम्भ किया। विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकारी योजनाओं से युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं बल्कि अन्य विभिन्न योजनाओं से प्रत्येक वर्ग के पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में विभिन्न निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा प्रतिभाग कर युवाओं का साक्षात्कार एवं चयन किया गया है। रोजगार मेले में जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारीगण एवं दातागंज के ब्लाक प्रमुख अत्येन्द्र विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओं से संवाद किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। रोजगार मेले युवाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच हैं, जहां उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मेलों से जोड़ा जाए तथा पात्र युवाओं को शासन की रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत योग्य अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। चयनित युवाओं में रोजगार मिलने पर उत्साह एवं प्रसन्नता दिखाई दी। लाभार्थियों ने रोजगार मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं सेवायोजन विभाग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी दातागंज, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

अफीम के साथ 02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने बाइक सवार 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 270 ग्राम अफीम और एक मोटर साइकिल बरामद की। थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ओसीएफ लक्ष्मीनारायण मन्दिर के पीछे से 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला तारीन जलालनगर निवासी आकाश पुत्र राजाराम और थाना निगोही क्षेत्र के गांव नूरपुर कजरी निवासी अनुराग पुत्र यशपाल हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों पर पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्तों से की गई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र कुमार, लक्ष्मण चन्द्र, कांस्टेबल मनीष कुमार, अंकुर मलिक और मोनू कुमार मौजूद रहे।

सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर ब्राह्मण समाज की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भेटुआ/अमेठी। ग्राम पंचायत गैरिकपुर में वीरेंद्र कुमार शुक्ला के आवास पर क्षेत्र के सम्मानित ब्राह्मणों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य समाज में बढ़ रही वैचारिक असमानताओं को दूर करने तथा सभी वर्गों में भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। इसमें गैरिकपुर, हीरापुर, बिकना, बासूपुर, मई समेत कई गांवों के ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए।

बैठक में पूर्व प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर सुमंत कुमार पाण्डेय, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक कृष्ण कुमार तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह नौगिरवा आशीष ओझा, प्रमोद कुमार मिश्रा, अमित कुमार तिवारी, परमानंद पाण्डेय, देवेंद्र कुमार ओझा तथा पत्रकार धर्मेंद्र तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

सुमंत कुमार पाण्डेय ने सभी को मिलकर आदर्श समाज और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। वहीं कृष्ण कुमार तिवारी ने आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बीजेपी ओबीसी मोर्चा ने किया जनसभा और सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा महानगर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजीव राठौर ने निगोही के रामलीला मैदान में जनसभा और सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू पहुंचे। जिनका पार्टी के पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर व बुकें देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सांसद अरुण कुमार सागर ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी। कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। पहले गांवों के लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में दिहाड़ी मजदूरी करने जाते थे। संकट के समय ऐसे परिवारों को घर-घर राशन पहुंचाने का काम सरकार ने



किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर को तीन-तीन नेशनल हाईवे की सौगात देने का काम किया गया है। बरेली से सीतापुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य पूर्व में अधूरा छोड़ दिया गया था। प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के प्रयास से इसके लिए धनराशि स्वीकृत कराकर काम आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, निगोही ब्लाक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, अरूण गुप्ता आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति सत्यापन के नाम पर सौ, सौ रुपये की वसूली का आरोप,वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । परसपुर के तुलसी स्मारक इंटर कॉलेज में छात्रवृत्ति सत्यापन के नाम पर विद्यार्थियों से कथि त तौर पर सौ रुपये लिए जाने का मामला सामने आया है। अभिभावकों का आरोप है कि प्रत्येक छात्र से सत्यापन के नाम पर रुपये मांगे जा रहे हैं। इस कथित वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद विद्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।अभिभावकों का कहना है कि छात्रवृत्ति जैसी सरकारी सुविधा के सत्यापन के लिए विद्यार्थियों से रकम लिए जाने की शिकाय त गंभीर है।उनका आरोप है कि कई छात्रों से सौ-सौ रुपये मांगे गए।..हालांकि, वीडियो और लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।मामला सा मने आने के बाद विद्यालय के प्रशासनिक प्रबंधक ने जांच कराने का भरोसा दिया है।अब सवाल यह है कि छात्रवृत्ति सत्यापन के नाम पर वास्तव में कि



सी छात्र से रकम ली गई या नहीं और यदि ली गई तो इसके पीछे किसकी जिम्मेदारी है।जांच के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

फुटपाथ बना पार्किंग, सड़क पर वाहनों की कतार, कृष्णा केयर सेंटर पर उठे सवाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पार्किंग व्यवस्था के दावों के बीच मेन रोड पर खड़ी दर्जनों बाइक, ट्रैफिक प्रबंधन पर भी सवाल

कृष्णा केयर सेंटर के सामने 'पार्किंग राज', राहगीरों की राह और ट्रैफिक दोनों बेहाल

गोंडा । शहर में सड़क किनारे संचालित नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटरों के सामने पार्किंग की व्य वस्था का मुद्दा एक बार फिर सवालों के घेरे में है।बहराइच रोड स्थित कृष्णा केयर सेंटर के सामने वाहनों के जमावड़े से सड़क और फुटपाथ के इस्ते माल को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।मौके पर बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े दिखा ई दिए। इससे पैदल चलने वालों के लिए रास्ता प्र भावित होने के साथ ही मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ता नजर आया।शहर में कई निजी अस्पताल,नर्सिंग होम,पैथोलॉ जी और डायग्नोस्टि क सेंटर मुख्य सड़कों के किना रे संचालित हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों में आने वाले मरीजों और तीमारदारों के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग नहीं होने पर वाहन सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं।इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ता है।

कृष्णा केयर सेंटर के सामने वाहनों का जमावड़ा

बहराइच रोड पर कृष्णा केयर सेंटर के सामने बड़ी संख्या में बाइक सड़क किनारे खड़ी मिलीं। स्थानी य स्तर पर सामने आई तस्वीरों और मौके की स्थि ति में वाहनों का फैलाव साफ दिखाई देता है।व्य स्त मार्ग होने के कारण सड़क के किनारे वाहनों की कतार राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। सवाल यह है कि यदि अस्पताल में आने वाले वाहनों के लिए अलग पार्किंग उपलब्ध नहीं है तो सड़क पर खड़े वाहनों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी कि सकी है...?

फुटपाथ और सड़क अस्पताल की बनी पार्किंग

शहर के सर्कुलर रोड और अन्य प्रमुख मार्गों पर भी कई अस्पतालों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने वाहन सड़क पर खड़े होने की शिकायतें सामने आती रही हैं।..सुधा न्यूरो एंड ट्रामा सेंटर, जीवनदीप हॉस्पिटल और अवध नर्सिंग होम के आसपास भी सड़क पर..वाहनों के खड़े होने से यातायात प्रभावित होने की बात सामने आई है। अवध नर्सिंग होम के सामने फातिमा स्कूल होने से स्कूल की छुट्टी के समय वाहनों का दबाव और बढ़ जाता है।...ऐसे में सड़क किनारे खड़े अस्पताल के वाहनों से जाम की स्थिति गंभीर होने की शि काय तें हैं।

वी टू मॉल भी सड़क किनारे पार्किंग के सवालों में

लखनऊ रोड पर गुरु नानक पुलिस चौकी के पास वी टू मॉल के सामने भी सड़क किनारे वाहन खड़े होने की स्थिति सामने आई।स्थानीय लोगों के मुता बिक सामान्य दिनों में यहां बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े होते हैं।

जिम्मेदारी होगी या सड़क ही पार्किंग बनी रहेगी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्य मार्गों पर संचा लित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की जांच कौन करेगा..? सड़क पर वाहन खड़े होने पर ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करती है ले किन पार्किंग सुविधा के बिना व्यावसायिक गतिवि धियों के संचालन से जुड़े नियामकीय पहलुओं की जांच संबंधित नगरीय निकाय और प्रशासन के स्त र से होनी है।कृष्णा केयर सेंटर समेत सड़क किना रे संचालित अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की पार्किंग व्यवस्था की जांच कर जिम्मेदारी तय किए जाने की जरूरत है।..जब तक पार्किंग और यातायात व्यवस्था को लेकर स्पष्ट कार्रवाई नहीं होती, तब तक मुख्य सड़कों पर मरीजों के वाहनों का दबाव राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परे शानी बना रहेगा।

सब्जी लेने निकला प्रदीप,घायल मिला तो थम गई सांसें, हादसा या हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अशोकपुर दुबेपुर वा निवासी बीस वर्षीय प्रदीप दुबे की संदिग्ध परि स्थितियों में मौत हो गई।...शनिवार शाम मदरहवा चौराहे पर सब्जी लेने निकला प्रदीप कई घंटे बाद गंडाही में गंभीर रूप से घायल.. अवस्था में मिला। उसके शरीर और पैर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं।आनन-फानन में उसे..जिला अस्पताल पहुं चाया गया,..लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने प्रदीप की मौत को हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशं का



जताई है।वहीं, पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को सड़क हादसे से जोड़कर देख रही है।.मौत की वा स्तविक वजह स्पष्ट करने...के लिए कटरा बाजार पुलिस ने शव को....पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच से यह स्पष्ट होगा कि प्रदीप की मौत दुर्घटना में हुई या घ टना के पीछे कोई और वजह थी।...घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।पुलिस का कह ना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट....और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसा बता रही पुलिस, शरीर पर चोट के निशानों ने खड़े किए सवाल

घर से बाजार तक प्रदीप की आखिरी शाम, गंडाही में घायल मिला और अस्पताल में मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, जांच के बाद ही साफ होगी मौत की असली वजह

रंगमंच पर दिखेगी मोदी की 25 साल की सेवा यात्रा



गोण्डा में 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' का नाट्य मंचन, संवाद-संगीत और अभिनय के जरिए

योजनाओं व सार्वजनिक जीवन के सफर को मंच पर उतारने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर गोण्डा में 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' नाम से विशेष नाट्य मंचन की तैयारी की गई है।भाजपा की ओर से प्रस्तावित इस अभियान में नरेंद्र मोदी के वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल तक की राजनीतिक यात्रा को रंगमंच के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।प्रधानमंत्री कार्यालय के अनु सार, उन्होंने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रू प में शपथ लेने के साथ सरकार के प्रमुख के रूप में अपनी यात्रा की शुरुआत बताई थी।मंचन में संवाद,अभिनय और संगीत के माध्यम से सार्वज निक जीवन, शासन और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रसंगों को कहानी के रूप में प्र स्तुत किए जाने की योजना है।आयोजकों के मुता बिक इसका उद्देश्य सेवा, सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेशों को लोगों तक पहुं चाना है।

जनधन से डिजिटल भुगतान तक की कहानी

नाट्य प्रस्तुति में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और अभियानों को भी कथानक का हिस्सा बनाए जाने की तैयारी है।इनमें प्रधानमंत्री जनधन योज ना,स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत जल जीवन मिशन और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी योजनाएं शामिल हैं।प्रधानमंत्री जनधन योज ना के जरिए बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया गया।वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्व च्छता और शौचालय निर्माण को बड़े,जनअभियान के रूप में आगे बढ़ाया गया।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र गरीब परिवारों की महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना शुरू की गई।प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।इसी तरह आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी योजना है,जबकि जल जी वन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाना है।डीबीटी व्यवस्था के जरिए विभि न्न सरकारी लाभों और सब्सिडी को सीधे लाभार्थि यों के बैंक खातों तक पहुंचाने की व्यवस्था को ब ढ़ावा दिया गया है।

गुजरात से दिल्ली तक का सफर रंगमंच पर

नाट्य प्रस्तुति में वर्ष 2001 से शुरू हुई राजनीति क यात्रा को प्रमुखता दी जाएगी।प्रधानमंत्री कार्या लय के मुताबिक नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2025 में सरकार के प्रमुख के रूप में अपने 25 वें वर्ष में प्रवेश का उल्लेख करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने को इस यात्रा की शुरुआत बताया था।मंच पर गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर केंद्र की सत्ता तक पहुंचने और प्रधानमंत्री के रूप में विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों व अभियानों तक के प्रसंगों को नाटकी य रूप में प्रस्तुत करने की योजना है।

सात विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगा नाट्य अभियान

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार गोण्डा जिले की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में नाट्य प्रस्तुतियां मेहनौन,गोण्डा,कटरा बाजार,करनैलगंज,तरबगंज मनकापुर,गौरा आयोजित की जानी हैं।स्कूल, कॉ लेज,पंचायत और सामुदायिक केंद्रों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी जनसंवाद स्थापित करने की योजना बताई गई है।

लाभार्थियों के प्रसंग भी होंगे मंच का हिस्सा

अभियान के दौरान सरकारी योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों और आम लोगों के जीवन से संबंधित प्रसंगों को नाटकीय कथा का हिस्सा बनाए जाने की बात कही गई है।इससे योजनाओं को केवल सरकारी घोषणाओं के बजाय पात्र लाभार्थियों तक पहुंचने की प्रक्रिया और उनके अनुभवों के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। कुल मिलाकर गोण्डा में प्रस्तावित 'नमो सेवा-अन कही कहानियां'अभियान में राजनीति,सार्वजनिक जीवन और सरकारी योजनाओं को रंगमंच की भा षा में जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट ने कारागार का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । किशोर न्याय बोर्ड बहराइच की प्रधान मजिस्ट्रेट सुश्री निधि वर्मा ने सदस्य किशोर न्याय बोर्ड संजय अवस्थी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा आवासीय बैरकों की स्थिति, साफ सफाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता तथा बालकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का गहनता के साथ परीक्षण किया गया। प्रधान मजिस्ट्रेट ने बैरकों में प्रकाश,



वेंटिलेशन, स्वच्छ पेयजल व चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए सुधारात्मक सुझाव दिए तथा बालकों के खेल एवं पुस्तकालय सुविधाओं को बढ़ाने का भी सुझाव दिया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिलाओं और उनके साथ रह रहे बच्चों को देखा। उन्होंने पर्याप्त साफ सफाई और बच्चों को पौष्टिक पदार्थों देने के लिए कहा। कारागार निरीक्षण के दौरान अधीक्षक राजीव सिंह व जेलर अजय कुमार झा, किशोर न्याय बोर्ड की लिपिक ज्योति सिंह, कोर्ट मोहर्रिर मनीष पांडे तथा कारागार के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

निदेशक प्रशासन ने 02 गो आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद में संचालित गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास राजेन्द्र प्रसाद माहौर ने जनपद के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान शनिवार को गो आश्रय स्थल परसेण्डी एवं कटरा बहादुरगंज का निरीक्षण किया। गो आश्रय स्थल पहुंचने पर श्री मौहौर द्वारा सर्वप्रथम गोपूजन कर गोवंशों को गुड़ व फल खिलाकर गौमाता व नंदी का सम्मान किया गया। तत्पश्चात आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान गोवंशों के स्वास्थ्य एवं बोये जाने वाले हरे चारे की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में गोवंशों को भूसा के साथ प्रचुर मात्रा में हरा चारा भी दिया जाय। संरक्षित गोवंशों की मृत्यु दर में कमी लाये जाने के लिए निर्देश दिया कि पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी व पैरावेट नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का भ्रमण करें। निदेशक ने सचल उपचार वाहन जरवल को निरीक्षण करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में सचल उपचार यूनिटों का संचालन प्रभावी ढंग से किया जाय।

क्षेत्र भ्रमण के उपरान्त निदेशक श्री माहौर ने अपर निदेशक, देवीपाटन मण्डल गोण्डा डॉ. अरविन्द सिंह के साथ विकास भवन सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि गौआश्रय स्थलों में हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु चारा उत्पादक किसानों से अनुबंध कर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि सभी बेसहारा गोवंशों का संरक्षण एवं संवर्धन हमारा नैतिक दायित्व है। श्री माहौर ने निर्देश दिया कि गोशाला में उपलब्ध गोबर व गोमूत्र से गोबर के गमले, दीया समेत उपयोगी वस्तुएं तैयार कर गोआश्रय स्थलों का स्वावलम्बी बनाया जाय तथा पशुपालकों को गोबर देकर उनसे भूसा प्राप्त किया जाय। निदेशक श्री माहौर ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोशालाओं का नियमित निरीक्षण कर शासन की मंशानुरूप व्यवस्थाओं को चाक-चौबन्द रखा जाय। निदेशक प्रशासन ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान में संचालित खुरपका-मुहपका टीकाकरण अभियान को पूरी शिद्दत के साथ संचालित करें ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहने पाये।

उन्होंने गौआश्रय स्थलों के माध्यम से देशी नस्ल की दुधारू गायों का भी संवर्धन किया जाए। बैठक का संचालन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, ए.पी.ओ. सहित अन्य सम्बन्धित विभागी अधिकारी मौजूद रहे।

भारत गैस के संचालको ने आईटीआई मैदान को बनाया गैस गोदाम



होम डिलीवरी का ले रहे पैसा,फिर भी बुला रहे है गैस गोदाम या आईटीआई मैदान

शहीद सत्यवान,श्री साई सिद्धि,मंगलम,शिवम और सूर्या भारत गैस ने सड़क व आईटीआई मैदान को बनाया होम डिलीवरी का स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में गैस एजेंसी के संचालकों के द्वारा बिना मानक और सुरक्षा के मनमानी के चलते शहर के अलग-अलग हिस्सों में करीब दर्जनों से अधिक जगहों पर घनी आबादी के बीच तंग गलियों में या रोड पर या स्कूल के मैदान में रखकर रिहासी इलाकों के बीच घरेलू गैस सिलेंडर टंकियों का वितरण किया जा रहा है जो बिना मानक और सुरक्षा के रखे जा रहे हैं जहाँ पर जिम्मेदार अपनी आंखें मूंदे हुए हैं, सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि हम कार्रवा ई करते हैं।शहर के घनी आबादी के बीच बिना सु रक्षा के हो रहे घरेलू गैस वितरण से इससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है जिसका खामिया जा बड़ी घटना के रूप में भुगतना पड़ सकता है लेकिन न तो भारत पेट्रोलियम के सेल्स अधिकारी इससे मतलब रखते हैं और ना ही जिले के जिम्मे दार अधिकारी ध्यान देते हैं,यही नहीं भारत पेट्रोलियम के अधिकारी को तो अपने बिक्री से ही मतल ब है।उन्हें तो ज्यादा से ज्यादा गैस बिकनी चाहिए शहरी क्षेत्र में ही लाखो रसोई गैस उपभोक्ता हैं,वहीं भारत गैस की कंपनियां हैं जिनके इतने ही बड़े गो दाम हैं, इनके सैकड़ा भर से ज्यादा आउटलेट हैं। बीते कुछ दिनों से गैस वितरण का नया फंडा कंप नियों ने निकाला है कि चुनिंदा जगहों पर ये ट्रकों से गैस सिलेंडर भेज देते हैं जहां रोड किनारे इन्हें अनलोड किया जाता है,जहां से ग्राहकों को उनकी डिमांड स्लिप के द्वारा वितरण कर दिया जाता है।

न तौल और न नोजल की हों रही जांच

गैस सिलेंडर वितरण करने के दौरान ही इनके न तो ग्राहकों को तौल कर दिया जाता है और न तो नोजल की जांच भी होती है इसमें कर्मचारियों द्वा रा गैस लीक होने की आशंका पर सिलेंडर की गैस निकालकर उसे चैक करते हैं,जिससे वातावरण में गैस की गंध भर जाती है। उधर सिलेंडर के लीक होने से ग्राहक को दूसरा सिलेंडर दे दिया जाता है लेकिन लीक होने वाला सिलेंडर वहीं रखा रहता है जिससे देर शाम डेरा रहने तक ये सिलेंडर लीक हो ते रहते हैं।

इन इलाकों में सुबह से शाम तक गैस भंडारण

आईटीआई मैदान,चौक बाजार फैजाबाद रोड जि गर स्कूल,कृषि भवन के बगल,चिलड्रेन पार्क के पा स सिलेंडर रोड किनारे रखकर रोज देखे जा सक ते हैं।स्थानीय जन बताते हैं कई बार गैस यहां ली क होते रहते हैं।वही चौक बजार ईदगाह रोड पटेल नगर के पास सड़क के किनारे दर्जनों से अधिक भरे सिलेंडर रहते हैं लोग सवाल करते हैं की घनी आबादी के बीच में इस तरह गैस सिलेंडर रखना खतरे से खाली नहीं है।झंझरी ब्लॉक के पास चुंगी नाका के आगे सड़क किनारे सिलेंडर का वितरण होता है।यही नहीं गोंडा – बहराइच रोड गल्ला मंडी के पहले सड़क किनारे सैकड़ो गैस सिलेंडर गाड़ी पर रखा रहता है जहां सुरक्षा के मानकों को ताक पर रखकर बिक्री की जाती है सालों से यहां अवैध रूप से सड़क को ही गोदाम में तब्दील किया हुआ है।ऐसे ही आईटीआई मैदान में खुले आम सैकड़ो से अधिक गैस सिलेंडरों का वि तरण जारी है। ऐसे ही सड़क के किनारे गोंडा स्टेशन रोड दुर्गा माता मंदिर के आगे वाहन से उतारकर दर्जनों से अधिक सिलेंडर रख लिए जाते हैं जिन्हें बाकायदा सिलेंडर पर बैठकर पर्चियों के आधार पर वितरित किया जाता है,जबकि यहां घनी आबादी है बगल में स्कू ल और कई दुकानें भी हैं।

नियम का नहीं हो रहा पालन

गैस गोदाम रहवासी इलाकों से दूर होने चाहिए
इनमें अग्नि शमन के संयंत्र,रेत, पानी होने चाहि ए,गोदाम शेड के भीतर होना चाहिए जिसमें अ ग्निरोधक सामग्री बिछी होनी चाहिए।शेड में सि लेंडर भंडारण के चारों तरफ खुली जगह होनी चाहिए।भंडारण सार्वजनिक स्थानों सहित सड़ क पर नहीं होना चाहिए।गैस परिवहन में सिलेंडरों को जांच के बाद ही भेजा जाना चाहिए।सिलेंडर ग्राह कों के घरों तक भेजने की जिम्मेदारी गैस एजेंसी की होती है।लेकिन श्री साई सिद्धि भारत गैस, श हीद सत्यवान भारत गैस,..शिवम भारत गैस सूर्या भारत गैस के संचालक खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम बेच रहे हैं।यही नहीं कई ऐसे एजेंसी संचालक हैं जो अपने गोदाम से गैस को लाकर सड़क के किनारे दर्जनों से अधिक संख्या में जमीन पर रख कर बेच रहे हैं न तो उपभोक्ताओं के घर पर होम डिलीवरी कर रहे हैं उपभोक्ता अपने घर से आकर गैस लेता है तब भी उसे ऊंचे दामों में ही गैस दिया जाता है।वही सरकार के द्वारा बनाए गए नियम कानून को ताक पर रख कर एजेंसी संचालक इन सब नियमों को दरकिनार करके खुले आम घरेलू गैस सिलेंडर का वितरण कर रहे हैं।वही इसकी जानकारी जब जिला पूर्ति अधिकारी से ली गई तो उन्होंने बताया कि जांच कराई जा रही है।

किसान नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान का जन्म दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों व संगठन के कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने केक काट कर व फल वितरण कर किसानों के मसीहा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्म दिन मनाया।और उन्हें फूल मालाओं के साथ जन्म दिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएँ दी।इस अवसर पर जनपद पीलीभीत के पदाधिकारियों व किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन व उनके किसान हित के निर्देशों पर चलने का संकल्प भी लिया।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष सरदार



मंजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान किसानों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाने व किसानों के हकों एंव अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के कुशल नेतृत्व में आज संगठन देश के किसानों की आवाज को बहुत ही मजबूती से शासन व प्रशासन तक पहुँचने का कार्य कर रहा है।जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा,हमारी कामना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी इसी तरह पूरी मजबूती व दृढ संकल्प के साथ देश के पीड़ित किसानों की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहें व किसानों के हकों की लड़ाई को आगे बढ़ाते रहें।जनपद पीलीभीत के संगठन के पदाधिकारियों एंव किसानों की ओर से उन्हे जन्म दिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एंव ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई।उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय ठाकुर राजेश सिंह चौहान जी को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एंव सुख-समृद्धि प्राप्त हो तथा वह पीड़ित किसानों की लड़ाई इसी प्रकार से लम्बे समय तक लड़ते रहें व किसानों की सेवा करते रहें।हम सब राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।इस मौके पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह,गुरजन्ट सिंह, चीमा,जिला सचिव सर्वेश कुमार वर्मा, किसान नेता बालकराम वर्मा रुपराम,तरसेम सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।

बसपा का गांव चलो अभियान जारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विधान सभा पूरनपुर में ''गाँव चलो अभियान'' के अंतर्गत सेक्टर गुलड़िया भूपसिंह के ग्राम बिलंदपुर अशोकमें बहुजन समाज पार्टी का सेक्टर स्तरीय कैडर कैम्प आयोजित किया गया जिसमे मुख्य रूप से मंडल प्रभारी देव स्वरूप आर्य ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के संदेश को सभी को बताया और पार्टी की चार बार रही सरकार की उपलब्धियों को बताया , साथ ही ये भी बताया कि सभी समस्याओं का हल सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने पर ही हो सकेगा इसलिए सभी को पूरे मनोबल से बहुजन समाज पार्टी की पांचवीं बार सरकार बनाने के लिए अभी से जुट जाना चाहिए द्य उपस्थित युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी दी व सेक्टर कमेटी के साथियों को संगठन मजबूत करने को कहा इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र पाल, विधान सभा प्रभारी महेश सागर, विधान सभा प्रभारी सुरेंद्र गौतम, सामाजिक भाईचारा विधान सभा संयोजक राकेश प्रजापति, सेक्टर अध्यक्ष रामौतार गौतम, सेक्टर सचिव संतराम गौतम,भगवत सरन गौतम, अनूप गौतम, विशाल गौतम, अनिल कुमार, राम पाल गौतम, श्री पाल गौतम एवं तमाम सम्मानित साथी उपस्थित रहे ।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का संगठन विस्तार, तीन जिला उपाध्यक्ष और युवा नगर अध्यक्ष नियुक्त

पूरनपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने संगठन को मजबूत करने के लिए पूरनपुर में पदाधिकारियों की घोषणा की। बैठक में विपिन वर्मा, प्रफुल्ल मिश्रा और पवन वीर सिंह को जिला उपाध्यक्ष तथा गौरव गुप्ता को युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया।नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने कहा कि पद सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी लेकर आता है। व्यापारी हितों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और जरूरत के समय व्यापारियों के साथ खड़ा होना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संगठन की पहचान पद से नहीं, बल्कि किए गए कार्यों और संघर्ष से बनती है।जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों को एक टीम की तरह काम करना होगा। नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से व्यापारी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल ने व्यापारी एकता को मजबूत करने की बात कही।

युवाओं को समर्पित रहा युवा रक्तदान शिविर, पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं को रक्तदान की कड़ी से जोड़ने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। समाजसेवा और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा सुल्तानपुर के युवाओं को समर्पित युवा रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक, सुल्तानपुर में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से उन युवाओं को रक्तदान की मुहिम से जोड़ना रहा, जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। फाउंडेशन का प्रयास है कि युवा केवल एक बार रक्तदान करने तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रक्तदान की इस मानवीय कड़ी से जुड़कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में अपनी भूमिका निभाएं। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन ने युवाओं से आह्वान किया कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का अवसर भी है। एक स्वस्थ व्यक्ति का रक्तदान किसी जरूरतमंद परिवार के लिए



उम्मीद की किरण बन सकता है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि युवा शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है और यदि यही शक्ति रक्तदान जैसे नेक कार्य से जुड़ती है तो सुल्तानपुर में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता को और मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भविष्य में भी नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन का संदेश है– पहली बार रक्तदान, अब बनेगी नियमित रक्तदान की पहचान। रक्तदान करें, जीवन बचाएं। युवा जुड़ें, रक्तदान की कड़ी मजबूत बनाएं।

गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच निकली विसर्जन यात्रा

पूरनपुर। महाराष्ट्र मित्र मंडल एवं सर्राफा बंधुओं की ओर से आयोजित 19वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत रविवार दोपहर गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। अमोल बैंकट हॉल, तिरंगा चौराहा से दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई यात्रा में श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जन के लिए धनाराघाट की ओर रवाना किया। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गणपति का आशीर्वाद लिया। आयोजकों ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। महोत्सव के समापन पर विधि-विधान से गणेश प्रतिमा का विसर्जन धनाराघाट पर किया जाएगा।विसर्जन यात्रा को लेकर आयोजकों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। यात्रा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यकर्ता भी सक्रिय रहे। इस मौके पर संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, पुनीत पांडे, विकास गुप्ता, अमोल मराठा, संतोष मराठा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

बिलसंडा सीएचसी प्रभारी पर मनमानी का आरोप,डीएम से शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलसंडा की स्वास्थ्य सेवाओं और वहां की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शिकायतकर्ता आकाश कुमार ने बीसलपुर पहुंचे जिलाधिकारी बिलसंडा को शिकायती पत्र देकर सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. छत्रपाल के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने चिकित्साधिकारी पर लगातार अनियमितता और लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं।शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है।कि सीएचसी प्रभारी समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं होते, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायतकर्ता का दावा है कि मरीजों को कथित तौर पर बाहर के मेडिकल स्टोर की महंगी दवाएं लिखी जाती हैं। इससे सरकारी अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले गरीब और असहाय मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की बात कही गई है।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अस्पताल पहुंचने वाले गरीब मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा उनसे कथित रूप से अवैध धन की मांग की जाती है। शिकायतकर्ता ने प्रभारी चिकित्साधिकारी के व्यवहार को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा है कि आम जनता के प्रति उनका रवैया ठीक नहीं है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि चिकित्साधिकारी पूर्व में भी कई विवादों में रह चुके हैं, जिसके कारण सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि प्रभावित होने का आरोप लगाया गया है।शिकायतकर्ता आकाश कुमार ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और आरोप सही पाए जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र की गरीब जनता को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ दिलाने की गुहार लगाई गई है।अब शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर होने वाली जांच पर लोगों की नजरें टिकी हैं।

किचन का लिंटर तोड़ते समय झज्जा गिरा, स्लैब के नीचे दबकर युवक की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के मोहल्ला नूरगंज में रविवार दोपहर मकान में निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। किचन का लिंटर तोड़ते समय अचानक झज्जा भरभराकर गिर गया और स्लैब के नीचे दबने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मोहल्ला नूरगंज निवासी फहीम (35) पुत्र बाबू रविवार दोपहर करीब 12 बजे अपने घर की किचन का लिंटर तोड़ने का काम कर रहे थे। बताया गया कि लिंटर तोड़ने के बाद जैसे ही वह नीचे आए, उसी दौरान अचानक झज्जा भरभराकर उनके ऊपर आ गिरा। हादसे में वह नीचे दब गए। परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला और गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि फहीम दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटे थे। हादसे से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

राहुल नगर मजदूर बस्ती में सड़क निर्माण की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत चंदिया हजारा के मजरा राहुल नगर मजदूर बस्ती में खराब और कच्चे मार्ग के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र निवासी समाजसेवी डॉ. कमलेश कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मार्ग का पक्का निर्माण अथवा सुदृढ़ीकरण कराए जाने की मांग की है।पत्र में बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बरसात के दिनों में कच्चा रास्ता बेहद खराब हो जाता है। जलभराव और कीचड़ के चलते बच्चों, महिलाओं और अन्य ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत होती है। कई बार ग्रामीणों को जरूरी काम के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है। डॉ. कमलेश कुमार ने मुख्यमंत्री से जनहित में समस्या का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को मार्ग निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से मजदूर बस्ती के लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

अमेठी में नमो सेवा अनकही कहानियां का भव्य नाट्य मंचन होगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय में चलाये जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम के तहत विशेष नाट्य मंचनों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में अमेठी में भी एक विशेष एवं भव्य नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जायेगी।इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पच्चीस वर्षों की सार्वजनिक जीवन की यात्रा, राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण, जनकल्याण के लिए किए गए प्रयासों तथा सुशासन के माध्यम से देश में आए व्यापक बदलावों को जीवंत और भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा जायेगा।नमो सेवा अनकही कहानियां की प्रस्तुति को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है ताकि प्रधानमंत्री की सेवा यात्रा और जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहजता से पहुंचाया जा सके। कुशल कलाकार अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से उन प्रेरक प्रसंगों को मंच पर साकार करेंगे, जिनमें सेवा, समर्पण, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण की भावना दिखाई देती है।इस व्यापक अभियान के अंतर्गत राज्यभर में नाट्य मंचनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्कूलों, कालेजों, पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसंवाद स्थापित किया जायेगा।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान सेवा, सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है, जिसमें कला और नाट्य के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पच्चीस वर्षों की सेवा यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

गाय के नाम पर सियासत बहुत हुई,अब जिम्मेदारी कौन लेगा हाफिज नूर अहमद अजहरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हाफिज नूर अहमद अजहरी ने वीडियो बयान देते हुए निराश्रित गोवंश को लेकर सरकार और समाज की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि गाय हिंदू समाज की आस्था का विषय है और वे इस आस्था का सम्मान करते हैं, लेकिन सवाल यह है कि दूध देना बंद करने के बाद गोवंश को सड़कों पर क्यों छोड़ दिया जाता है।नूर अहमद अजहरी ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने गाय पालने से दूरी बनाई है। ऐसे में गोवंश की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी को लेकर सरकार को स्पष्ट व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि गाय को 'गौ माता' कहा जाता है तो उसकी जिम्मेदारी केवल दूध देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसके पूरे जीवन की देखभाल सुनिश्चित होनी चाहिए।उन्होंने सरकार से हर जिले में पर्याप्त और व्यवस्थित गौशालाएं, चारा-पानी, पशु चिकित्सा तथा निराश्रित पशुओं की नियमित निगरानी की व्यवस्था करने की मांग की। उनका कहना है ।

बेदखली आदेश भी बेअसर, सरकारी जमीन पर तीसरी मंजिल का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीही निदूरा के पारा गांव में शारदा सहायक खंड 16 के पास सरकारी भूमि पर कथित कब्जे और निर्माण का मामला गरमा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बेदखली का आदेश पारित होने के बावजूद मकान का निर्माण जारी है। अब तीसरी मंजिल का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की कथित मिलीभगत की जांच कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।ग्रामीणों के मुताबिक गाटा संख्या 1688 राजस्व अभिलेखों में सड़क और नलकूप के नाम दर्ज है, जबकि गाटा संख्या 1687 कृषि योग्य बंजर भूमि के रूप में दर्ज बताई जा रही है। आरोप है कि गांव निवासी पारस नाथ पुत्र दयाराम ने दोनों गाटों की भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण करा लिया।ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद संबंधित लेखपाल की ओर से सहायक कलेक्टर की अदालत में वाद दायर किया गया था। मामले में कथित तौर पर बेदखली का

लेखपाल-राजस्व निरीक्षक पर मिलीभगत का आरोप

आदेश पारित हुआ। इसके बावजूद निर्माण नहीं रुका। आरोप है कि मकान की पहली और दूसरी मंजिल के बाद अब तीसरी मंजिल का निर्माण कराया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार पारस नाथ की ओर से जिलाधिकारी के यहां भी अपील दाखिल की गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि जांच के बाद जिलाधिकारी ने भी सहायक कलेक्टर, बल्दीराय के आदेश को सही मानते हुए बेदखली के आदेश को बरकरार रखा। इसके बावजूद निर्माण जारी रहने पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बेदखली आदेश के बावजूद निर्माण जारी रहने में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की कथित भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्माण नहीं रोका गया तो सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराना और मुश्किल हो सकता है।

अमेठी में शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में शिक्षकों ने प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए निर्धारित छह माह के ब्रिज कोर्स को लेकर शासन से महत्वपूर्ण मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने बेसिक शिक्षा मंत्री को सम्बोधित पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में परिषदीय शिक्षक के पद पर लगभग छह वर्षों से पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत की गई थी। नियुक्ति के बाद इन शिक्षकों ने विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे निपुण भारत, जीवन कौशल एवं कर्मयोगी प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर विद्यालयों में



लागू किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि छह माह के ब्रिज कोर्स को सेवा समाप्ति जैसी कठोर शर्त से जोड़ने तथा उसमें पचास प्रतिशत अंक के साथ क्वालीफाई करने की अनिवार्यता से शिक्षकों में मानसिक दबाव एवं भविष्य को लेकर असमंजस उत्पन्न हो रहा है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि मूल सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा विज्ञापन-2018 में ऐसी किसी न्यूनतम पासिंग मार्क्स आधारित सेवा-समाप्ति की शर्त का उल्लेख नही था और उसमें सेवाकालीन प्रशिक्षण पूर्ण करने की व्यवस्था का उल्लेख था।महासंघ ने यह भी मांग उठाई है कि लगभग छह वर्षों से विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा प्राप्त किये गये विभागीय प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव को ध्यान में रखा जाए तथा ब्रिज कोर्स को सेवा समाप्ति से जोड़ने के बजाय केवल क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण के रूप में विभागीय स्तर पर पूर्ण कराया जाय।महिला शिक्षिकाओं की समस्याओं पर भी ध्यान देने की मांग संगठन ने ब्रिज कोर्स की गाइडलाइंस में महिला शिक्षिकाओं के मातृत्व अवकाश अथवा विशेष परिस्थितियों के सम्बंध में स्पष्ट दिशा निर्देश न होने का मुद्दा भी उठाया है।

दुर्गापूजा को लेकर केंद्रीय कमेटी की तैयारी बैठक सम्पन्न

समय से निकाली जाएगी विसर्जन यात्रा, पारा बाजार में होगा मूर्तियों का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/बल्दीराय । आगामी दुर्गापूजा महोत्सव के विधिवत एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी बल्दीराय की आवश्यक तैयारी बैठक रविवार को ब्लॉक सभागार बल्दीराय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष महेश जायसवाल ने की। तहसील क्षेत्र की विभिन्न दुर्गापूजा समितियों के पदाधिकारियों ने बैठक में भाग लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कलश पूजन से लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना, पंडाल व्यवस्था,



पूजन-अर्चन तथा मूर्ति विसर्जन तक की व्यवस्थाओं पर बिंदुवार विचार-विमर्श किया गया। पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने आयोजन के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं को रखा, जिनके समाधान को लेकर आपसी सहमति बनाई गई। केंद्रीय कमेटी ने सभी पूजा समितियों को निर्देशित किया कि इस वर्ष मूर्ति विसर्जन यात्रा निर्धारित समय से निकाली जाए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और विसर्जन कार्यक्रम भी समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जा सके। बैठक में यह भी सहमति बनी कि पारा बाजार में केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से विसर्जन के लिए जाने वाली प्रतिमाओं का स्वागत एवं माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद प्रतिमाओं को विधिवत घाट के लिए रवाना किया जाएगा।

बैठक में बघौना, देहली बाजार, कनेहटी, बहुरहवां, बल्दीराय सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं बाजारों की दुर्गापूजा समितियों के पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए व्यवस्थाओं में सहयोग की सहमति जताई।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 37 बच्चों ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन बल्दीराय तहसील क्षेत्र स्थित राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज में किया गया। परीक्षा में कक्षा छह से 12 तक के विभिन्न वर्गों के कुल 37 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित होने वाली इस परीक्षा को विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया गया। ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित परीक्षा को विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी उपयोगी बताया। परीक्षा के दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की सुलतानपुर इकाई से अजय कुमार सिंह परीक्षा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। उनकी देखरेख में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बताया गया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए



बौद्धिक एवं सामाजिक विकास के साथ बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में भी उपयोगी बताई परीक्षा

कक्षा एवं वर्ग के अनुसार एक पुस्तिका उपलब्ध कराई जाती है। विद्यार्थी पुस्तिका का अध्ययन करने के बाद प्रदेशभर में एक साथ आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होते हैं।

परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं ने इसे व्यक्तिगत जीवन, सामाजिक जीवन तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्मराज शर्मा, उप प्रधानाचार्य रामराज शर्मा, भौतिकी प्रवक्ता संतोष प्रजापति तथा गायत्री परिवार से रामराज जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सम्पादकीय

प्रकृति के अनमोल सफाईकर्मी बचेंगे तो बचेगा पर्यावरण

गिद्ध भले ही डरावने दिखें, लेकिन प्रकृति के सफाईकर्मी और जनस्वास्थ्य के प्रहरी हैं। इनकी घटती संख्या चिंता का विषय है। पिंजौर का जटायु केंद्र इनके संरक्षण की उम्मीद बनकर उभरा है। गिद्धों को अक्सर एक अशुभ और डरावने पक्षी के रूप में देखा जाता है, जबकि वास्तव में वे प्रकृति के सबसे उपयोगी और आवश्यक जीवों में से एक हैं। ये पक्षी मृत पशुओं के अवशेषों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रकृति में इनका योगदान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि वे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। दुर्भाग्यवश, भारत में पिछले कुछ दशकों के दौरान गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिसके दूरगामी प्रभाव पर्यावरण और समाज, दोनों पर दिखाई दिए हैं। गिद्धों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक रोगों के प्रसार को रोकना है। जब कोई पशु मर जाता है, तो उसका शव विभिन्न प्रकार के जीवाणुओं, विषाणुओं और अन्य रोगजनकों का स्रोत बन सकता है। यदि ऐसे शव लंबे समय तक खुले में पड़े रहें, तो वे मिट्टी, जल और वायु को दूषित कर सकते हैं। गिद्ध इन शवों को बहुत कम समय में खाकर समाप्त कर देते हैं। उनके पाचन तंत्र में मौजूद अत्यधिक अम्लीय रस कई खतरनाक रोगजनकों को नष्ट कर देते हैं। इस प्रकार वे प्राकृतिक रूप से संक्रमण फैलने की संभावनाओं को कम करते हैं और मानव तथा पशु स्वास्थ्य की रक्षा में योगदान देते हैं। भारत में 1990 के दशक के बाद गिद्धों की आबादी में 95 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई। वैज्ञानिकों ने पाया कि पशुओं के उपचार में इस्तेमाल होने वाली डाइक्लोफ़ेनाक नामक दवा गिद्धों के लिए घातक सिद्ध हुई। जब गिद्धों की संख्या घटने लगी, तो मृत पशुओं के शव अधिक समय तक खुले में पड़े रहने लगे। इससे आवारा कुत्तों और अन्य मृतभक्षी जीवों के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ी, जिसके परिणामस्वरूप उनकी संख्या में भी वृद्धि हुई। कई अध्ययनों ने संकेत दिया है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी ने रेबीज जैसी बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ाया। यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि किसी एक प्रजाति की संख्या में कमी किस प्रकार जनस्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है। इस संकट के बीच उत्तर भारत में संरक्षण की एक महत्वपूर्ण पहल हरियाणा के पिंजौर के निकट स्थित जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र है। चंडीगढ़ से इसकी क्षेत्रीय निकटता इसे इस पूरे क्षेत्र के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनाती है। यह केंद्र हरियाणा वन एवं वन्यजीव विभाग और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी की संयुक्त पहल है। इसकी शुरुआत सितंबर 2001 में गिद्धों की तेजी से घटती संख्या के कारणों को समझने और संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हुई थी। बाद में दक्षिण एशिया गिद्ध पुनर्प्राप्ति योजना की सिफारिशों के अनुरूप इसे संरक्षण-प्रजनन केंद्र के रूप में विकसित किया गया। पिंजौर का यह केंद्र मुख्य रूप से तीन गंभीर रूप से संकटग्रस्त गिद्ध प्रजातियोंकृव्हाइट-बैक्ड, लॉन्ग-बिल्ड इंडियन और स्लेंडर-बिल्ड गिद्ध के संरक्षण पर काम करता है। यहां सुरक्षित परिस्थितियों में वैज्ञानिक तरीके से प्रजनन कराया जाता है। नवजात और वयस्क पक्षियों की देखभाल के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और व्यवहार की भी निगरानी की जाती है। केंद्र में क्वारंटीन, अस्पताल, नर्सरी और बड़े एवियरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रयोगशाला के माध्यम से पक्षियों के स्वास्थ्य और जैविक नमूनों की भी जांच की जाती है। जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का महत्व केवल गिद्धों को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं है। केंद्र ने डाइक्लोफ़ेनाक को गिद्धों की मृत्यु और आबादी में गिरावट के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, यहां वैकल्पिक पशु-औषधियों की सुरक्षा का अध्ययन, गिद्धों की निगरानी और संरक्षण-प्रजनन से संबंधित प्रशिक्षण जैसे कार्य भी किए गए हैं। केंद्र का दीर्घकालिक उद्देश्य सुरक्षित और उपयुक्त क्षेत्रों में कैप्टिव-ब्रेड गिद्धों को पुनः जंगल में स्थापित करने के प्रयासों में योगदान देना है।

युद्ध की राख से शांति का नया संसार कैसे बने?

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर विशेष

दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम-से-कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए-मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्ज़ा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सितंबर में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता फिर शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण सहित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अभी भी विवादित हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति भी विश्व-शांति के लिए गंभीर चुनौती है। गाजा में संघर्ष और मानवीय संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सितंबर 2026 में भी वहां हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाइयों के कारण नागरिकों की मौतें जारी थीं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित जीवन जी रहे थे। दूसरी ओर, फरवरी 2026 से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष क्षेत्रीय तनाव को व्यापक बना चुका है। ईरान के हमलों और अमेरिकी तथा इजराइली सैन्य कार्रवाइयों ने केवल संबंधित देशों को ही नहीं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र, ऊर्ज़ा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को भी प्रभावित किया है। सितंबर में भी इस युद्ध के समाप्त होने की स्पष्ट स्थिति नहीं बनी थी। इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं।



21 सितम्बर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस वर्ष ऐसे समय में आया है, जब दुनिया को शांति की सबसे अधिक जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच चुका है, पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष की मानवीय त्रासदी समाप्त नहीं हुई है और 2026 में अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे वातावरण में शांति केवल एक आदर्श या कूटनीतिक शब्द नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की थीम रखी है-ह्लशांति में निवेश करें-सभी के लिए, हर जगह, हर दिन।ङ्क संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि सुरक्षा, गरिमा, अवसर और सहयोग का ऐसा वातावरण है जिसमें मनुष्य भयमुक्त होकर जीवन जी सके। इस वर्ष विशेष रूप से उन 'रोजमर्रा के शांति-निर्माताओं' को रेखांकित किया जा रहा है, जो अपने परिवार, समुदाय, विद्यालय और समाज में संवाद तथा विश्वास की नींव मजबूत करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी शांति की खोज एवं शांति की स्थापना में होना चाहिए। ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के महत्व को ही रेखांकित किया है। दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम-से-कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए-मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्ज़ा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सितंबर में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता फिर शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण सहित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अभी भी विवादित हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति भी विश्व-शांति के लिए गंभीर चुनौती है। गाजा में संघर्ष और मानवीय संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सितंबर 2026 में भी वहां हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाइयों के कारण नागरिकों की मौतें जारी थीं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित जीवन जी रहे थे। दूसरी ओर, फरवरी 2026 से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष क्षेत्रीय तनाव को व्यापक बना चुका है। ईरान के हमलों और अमेरिकी तथा इजराइली सैन्य कार्रवाइयों ने केवल संबंधित देशों को ही नहीं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र, ऊर्ज़ा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को भी प्रभावित किया है। सितंबर में भी इस युद्ध के समाप्त होने की स्पष्ट स्थिति नहीं बनी थी। इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्ज़ा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है। इसलिए शांति की चर्चा केवल सीमाओं और सेनाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि मानवाधिकार, विकास, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के संदर्भ में भी करनी होगी। शांति स्थापित करने का पहला रास्ता संवाद है। युद्धरत देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। युद्ध के बीच भी मानवीय गलियारे, युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय सहायता के रास्ते खुले रखने चाहिए। स्थायी शांति के लिए बातचीत में केवल शक्तिशाली देशों की भूमिका पर्याप्त नहीं है; क्षेत्रीय देशों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, नागरिक समाज और प्रभावित समुदायों की आवाज भी शामिल होनी चाहिए। दूसरा रास्ता है हथियारों की दौड़ के बजाय शांति में निवेश। दुनिया सैन्य क्षमता पर जितना खर्च करती है, उसका एक हिस्सा यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जलवायु संरक्षण और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण पर लगाया जाए तो हिंसा की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। शांति केवल युद्ध समाप्त करने से नहीं आती; गरीबी, असमानता, बेरोजगारी, भेदभाव और अवसरों की कमी जैसे कारणों पर काम करना भी शांति-निर्माण का हिस्सा है। तीसरा महत्वपूर्ण उपाय है विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को मजबूत करना। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना ही अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई थी। आज आवश्यकता इस बात की है कि बहुपक्षीय संस्थाएं अधिक प्रभावी, प्रतिनिधित्वपूर्ण और जवाबदेह बनें। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 2026 के संदेश में कूटनीति, संवाद, बातचीत, शांति स्थापना, मानवाधिकार और सतत विकास में निवेश को स्थायी शांति के महत्वपूर्ण साधन बताया है। भारत की शांति-दृष्टि भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पंचशील के सिद्धांत-एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान, आक्रामकता से परहेज, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना, समानता एवं पारस्परिक लाभ तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व-अंतरराष्ट्रीय संबंधों में संवाद और सह-अस्तित्व की अवधारणा को मजबूत करते हैं। महावीर का अहिंसा संदेश, बुद्ध की करुणा, गांधी का सत्य-अहिंसा दर्शन और आधुनिक भारत की शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की परंपरा दुनिया को यह स्मरण कराती है कि शक्ति का सर्वोच्च रूप विनाश नहीं, संयम और मानवीयता है। शांति केवल सरकारों की जिम्मेदारी भी नहीं है। घर में संवाद, विद्यालय में सहिष्णुता, समाज में भाईचारा और डिजिटल माध्यमों पर जिम्मेदार भाषा-ये सब विश्वशांति की ही छोटी इकाइयां हैं। आज सोशल मीडिया पर नफरत, झूठी सूचनाएं और उकसाने वाली भाषा सामाजिक तनाव को बढ़ाती हैं। इसलिए डिजिटल शांति भी 21वीं सदी की एक बड़ी आवश्यकता है। बच्चों और युवाओं को विवाद का उत्तर हिंसा से नहीं, तर्क, संवाद और सहानुभूति से देना सिखाना होगा। सफ़ेद कबूतर शांति का प्रतीक जरूर है, लेकिन अब प्रतीकों से आगे बढ़कर शांति की ठोस संरचना बनाने का समय है। युद्ध रोकने के लिए कूटनीति, नागरिकों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता, विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग-इन सभी को समान महत्व देना होगा। आज दुनिया को यह स्वीकार करना होगा कि किसी देश की सुरक्षा दूसरे देश की असुरक्षा पर स्थायी रूप से आधारित नहीं हो सकती। किसी एक क्षेत्र का युद्ध धीरे-धीरे ऊर्ज़ा, व्यापार, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। इसलिए शांति अब किसी एक राष्ट्र का विषय नहीं, पूरी मानवता का साझा हित है। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम केवल युद्ध समाप्त होने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अपने-अपने स्तर पर शांति की संस्कृति विकसित करें। संयुक्त राष्ट्र का 2026 का संदेश भी इसी दिशा में है-शांति सम्मेलन कक्षों में ही नहीं, बल्कि विद्यालयों, मोहल्लों, परिवारों और समाजों में भी निर्मित होती है। मनुष्य ने विज्ञान से आकाश जीत लिया, समुद्र की गहराइयां नाप लीं और अंतरिक्ष तक पहुंच बना ली; अब उसे अपने भीतर की हिंसा पर विजय प्राप्त करनी है। युद्ध की राख से यदि शांति का संसार बनाना है तो हथियारों से अधिक विश्वास, शक्ति से अधिक संवाद और प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग में निवेश करना होगा। यही अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का वास्तविक संदेश है-दुनिया को युद्ध से विराम ही नहीं, शांति को स्थायी जीवन-पद्धति बनाना होगा। -ललित गर्ग

कचरे के ढेर पर बढ़ते शहर

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण आर्थिक विकास, रोजगार और बेहतर जीवनस्तर के अवसर तो पैदा कर रहा है लेकिन इसके साथ उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। अनियोजित शहरी विस्तार, बढ़ती जनसंख्या, बदलती जीवनशैली, उपभोक्तावाद और एकल-उपयोग वाली वस्तुओं के बढ़ते इस्तेमाल ने शहरों में कचरे की मात्रा और विविधता दोनों को बढ़ा दिया है। अनेक शहरों में कचरे का संग्रहण, परिवहन और निस्तारण अभी भी मुख्यतः 'कलेक्ट-ट्रांसपोर्ट-डंप' मॉडल पर आधारित है। इसका परिणाम खुले में कचरा फेंकने, जलाने, जल स्रोतों के प्रदूषण, दुर्गंध, वायु प्रदूषण और लैंडफिल के बढ़ते दबाव के रूप में सामने आता है। इसलिए भारत के सामने चुनौती केवल कचरा हटाने की नहीं बल्कि उसे संसाधन में बदलने की है। भारत के ठोस अपशिष्ट की प्रकृति अत्यंत विविध है। घरेलू और व्यावसायिक गतिविधियों से निकलने वाला नगरपालिका ठोस अपशिष्ट इसका सबसे बड़ा हिस्सा है, जिसमें भोजन और अन्य जैविक पदार्थों के साथ कागज, प्लास्टिक, कांच, धातु, कपड़ा और पैकेजिंग सामग्री शामिल होती है। जैविक कचरे की बड़ी मात्रा भारत के लिए चुनौती के साथ अवसर भी है क्योंकि इससे खाद और बायोगैस का उत्पादन किया जा सकता है। प्लास्टिक अपशिष्ट दूसरी बड़ी समस्या है। विशेषकर मल्टी-लेयर पैकेजिंग और एकल-उपयोग प्लास्टिक का पुनर्चक्रण कठिन होता है तथा इनके नालियों, नदियों और समुद्रों तक पहुंचने की संभावना रहती है। निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाला मलबा भी तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें कंक्रीट, ईंट, पत्थर, टाइल, लकड़ी और धातु शामिल हैं। इसका वैज्ञानिक पुनर्चक्रण कर सड़क निर्माण तथा नए निर्माण में उपयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जैव-चिकित्सीय कचरा, ई-कचरा और खतरनाक औद्योगिक कचरा विशेष सावधानी की मांग करते हैं। अस्पतालों से निकलने वाले संक्रमित पदार्थ, सुइयां, दूषित प्लास्टिक और औषधीय अवशेष यदि सामान्य कचरे के साथ मिल जाएं तो स्वास्थ्यकर्मियों, कचरा बीनने वालों और आम नागरिकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। इसी प्रकार कंप्यूटर, मोबाइल फोन, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाले ई-कचरे में मूल्यवान धातुओं के साथ सीसा, पारा और अन्य हानिकारक पदार्थ भी हो सकते हैं। रसायन, सॉल्वेंट, पेंट और औद्योगिक अवशेष जैसे खतरनाक अपशिष्ट को सामान्य नगरपालिका कचरे से अलग रखना आवश्यक है। इस संकट से निपटने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय स्रोत पर कचरे का पृथक्करण है। गीले, सूखे और खतरनाक कचरे को अलग-अलग रखने से आगे की पूरी प्रबंधन प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है। जीपीएस आधारित कचरा वाहन, सेंसरयुक्त स्मार्ट बिन, टक्कक तकनीक और डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली संग्रहण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और कुशल बना सकती हैं। लेकिन यह समझना जरूरी है कि तकनीक नागरिक अनुशासन का विकल्प नहीं है। यदि घर और संस्थान स्तर पर कचरा अलग नहीं किया जाएगा तो अत्याधुनिक प्रसंस्करण संयंत्र भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएंगे। जैविक कचरे के लिए कम्पोस्टिंग और बायोमिथेनेशन महत्वपूर्ण समाधान हैं। कम्पोस्टिंग के माध्यम से जैविक कचरे को उपयोगी जैविक खाद में बदला जा सकता है, जबकि एनारोबिक डाइजेशन से बायोगैस और जैविक अवशेष प्राप्त होते हैं। इससे लैंडफिल पर दबाव कम होने के साथ ऊर्ज़ा और कृषि के लिए उपयोगी संसाधन प्राप्त होते हैं। बड़े शहरों में विकेंद्रीकृत कम्पोस्टिंग तथा बायोगैस संयंत्र परिवहन लागत और कचरे के अनावश्यक स्थानांतरण को भी कम कर सकते हैं। सूखे कचरे के लिए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी अत्यंत उपयोगी हैं। इनमें कन्वेयर बेल्ट, चुंबकीय पृथक्करण, एयर क्लासिफायर, ऑप्टिकल सॉर्टिंग और आधुनिक सेंसर तकनीक के माध्यम से कागज, धातु और विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को अलग किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कंप्यूटर विजन आधारित प्रणालियां भविष्य में स्वचालित छंटाई को और अधिक प्रभावी बना सकती हैं। हालांकि, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री में गीले कचरे के मिश्रण से उसकी गुणवत्ता और आर्थिक उपयोगिता कम हो जाती है। इसलिए स्रोत पर पृथक्करण इस पूरी तकनीकी श्रृंखला की बुनियादी शर्त है।

सेहत मंत्र

दिल की खतरनाक बीमारी है कन्जेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर

जब हमारे हृदय को अपनी जरूरत के हिसाब से रक्त नहीं मिलता, तो उस स्थिति को कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर या सीएचएफ कहते हैं। इस अवस्था में दिल के आस-पास की नसों के जरिए खून का संचार सही प्रकार से नहीं हो पाता। कंजेस्टिव हार्ट फैल्योर का सबसे ज्यादा असर फ़ेफड़ों, पैर और पेट पर पड़ता है। सीएचएफ को क्रोनिक हार्ट फैल्योर के नाम से भी जाना जाता है। दिल इस स्थिति के लिए सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप, कोरोनरी हृदय रोग, कार्डियोमायोपैथी और दिल की अन्य बीमारियां जिम्मेदार हैं। लेकिन अगर दिल का दौरा पहले भी पड़ चुका है तो उसका असर बाद में पड़ता है और कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति होती है। कांजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर के कारणः मोटापे के कारण, संतृप्त वसा और उच्च कोलेस्ट्रॉल युक्त आहार का सेवन करना।, उच्च रक?तचाप का होना।, मधुमेह के कारण।, धूम्रपान करने से।, शारीरिक निष्क्रियता के कारण। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर के लक्षणः शारीरिक गतिविधि के दौरान सांस लेने में दिक्कत होना, सामान?य स्थिति में भी सांस लेने में दिक्कत होना, हमेशा थकान का एहसास होना, मांसपेशियों में दर्द होना, टखने और पैर में सूजन होना, पेट में सूजन होना, गले में घरघराहट होना और लगातार खांसी आना। कंजेस्टिव हार्ट फ़ेल्योर का उपचारः दवाओं सेः दवाओं के जरिए दिल की इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। रक्त संचार को नियमित करने के लिए आप अपने चिकित्सक से सलाह लेकर दवाओं का सेवन कर सकते हैं। दवाओं के सेवन से दिल ठीक से काम करेगा और यह बीमारी नियंत्रित हो सकेगी। हाई ब्लड प्रेशर का इलाजः यदि आपका ब्लड प्रेशर ज्यादा है तो कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति हो सकती है। इसलिए ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रख कर इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलावः दिल की बीमारी के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार लाइफस्टल और खान-पान है। यदि कंजेस्टिव हार्ट फ़ेलर की स्थिति है, तो नियमित रूप से व्यायाम कीजिए, स्मोकिंग बिलकुल न करें, नियमित रूप से डाइट चार्ट का पालन कीजिए, खाने में कम वसा वाले आहार शामिल कीजिए, नमक कम मात्रा में लीजिए।

धर्म मंत्र

धन लाभ के लिए दक्षिणावर्ती शंख में गाय का दूध लेकर करें देवी लक्ष्मी का अभिषेक

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तक महालक्ष्मी व्रत किया जाता है। ये व्रत मुख्य तौर पर महाराष्ट्रीयन परिवारों में किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार, इन 15 दिनों में रोज माता लक्ष्मी की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस बार ये व्रत 16 सितंबर, रविवार से शुरू हो रहा है जो 2 अक्टूबर, मंगलवार तक किया जाएगा। इस व्रत के दौरान महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए विशेष उपाय किए जाएं तो धन से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय इस प्रकार हैं... 1. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज देवी लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी पूजा करें। इससे भी धन लाभ के योग बनते हैं। 2. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज दक्षिणावर्ती शंख में गाय का कच्चा (बिना उबला) दूध लेकर देवी लक्ष्मी की मूर्ति का अभिषेक करें। 3. महालक्ष्मी व्रत के दौरान रोज किसी लक्ष्मी मंदिर में कमल के फूल अर्पित करें। इससे भी देवी लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। 4. इन 15 दिनों कभी भी कमल गट्टे की माला देवी लक्ष्मी को अर्पित करें और बाद में ये माला अपनी तिजोरी में रख लें। 5. देवी पुराण के अनुसार यदि आप धन लाभ की इच्छा रखते हों तो महालक्ष्मी का श्रृंगार सोने, चांदी आदि के आभूषणों से करें। 6. देवी महालक्ष्मी की पूजा में कौड़ी अर्पित करें और बाद में इसे अपने धन स्थान जैसे- तिजोरी या लॉकर में रख लें। 7. महालक्ष्मी व्रत के दौरान श्रीयंत्र या महालक्ष्मी यंत्र अपने पूजा स्थान पर स्थापित करें और रोज इसकी पूजा करें।

पर्यटन



सेंट विनसेंट में लें खूबसूरत पहाड़ों के साथ समुद्र में अलग-अलग वॉटर एक्टिविटीज का भी मजा

कैरेबियन आइलैंड पर बसा सेंट विनसेंट बहुत ही खूबसूरत टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। जहां यॉट में बैठकर समुद्र घूमने का मजा लिया जा सकता है। यह वॉल्केनो आईलैंड नेचुरली बहुत ही खूबसूरत है। जिसमें स्कूबा डाइविंग से लेकर स्नोर्केलिंग जैसी एक्टिविटीज़ को एन्जॉय किया जा सकता है। यहां कई सारे वॉल्केनो पहाड़ हैं। जिसमें ला सोफियरे सबसे बड़ा पहाड़ है। साल1979 के बाद से इसमें कोई विस्फोट नहीं हुआ है। यहां रहने वाले लोगों को विनसेंटियन्स कहा जाता है लेकिन इनके अलावा यहां ब्रिटिश और फ्रांसीसी लोग भी रहते हैं। 160 किमी के एरिया में फैला सेंट विनसेंट आइलैंड 29 किमी लंबा और 18 किमी चौड़ा है। जो बारबडोस के पूर्व में स्थित है। ये पूरा आइलैंड पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ है। यहां का औसतन तापमान 18-31 डिग्री के बीच रहता है इसलिए किसी भी मौसम में यहां जाने की प्लानिंग नहीं कर सकते हैं। हां अगस्त में यहां का मौसम सुहावना होता है। जिस दौरान यहां बहुत से टूरिस्ट्स आते हैं। यहां के 95% बीच पर आपको काली रेत देखने को मिलेगी वहीं ग्नेरेडियंस द्वीप में सफ़ेद रेत। काली रेत का इस्तेमाल अब बिल्डिंग इंडस्ट्री में किया जाने लगा है। आईलैंड में घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। हर एक जगह कुछ नया देखने और जानने को मिलता है। साल 2002 में सेंट विनसेंट में अमेरिकन मूवी Pirates of the caribbean: The curse of the black pearl की शूटिंग हुई थी। इसके अलावा और भी कई दूसरी हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। कुछ ऐसी है इस जगह की खूबसूरती। है कि यहां कई हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी होती है। यहां तक कि अमेरिकन एडवेंचर फिल्में भी यहां शूट होती हैं। स्थानीय लोगों को भी शूटिंग के दौरान कई मौके मिलते हैं। 2.5 स्क्वेयर किमी में फैले इस छोटे से आइलैंड पर बोट द्वारा ही पहुंचा जा सकता है। ये जगह सनबेथिंग के लिए परफेक्ट है। साउथ ग्नेरेडियंस में टोबैगो केज में स्वीमिंग से लेकर स्नोर्केलिंग दोनों का ही मजा ले सकते हैं। यहां का क्रिस्टल क्लीयर वॉटर टूरिस्टों को अपनी ओर आकर्षित करता है। हरे-नीले पानी और सफ़ेद रेत वाला ये आइलैंड बहुत ही खूबसूरत है। जहां आप स्नोर्केलिंग को एन्जॉय कर सकते हैं। आसपास नारियल के हरे-भरे पेड़ इस जगह की खूबसूरती को दोगुना करते हैं।

लोधौरा महादेवा में सरकारी तालाबों की जमीनों पर अतिक्रमण !

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। लोधौरा महादेवा में प्रस्तावित कॉरिडोर से सटी सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के मामले ने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता दिनेश बाजपेई की आईजीआरएस शिकायत संख्या 20017626021468 की जांच में लेखपाल की रिपोर्ट में सरकारी तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे और पक्के मदरसे के निर्माण का उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद कब्जा हटाने की कार्रवाई के बजाय ग्राम प्रधान को पत्र भेजे जाने और बाद में शिकायत को न्यायालय के क्षेत्राधिकार का मामला बताकर निस्तारित किए जाने का आरोप है।



शिकायत के अनुसार गाटा संख्या 59, रकबा 0.076 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में तालाब के खाते में दर्ज है। लेखपाल की रिपोर्ट में इस जमीन पर अतिक्रमण और पक्का मदरसा बने होने का उल्लेख है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मदरसा गाटा संख्या 69, रकबा 0.405 हेक्टेयर पर होना बताया गया था। इसके अलावा गाटा संख्या 482 के खलिहान, गाटा 152, 426 और 901 पर भी अलग-अलग लोगों के कब्जे का उल्लेख जांच रिपोर्ट में किया गया है।

सबसे बड़ा सवाल कार्रवाई को लेकर है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कब्जे का उल्लेख करने के बाद भी लेखपाल ने अतिक्रमण हटाने के लिए ग्राम प्रधान को पत्र भेज दिया, जबकि

मदरसा! लेखपाल की रिपोर्ट में कब्जे का जिक्र

प्रधान के पास सरकारी भूमि से बेदखली की कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि खलिहान की जमीन पर प्रधान का मकान होने के बावजूद उसी स्तर पर कार्रवाई की जिम्मेदारी डाल दी गई।

इसके बाद 18 सितंबर को एसडीएम रामनगर की ओर से आईजीआरएस पर प्रकरण को न्यायालय के क्षेत्राधिकार में बताते हुए निस्तारित कर दिया गया।

''कार्रवाई के बजाय प्रधान को पत्र लिखकर इतिश्री''

शिकायतकर्ता का दावा है कि सरकारी तालाब और खलिहान जैसी सार्वजनिक भूमियों से अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई किए जाने के बजाय शिकायत को इस तरह बंद करना पूरे मामले को सवालों के घेरे में खड़ा करता है।

लेखपाल ने तालाब की जमीन पर अतिक्रमण और पक्के मदरसे के निर्माण की पुष्टि की।

''आरटीआई का जवाब भी नहीं मिलने का आरोप''

शिकायतकर्ता ने 15 सितंबर को आरटीआई के माध्यम से कथित कब्जेदारों और कार्रवाई से संबंधित जानकारी मांगी थी। आरोप है कि निर्धारित समय बीतने के बावजूद उसे सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। अब शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

''ड्रोन सर्वे और जीआईएस मैपिंग की मांग''

शिकायतकर्ता ने लोधौरा महादेवा की सार्वजनिक भूमि की एडीएम, न्यायिक एसडीएम, डीपीआरओ और दूसरी तहसील के तहसीलदार की संयुक्त टीम से जांच कराने, ड्रोन सर्वे व जीआईएस मैपिंग के जरिए सरकारी जमीनों की स्थिति चिह्नित करने और अतिक्रमण मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

''सात दिन में कार्रवाई नहीं तो.... चेतावनी''

शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि सात दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वह हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में जनहित याचिका दाखिल करेगा। ऐसे में अब सवाल सिर्फ एक गाटा संख्या का नहीं, बल्कि महादेवा कॉरिडोर के आसपास की सार्वजनिक भूमि की निगरानी और अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई का है। जब जांच रिपोर्ट में ही तालाब की जमीन पर कब्जे और पक्के निर्माण का उल्लेख है, तो अब तक बेदखली की कार्रवाई क्यों नहीं हुई– इसका जवाब तहसील प्रशासन को देना होगा।

भ्रम से दूर रहकर 2017 के बाद हुए विकास कार्यों का खुद आकलन करें : साकेंद्र प्रताप वर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा, बाराबंकी। घुंघटेर में 'कहानी बदलाव की–सेवा संकल्प अभियान' के तहत किसान संगोष्ठी एवं कृषि मेले का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने किसानों और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कृषि योजनाओं के साथ क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि लोग किसी भ्रम में न फंसें और वर्ष 2017 में प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का स्वयं आकलन करें। उन्होंने युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कहा कि क्षेत्र में जो विकास कार्य शेष हैं, उन्हें भी 2027 के बाद कराया जाएगा।

विधायक ने कृषि, बाल विकास, मृदा परीक्षण और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली और किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी राजित राम, उपनिदेशक कृषि उमेश कुमार समेत विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

गणेश उत्सव में झांकियों और भजनों ने बांधा समां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर के जमलापुर गांव स्थित बाबा श्रीकेशरीदास मंदिर परिसर में गणेश उत्सव के अवसर पर भव्य झांकी एवं भजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धार्मिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। लखनऊ के सौरोही आर्ट झांकी ग्रुप की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं अयोध्या धाम के मवई चौराहा स्थित श्रद्धा म्यूजिकल जागरण परिवार के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। पूजा कौशल, अंजनी साहू और अमन राजपूत ने भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

घोरहा पावर हाउस के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, यातायात बाधित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीपरपुर/अमेठी। पीपरपुर थाना क्षेत्र में घोरहा पावर हाउस के पास रविवार को दो तेज रफ्तार ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए और उनके अगले हिस्सों के परखच्चे उड़ गए। हालांकि गनीमत रही कि दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोग मौके पर जुट गए। दुर्घटना के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हो गया।

सूचना मिलने पर पीपरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को सुचारु रूप से बहाल कराया गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बासूपुर में धूमधाम से मनाया गया गणेश चतुर्थी उत्सव, सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भेटुआ/अमेठी। विकासखंड भेटुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बासूपुर में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उत्सव में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य सुमंत कुमार पाण्डेय एवं समाजसेवी संजय मिश्रा उपस्थित रहे। आयोजकों ने दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने गणेश चतुर्थी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष



महात्मा प्रसाद तिवारी, परमानंद पांडे, इंद्रेश कुमार श्रीवास्तव, बीडीसी सदस्य रामतीर्थ यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक कृष्ण कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में ग्राम पंचायत के प्रधान राजेश कुमार तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

शाहपुर में विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति के खिलाफ तहरीर

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड़डूपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार सुबह 30 वर्षीय विवाहिता गायत्री पत्नी आशीष संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने रोशनदान तोड़कर उसे नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गायत्री की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व हुई थी और उसके तीन बेटे हैं। भगौली चौकी प्रभारी श्रीकांत मिश्रा के अनुसार मायके पक्ष ने पति के खिलाफ तहरीर दी है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

बेलहरा में पोषाहार वितरण में अनियमितता का आरोप, जांच के आदेश

बेलहरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बेलहरा के सौरंगा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर सरकारी पोषाहार वितरण में अनियमितता के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई माह से बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषाहार नहीं मिला, जबकि अभिलेखों में वितरण दर्ज किया जाता रहा। हाल में राशन केंद्र पहुंचने से पहले ही वितरण दर्ज होने का मामला सामने आने पर लाभार्थियों ने कार्यकत्री से जानकारी मांगी। कार्यकत्री आशा वर्मा ने इसे सुपरवाइजर के निर्देश पर किया जाना बताते हुए एक सप्ताह में राशन वितरित करने की बात कही। ग्रामीणों ने अभिलेखीय और वास्तविक वितरण का सत्यापन कराने की मांग की है। सीडीओ पंकज वर्मा ने जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एक्स-रे मशीन पखवाड़ेभर से खराब, मरीज परेशान

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर में एक्स-रे मशीन करीब एक पखवाड़े से खराब पड़ी है। इससे चिकित्सकों की सलाह पर एक्स-रे कराने वाले मरीजों को निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। जांच शुल्क के साथ आने-जाने का अतिरिक्त खर्च भी मरीजों पर पड़ रहा है। मरीजों और तीमारदारों ने अधिकारियों से मशीन जल्द दुरुस्त कराकर जांच सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

शारदा नहर का पुल बदहाल, गड्ढों में भर रहा पानी; भारी वाहनों का आवागमन बंद

निन्दूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रीवा-सीवा-सरसवां मार्ग पर शारदा नहर का पुल लंबे समय से बदहाल है। पुल की सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भरने से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। पुल के दोनों ओर अवरोध लगाए जाने से कई महीनों से भारी वाहनों का आवागमन बंद है। इससे वाहन चालकों को दूसरे रास्तों से अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्रीय लोगों ने पुल की सड़क की मरम्मत कराने और आवागमन सुचारु कराने की मांग की है।

नहर में डूबे युवक का शव तीन दिन बाद मिला

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम प्यारेपुर निवासी 30 वर्षीय मनीष रावत द्वारा गुरुवार को अछेछा के पास शारदा सहायक डबल नहर में छलांग लगाने के तीन दिन बाद रविवार को तिलपुरा झाल के निकट शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनीष की तलाश में पुलिस, एनडीआरएफ, गोताखोर और परिजन जुटे थे। रात में तिलपुरा झाल पर रोशनी की व्यवस्था कर परिजन शव की तलाश करते रहे। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मनीष परिवार का इकलौता बेटा था। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जल जीवन मिशन में शिकायतों का डिजिटल समाधान, 'जल सारथी' से घर बैठे होगी सुनवाई

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांव में नल लगा है, लेकिन पानी नहीं आ रहा। पाइपलाइन में लीकेज है या जलापूर्ति बाधित है-अब ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं को अब 'जल सारथी' ऐप के माध्यम से सीधे दर्ज कराया जा सकता है। डिजिटल माध्यम से शिकायत संबंधित विभाग तक पहुंचने के साथ ही उसके निस्तारण की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया गया है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर तक नल से जल पहुंचाने के साथ ही पेयजल सेवाओं को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में 'जल सारथी' ऐप को जनसामान्य और विभाग के बीच एक डिजिटल सेतु के रूप में उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से समस्या दर्ज कराकर विभाग को उसकी जानकारी दे सकते हैं। ऐसे बनें 'जल सारथी' के माध्यम से अपनी समस्या के समाधान का हिस्सा अधिशासी अभियंता, जल निगम मनोज कुमार मौर्यने बताया कि इसके लिए एंड्रॉयड मोबाइल के Google Play Store पर जाकर áJal Sarathi'/'जल सारथी' ऐप डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप इंस्टॉल करने के बाद मांगी गई आवश्यक जानकारी के साथ पंजीकरण/लॉगिन की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद शिकायत दर्ज करने के विकल्प पर जाकर जल जीवन मिशन से संबंधित समस्या का स्पष्ट विवरण दर्ज करें।
समस्या से संबंधित आवश्यक विवरण अथवा उपलब्ध होने पर फोटो भी अपलोड किया जा सकता है।

चोरी के इक्कीस मोबाइल और एक बैट्री के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने चोरी के इक्कीस मोबाइल फोन व एक बैट्री के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है जिसकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सूरज कोरी पुत्र दुखी कोरी निवासी ग्राम धौरहरा थाना संग्रामपुर,गोकुल मिश्रा पुत्र हरिश्चन्द्र मिश्रा निवासी कस्बा अठगंवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवकों के कब्जे से कुल इक्कीस एन्ड्राएड मोबाइल फोन व एक बैट्री बरामद हुई है।बरामद सामान के कागज मांगने पर दिखा न सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया बरामद सभी मोबाइल फोन व बैट्री चोरी की है।बरामद बैट्री बीती तेरह अगस्त को मौहरिया भावलपुर के चंचल तिवारी के डम्फर से तीन बैट्री चोरी कर लिये थे जिसमें से दो बैट्री बेच दिये थे जिसका पैसा खर्च हो गया है तथा सत्रह सितम्बर को धौरहरा बाजार से एक व्यक्ति की जेब से एक मोबाइल चुरा लिया था इसके अतिरिक्त बीस अन्य मोबाइल फोन हम लोग ट्रेन में पानी बेचते समय व अन्य स्थानों से अलग अलग दिन में चोरी किये थे। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

भैंस चोरी करने के मामले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व चोरी की भैंस बिक्री के 08 हजार रुपए बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने भैंस चोरी करने के मामले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।10 सितम्बर को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव राईखेड़ा निवासी सुमन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी तीन भैंस चोरी कर ली हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस विवेचना में थाना कंाट क्षेत्र के गांव सफत्यारा निवासी अतुल उर्फ आनन्द पुत्र विजेन्द्र कुमार और अमित गुप्ता पुत्र गजेन्द्र पाल गुप्ता का नाम प्रकाश में आया। पुलिस दोनों अभियुक्तों की तलाश में थी। बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंथरा रेलवे ब्रिज के पास से अभियुक्त अतुल उर्फ आनंद और अमित गुप्ता को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और चोरी की भैंस बिक्री के शेष बचे आठ हजार रुपये भी बरामद किए। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों ने राईखेड़ा से तीन भैंसें चोरी की थीं। उक्त



भैंसें चोरी करके उनके साथी राईखेड़ा के ही रहने वाले राजकमल उर्फ कमल उर्फ टाइगर और थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अब्दुल्लगंज निवासी नन्हें मिश्रा उर्फ पंडित ने उन्हें दी थीं। इसके बाद उन दोनों ने तीनों चोरी की भैंस कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हयातपुरा के पास राजकमल उर्फ टाइगर एवं नन्हे मिश्रा उर्फ पंडित को दे दीं। कुछ दिन बाद राजकमल और नन्हें ने भैंस चोरी के एवज में अतुल को 15 हजार और अमित को 13 हजार रूपए दिए थे तथा शेष धनराशि बाद में देने को कहा था। बताया कि कुछ दिन बाद चोरी की गई भैंसों को ले जाते हुए उन लोगों का वीडियो वायरल हुआ था। वाडियो वायरल होने के बाद वो दोनों अपने घर से भाग गए थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है और फरार अभियुक्त राजकमल और नन्हें मिश्रा की तलाश में है।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम फाइनल में, एक और पदक पक्का

एजेंसी

निशिन (जापान)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम आइची-नागोया एशियन गेम्स-2026 के फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम ने रविवार को सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत का एक और पदक पक्का हो गया है। अब 22 सितंबर को भारतीय महिला टीम का फाइनल मुकाबला श्रीलंका से होगा।बांग्लादेश की टीम 22 को ही पाकिस्तान के खिलाफ कांस्य पदक के लिए भिड़ेगी। श्रीलंका ने आज सुबह पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया था। भारतीय महिला टीम ने 2023 में हांगझोउ एशियाई खेलों में भी स्वर्ण जीता था। इस बार भी टीम स्वर्ण पदक जीतना चाहेगी। सेमीफाइनल



मुकाबले की बात करें, तो भारतीय महिला टीम ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के शतक की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में महज 81 रन पर सिमट गई और 114 रन से हार गई। 196 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम का चार रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरा। सलामी बल्लेबाज जुवैरिया फिरदौस खाता नहीं खोल सकीं। तीसरे ओवर में शोभना मिस्त्री चार रन बनाकर आउट हुईं। बांग्लादेश को 38 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। निगार सुल्ताना नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। बांग्लादेश की एक के बाद एक बल्लेबाज आउट होती गईं। शोरना अख्तर 5 रन, दिलारा 27 रन, नाहिदा 4 रन, शर्मिन 10 रन, मारूफा 5 रन और सुल्ताना खातून ने नाबाद 12 रन बनाए। संजीदा और राबिया खान खाता भी नहीं खोल सकीं। भारत की ओर से नंदनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट लिए, जबकि श्री चारणी ने 2 विकेट, क्रांति गौड़ और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन की शतकीय पारी खेली।

एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की धमाकेदार शुरुआत, इंडोनेशिया को 13-1 से हराया

एजेंसी

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स-2026 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया है। भारतीय टीम ने रविवार को पूल ए के मुकाबले में इंडोनेशिया को 13-1 से करारी शिकस्त दी। गिफू प्रिफ़ेक्चरल ग्रीन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। मुकाबले में भारत की ओर से आठ अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। दिलप्रीत सिंह सबसे बड़े स्टार रहे। उन्होंने अकेले चार गोल दागे। मुकाबले में भारतीय टीम को छठे मिनट में शिलानंद लकरा ने गोल कर 1-0 से बढ़त दिलाई। इसके बाद 12वें मिनट में अभिषेक ने भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। इंडोनेशियाई गोलकीपर ने शुरुआती दौर में भारत के कुछ प्रयासों को रोका, लेकिन भारत ने अपना दबाव कायम रखा। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 2-0 से आगे था। दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत सिंह ने दो मिनट के भीतर दो गोल (18वें और 19वें मिनट में) करके बढ़त को 4-0 कर दिया। फिर 19वें मिनट में राजिंदर सिंह ने बेहतरीन फिनिशिंग के साथ गोल दागा और 21वें मिनट में मनदीप सिंह ने भी अपना पहला गोल किया। हरमनप्रीत सिंह ने 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल दागा। भारत ने हाफ टाइम तक 7-0 की मजबूत बढ़त बना ली। इंडोनेशिया ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अपना पहला गोल दागा। औलिया अल अर्द्ध ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर 7-1 कर दिया। भारत ने तुरंत जवाब दिया और 35वें मिनट में शिलाानंद लकरा ने अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने अपनी हैट्रिक (37वें मिनट में) पूरी की। सुखजीत सिंह ने 38वें मिनट में गोल दागकर तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारतीय टीम की बढ़त को 10-1 तक पहुंचा दिया। अंतिम क्वार्टर में भी भारत ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा। जुगराज सिंह ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के दूसरे प्रयास को गोल में तब्दील कर दिया, जबकि उनका पहला प्रयास डिफेंडर द्वारा रोक दिया गया था। सुखजीत सिंह ने 48वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद 49वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने मैच का अपना चौथा गोल किया और भारत की बढ़त 13-1 कर दी। अंत में बचे हुए समय में इंडोनेशिया ने सर्कल में गेंद पर कब्जा बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उन्हें ज्यादा मौके नहीं दिए। इंडोनेशिया के खिलाफ शानदार जीत के साथ भारत ने पूल ए में अपने अभियान की मजबूत शुरुआत कर दी है। अब भारतीय टीम अपने अगले मुकाबले में 22 सितंबर को श्रीलंका का सामना करेगी।

सुचिका तारियाल: छेड़छाड़ की शिकार से एशियाई खेलों की पदक विजेता तक

एजेंसी

नागोया। सुचिका तारियाल जब 12 साल की थी तब छेड़छाड़ की एक घटना ने उनको व्यथित कर दिया और उन्होंने उसी समय प्रण लिया कि उन्हें लड़ना सीखना होगा। इस घटना के 24 साल बाद इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने हरियाणा के जूडो मैट से एशियाई खेलों के पोडियम तक सफर तय किया। उन्होंने रविवार को यहां मंगोलिया की अल्तांचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर महिलाओं के पारंपरिक मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के 60 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश करके भारत के लिए पदक पक्का किया। नागोया सिटी इनाए स्पोर्ट्स सेंटर में सोमवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में सुचिका स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगी। इस प्रतियोगिता में अंतिम चार में पहुंचने पर पदक पक्का हो जाता है। सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है। सुचिका ने कहा, ''देश के लिए एक पदक पक्का करना बहुत बड़ी बात है। अब मैं स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ूंगी। महिला पारंपरिक एमएमए 60 किलोग्राम वर्ग में स्ट्राइकिंग, टेकडाउन, ग्रैपलिंग और ग्राउंड फाइटिंग का संयोजन होता है, जिसमें अंडर-60 किलोग्राम वर्ग के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। एमएमए को पहली बार एशियाई खेलों में शामिल किया गया है। सुचिका जूडो, जिउ-जित्सु और एमएमए जैसे खेलों की अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''बचपन से ही मेरा सपना था कि मैं ऐसा खेल सीखूं जिसमें लड़ना पड़े, इसलिए मैंने जूडो को चुना। उसी सफर ने मुझे यहां तक पहुंचाया है। यह अगले स्तर पर जाने के लिए आधार को मजबूत करने जैसा है, और जूडो ने इसमें मेरी बहुत मदद की है। उनका यह सफर हरियाणा के रोहतक से शुरू हुआ जहां वह एक साधारण और रूढ़िवादी परिवार में पली-बढ़ीं। जब वह 12 साल की थी तब छेड़छाड़ की एक घटना ने उन्हें झकझोर दिया और उन्होंने आत्मरक्षा के लिए जूडो सीखना शुरू किया। उन्होंने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में और बाद में पालम के दादा देव मंदिर केंद्र में प्रशिक्षण लिया जिसके बाद उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) भोपाल में अपने कौशल को निखारा। सुचिका ने इसके बाद जूडो में प्रभावशाली करियर बनाया। उन्होंने 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और आठ बार राष्ट्रीय चैंपियन बनी। उन्होंने 2019 राष्ट्रमंडल जूडो चैंपियनशिप और 2019 दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। सुचिका ने इसके अलावा 2018 राष्ट्रमंडल जूडो चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। सुचिका ने जिउ-जित्सु में भी हाथ आजमाए और इस खेल में भी अपनी विशेष छाप छोड़ी। उन्होंने 2024 जेजेआईएफ जिउ-जित्सु विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 63 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

सोनम, एलावेनिल और विदरसा ने भारत को निशानेबाजी की रजत पदक दिलाया

एजेंसी

नागोया। भारत की सोनम उत्तम मस्कर, एलावेनिल वलारिवन और विदरसा विनोद ने रविवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर निशानेबाजी में देश के अभियान की शानदार शुरुआत की।

भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1898.0 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की टीम ने 1904.2 अंकों के साथ क्वालीफाइंग में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। चीन ने पिछले साल अगस्त में शिमकेंट में एशियाई चैंपियनशिप में बनाए गए अपने ही 1902.0 के पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। भारत और जापान के बीच रजत पदक के लिए कड़ा मुकाबला हुआ लेकिन आखिर में भारतीय खिलाड़ियों ने संयम बनाए रखते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। जापान 1897.1 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जो भारत से केवल 0.9



अंक कम रहा। टीम पदक तीनों निशानेबाजों के क्वालीफाइंग स्कोर के आधार पर तय किए जाते हैं और कुल स्कोर अंतिम रैंकिंग निर्धारित करता है। क्वालीफाइंग राउंड में तीसरे स्थान पर रहीं सोनम ने 634.1 के प्रभावशाली स्कोर के साथ भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अपने तीसरे एशियाई खेलों में भाग ले रही ओलंपियन एलावेनिल ने 633.5 का स्कोर बनाकर सातवां, जबकि एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही विदरसा ने 630.4 का स्कोर बनाकर 12वां स्थान हासिल किया। विदरसा व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं, लेकिन भारत को रजत पदक दिलाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण साबित हुआ। विदरसा ने कहा, ''यह एक बड़ी उपलब्धि है। यह निराशाजनक है कि मैं फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी, लेकिन टीम स्पर्धा के रजत पदक ने हमें अच्छी शुरुआत दी है। विदरसा का प्रदर्शन इसलिए भी अधिक सराहनीय है क्योंकि उन्होंने केवल दो महीने पहले ही 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भाग लेना शुरू किया था। उनकी मुख्य स्पर्धा 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा है। उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि मैं 50 मीटर 3-पोजिशन स्पर्धा में मैं बेहतर प्रदर्शन करूंगी। यह मेरी मुख्य स्पर्धा है। सोनम और एलावेनिल ने व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। वह दिन में बाद में होने वाले आठ महिलाओं के व्यक्तिगत फाइनल में दोहरी सफलता हासिल करने की कोशिश करेंगी। इस बीच चीन ने इस खेल में अपनी मजबूती का परिचय दिया। जूनियर विश्व चैंपियन वांग ज़िफ़ेई ने शानदार 638.8 अंकों के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष स्थान हासिल करके नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। हान जियान ने भी 633.8 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई।

सेमीकॉन इंडिया में दुनिया की कई कंपनियों ने भारत में निवेश की मंशा जताई

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेमीकॉन इंडिया-2026 में दुनिया की प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनियों ने भारत में अपने कारोबार और निवेश का विस्तार करने की इच्छा जताई है। वैश्विक कंपनियां भारत की कुशल प्रतिभा और केंद्र तथा राज्य सरकारों की अनुकूल नीतियों का लाभ उठाकर देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने की संभावनाएं तलाश रही हैं।

लिथोग्राफी उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी एएसएमएल ने भारत में अपना कार्यालय स्थापित किया है। कंपनी ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि उसके और भी ग्राहक भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करेंगे। एएसएमएल के मुख्य रणनीतिक सोर्सिंग एवं खरीद अधिकारी एलन वेन ने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में 300 मिलीमीटर की सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करने वाली पहली कंपनी है, जिसकी उत्पादन क्षमता प्रति माह 50,000 वेफर है। वेन ने कहा कि भारत में यदि सेमीकंडक्टर



विनिर्माण को बड़े पैमाने पर विकसित करना है तो देश में कई फैब स्थापित करने होंगे। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, दुनिया में बनने वाली चिप के निर्माण में एएसएमएल के उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वेन ने कहा कि कंपनी किसी क्षेत्र में केवल अपने ग्राहकों को सहयोग देने के लिए ही नहीं, बल्कि वहां उपलब्ध प्रतिभाओं का लाभ उठाने के लिए भी उतरती है। भारत ने 2032 तक अपनी घरेलू सेमीकंडक्टर मांग का 15 से 25 प्रतिशत हिस्सा देश में ही निर्मित वेफर से पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए आने वाले वर्षों में कई सेमीकंडक्टर फैब स्थापित किए जाने की संभावना है। सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास के अगले चरण के लिए सेमीकॉन 2.0 योजना की घोषणा की है। इसके तहत करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये (13.5 अरब डॉलर) के प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत चिप उत्पादन से जुड़े करीब 12 अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव आने की संभावना है। सेमीकंडक्टर उपकरण बनाने वाली कंपनी एप्लाइड मैटेरियल्स ने कार्यक्रम में अगले 10 साल के दौरान भारत में पांच अरब डॉलर (करीब 48,000 करोड़ रुपये) के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इससे एक दिन पहले कंपनी ने कर्नाटक सरकार के साथ चिप निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के लिए 3,600 करोड़ रुपये के निवेश का समझौता किया था। एप्लाइड मैटेरियल्स की प्रतिद्वंद्वी लैम रिसर्च ने भी भारत में सिलिकॉन कलपुर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान करीब 56 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने गुजरात के धोलेरा में चिप निर्माण इकाई और असम में चिप असेंबली एवं परीक्षण इकाई स्थापित करने के लिए किए जा रहे 1.18 लाख करोड़ रुपये के निवेश को समर्थन देने के लिए विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के साथ 16 समझौते किए। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स धोलेरा में 363 एकड़ में एक औद्योगिक पार्क भी विकसित कर रही है, जिसमें उसके संयंत्र के लिए आवश्यक करीब 450 'वेंडर' को जगह देने की योजना है। कार्यक्रम में भारत की घरेलू चिप-डिजाइन कंपनियों ने भी अपनी योजनाएं सामने रखीं। एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज, इंडिसेमिसी, एक्सिरो और अहीसा डिजिटल इनोवेशंस समेत कई कंपनियों ने वाणिज्यिक स्तर पर चिप उत्पादन और कारोबार को बढ़ाने की योजनाओं की घोषणा की। सरकार ने सेमीकॉन 2.0 के अगले चरण में भारत में चिप डिजाइन करने वाली कम से कम 200 स्टार्टअप इकाइयों और कंपनियों को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा है। सेमीकॉन इंडिया 2026 में 51,000 से अधिक पंजीकरण हुए, करीब 40,000 लोगों की उपस्थिति रही और 600 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया। इसमें करीब 300 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां की भागीदारी देखने को मिली।

नियुक्ति के पांच सप्ताह बाद अलका मूंदड़ा ने आईओसी के स्वतंत्र निदेशक पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक मंडल में शामिल होने के महज एक महीने बाद अलका मूंदड़ा ने स्वतंत्र निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के साथ उनके बेटे की पेट्रोल पंप डीलरशिप शेयर बाजार के सूचीबद्धता नियमों के तहत स्वतंत्रता के मानदंडों का उल्लंघन करती है। आईओसी ने शेयर बाजार को बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव को 18 सितंबर को लिखे पत्र में मूंदड़ा ने बताया कि उनके बेटे माधव मूंदड़ा, 2020 से राजस्थान के उदयपुर में आईओसी का एक खुदरा बिक्री केंद्र 'स्वर्ण गंगा केएसके' संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सेबी के सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकताएं (एलओडीआर) विनियमों के तहत वित्तीय संबंधों से जुड़े स्वतंत्रता मानदंडों के विपरीत है। मूंदड़ा ने पत्र में कहा कि उनका पुत्र मेरी ओर से किसी भी भागीदारी या हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से अपना व्यवसाय संचालित करता है'' और उन्हें पूरा विश्वास था कि उनकी निष्पक्षता ङ्कअप्रभावित रहेगी। उन्होंने लिखा, फिर भी, कॉरपोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को ध्यान में रखते हुए मुझे पद पर बने रहना अनुचित लगा, ताकि किसी भी स्तर पर इस संबंध में कोई सवाल न उठे। उन्होंने कहा, यह फैसला पूरी तरह स्वैच्छिक है और औचित्य तथा पारदर्शिता के सिद्धांतों से प्रेरित है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पद छोड़ने की कोई अन्य वजह नहीं है।

कच्चे तेल की कीमतें, पश्चिम एशिया के घटनाक्रम तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों, पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और वैश्विक बाजार के रुख से तय होगी। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस और ईरान पर प्रतिबंधों से संबंधित नए कानून पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद भारतीय बाजार के लिए व्यापार मोर्चे पर एक नई अनिश्चितता पैदा हुई है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह कच्चे तेल के दाम, बॉण्ड प्रतिफल और भू-राजनीतिक घटनाक्रम धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक रहेंगे। उन्होंने कहा कि रूस से भारत की महत्वपूर्ण मात्रा में कच्चे तेल की खरीद को देखते हुए अमेरिका की नई व्यापार एवं प्रतिबंध नीति का असर बाजार पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने 'लिंडसे ओ.

शेयर समीक्षा

ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कानून रूस और ईरान पर मौजूदा प्रतिबंधों को विस्तार देता है तथा रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले कुछ देशों पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार अमेरिकी राष्ट्रपति को देता है। हालांकि, कानून के तहत किन देशों पर वास्तव में कितनी दर से शुल्क लगाया जाएगा, इस बारे में अमेरिकी प्रशासन के पास व्यापक अधिकार हैं। इसलिए भारत पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी बॉण्ड पर प्रतिफल बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। इस बीच, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में अबतक भारतीय शेयरों से करीब 20,974 करोड़ रुपये की निकासी की है। ऊंची कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों, बॉण्ड बाजार और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली बाजार के लिए महत्वपूर्ण कारक बनी हुई है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत, अमेरिका और यूरो क्षेत्र के पीएमआई आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिका के आगामी श्रम बाजार आंकड़ों पर निवेशकों की नजर रहेगी। घरेलू बाजार में 24 सितंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की सूचीबद्धता भी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 22,569 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को दूसरे दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया है।

अगले सप्ताह छह कंपनियों के आईपीओ, 3,825 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद

नयी दिल्ली। प्राथमिक बाजार में अगले सप्ताह भी काफी गतिविधियां देखने को मिलेंगी। सप्ताह के दौरान छह कंपनियां मुख्य मंच के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये कुल 3,825 करोड़ जुटाने के लिए बाजार में उतरेंगी। इनमें एलिवेट कैंपसेस और वर्मोरा ग्रैनिटो प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी आईपीओ सार्वजनिक अभिदान के लिए 22 से 28 सितंबर के बीच खुलेंगे। ज्यादातर निर्गम 23 सितंबर को खुलेंगे। इन दो निर्गम के साथ बेंगलुरु की ए-वन स्टील्स इंडिया लि., अरमी इन्फोटेक लि., स्वस्तिका इन्फ्रा और एड्रॉयट इंडस्ट्रीज (इंडिया) के आईपीओ भी सप्ताह के दौरान खुलेंगे। हिलहाउस इन्वेस्टमेंट समर्थित एलिवेट कैंपसेस 23 सितंबर को 2,100 करोड़ का आईपीओ लेकर आएगी। कंपनी ने इसके लिए प्रति शेयर 343-362 का मूल्य दायरा तय किया है। तीन दिन का यह निर्गम 25 सितंबर को बंद होगा और इसके शेयरों की सूचीबद्धता 30 सितंबर को प्रस्तावित है। आईपीओ में पूरी तरह नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है। वर्मोरा ग्रैनिटो का 708 करोड़ का आईपीओ 22 से 24 सितंबर तक खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 140-148 प्रति शेयर तय किया गया है। निर्गम में 320 करोड़ तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि निवेशक कत्सुरा इन्वेस्टमेंट्स करीब 388 करोड़ मूल्य के 2.62 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश लाएगी। एकीकृत इस्पात विनिर्माता ए-वन स्टील्स इंडिया 24 से 28 सितंबर के दौरान 405 करोड़ जुटाने का लक्ष्य लेकर बाजार में उतरेगी। कंपनी ने शेयर का मूल्य दायरा 385-405 तय किया है। इसमें 355 करोड़ का नया निर्गम और प्रवर्तकों की ओर से 50 करोड़ तक की बिक्री पेशकश शामिल है। अरमी इन्फोटेक का 300 करोड़ का आईपीओ 23 से 25 सितंबर तक खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए 350-375 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।

भाजपा-कांग्रेस छात्रों की गूंज कार्यक्रम पर आमने-सामने

एजेंसी

भुवनेश्वर/मुंबई। इंदौर में शनिवार को आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम पर भाजपा नेताओं ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। भाजपा नेताओं ने इस कार्यक्रम को शर्मनाक और निंदनीय बताया। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि देश समाज के सभी वर्गों में प्रगति और सद्भाव देख रहा है और उन्होंने विपक्ष पर पूर्वाग्रह से ग्रस्त सोच रखने का आरोप लगाया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी रविवार को राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि जहां भी राहुल गांधी प्रचार करते हैं, कांग्रेस पार्टी को बर्बादी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में उनके हालिया कार्यक्रम का नतीजा भी वैसा ही बुरा होगा.

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा। प्रधान ने कहा कि जब विपक्ष के नेता अपना एजेंडा फैलाने में व्यस्त हैं, तब भारत ने उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाई है। परीक्षा सुधारों पर, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार पेपर-आधारित परीक्षाओं से जुड़ी कमियों को कम करने के लिए कंप्यूटर-आधारित टेस्टिंग की ओर बढ़ी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को सुझाव दिया कि विपक्ष के नेता को स्टैंड-अप कॉमेडी को पेशे के तौर पर अपनाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी राजनीतिक पार्टी को पहले ही बेरोजगार कर चुके हैं। पंजाब भाजपा के प्रभारी और सांसद सतीश पूनिया ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की और प्रधानमंत्री के बारे में उनकी टिप्पणी के लिए माफी की मांग की। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि बुनियादी शिष्टाचार को राजनीतिक नौटंकी का जरिया नहीं बनाना चाहिए। माझी ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति ऐसे मोड़ पर आ गई है कि एक बुजुर्ग महिला के प्रति सम्मान दिखाने का काम भी मजाक का विषय बन जाता है। प्रधानमंत्री ने भीड़ में एक बुजुर्ग महिला को खड़े देखा था। उन्होंने अपना भाषण रोका और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें कुर्सी दी जाए। यही संस्कार है। यही गरिमा है। यही लोगों के प्रति सम्मान है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने रविवार को राहुल गांधी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह काम सिर्फ मिमिक्री थी और कुछ नहीं। अल्वी ने कहा कि मैंने वह वीडियो देखा है। मुझे उसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगा। अगर कोई व्यक्ति मिमिक्री कर रहा है, तो भाजपा नेताओं में इतनी समझ होनी चाहिए कि वे समझ सकें कि मिमिक्री का क्या मतलब है। आप दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सत्ताधारी दल पर राजनीतिक मर्यादा को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सत्ताधारी दल पर आरोप लगाया कि इन नेताओं ने पहले अरविंद केजरीवाल का मजाक उड़ाया है और राहुल गांधी व उनके परिवार के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा को वही व्यवहार झेलना चाहिए जो उसने दूसरों के साथ किया है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने रविवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव किया। रॉय ने कहा कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम में कोई अपमान नहीं किया गया। राजनीति में मजाक के लिए जगह होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो कहा गया था, उसे छात्रों की गूंज कार्यक्रम में दोहराया गया है।

महानदी जल विवाद का जल्द समाधान होने की उम्मीद : विष्णुदेव साय

एजेंसी



भुवनेश्वर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद का जल्द समाधान होने की उम्मीद है। दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे साय ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही।

साय ने कहा कि महानदी के मुद्दे को लेकर दिल्ली में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के बीच बातचीत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि विवाद के समाधान के लिए दोनों राज्यों ने केंद्रीय जल आयोग के निर्णय को स्वीकार करने पर सहमति जताई है। केंद्रीय जल आयोग जो भी निर्णय करेगा, दोनों राज्य उसे स्वीकार करेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में महानदी को लेकर किसी प्रकार का जल विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां जल संबंधी विवादों के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है। ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार तथा केंद्र में एनडीए सरकार होने के कारण महानदी से जुड़े मुद्दे का समाधान जल्द होने की उम्मीद है। साय ने अपने ओडिशा दौरे के दौरान पुरी जाकर भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन करने और राज्यवासियों के लिए उनका आशीर्वाद लेने की बात भी कही। इससे पहले वह भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद पुरी जाकर श्रीजगन्नाथ मंदिर में दर्शन करेंगे। शाम को उनके श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर जाने का कार्यक्रम है। वह पुरी के एक निजी होटल में रात्रि विश्राम करेंगे। ओडिशा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। बैठक में महानदी जल विवाद के समाधान सहित दोनों राज्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। साय सोमवार को दोपहर करीब 1:25 बजे रायपुर लौटेंगे।

कोलकाता में आज होगी मत्स्य पालन और जलीय कृषि के विकास पर समीक्षा बैठक

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत सरकार का मत्स्य पालन विभाग, पश्चिम बंगाल में मत्स्य पालन और जलीय कृषि (एक्वाकल्चर) के विकास पर एक समीक्षा बैठक करेगा। यह बैठक सोमवार (21 सितंबर) को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में होगी।

विभाग ने रविवार को अपने बयान में बताया कि इस समीक्षा बैठक की सह-अध्यक्षता मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज के केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी करेंगे। एक दशक से भी अधिक समय के बाद पश्चिम बंगाल में मत्स्य पालन की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से यह शीर्ष स्तर की मत्स्य पालन समीक्षा बैठक की जा रही है। इस समीक्षा बैठक में पश्चिम बंगाल सरकार के मत्स्य पालन विभाग और पशु संसाधन विकास विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश महाता भी मौजूद रहेंगे। इसमें भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग, पश्चिम बंगाल राज्य मत्स्य पालन विभाग, नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड, आईसीएआर संस्थानों, नेशनल ब्यूरो ऑफ़ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज़, सीआईएफई, नेशनल बैंक ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट, नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, कोस्टल एक्वाकल्चर अथॉरिटी, एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन काउंसिलऔर मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटीके अधिकारी भी शामिल होंगे। विभाग ने बयान में कहा कि यह बैठक पश्चिम बंगाल में अलग-अलग योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने और राज्य के भविष्य के विकास के लिए मुख्य क्षेत्रों पर विचार-विमर्श करने का एक व्यापक मंच प्रदान करेगी। भारत सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार के मत्स्य पालन विभागों की प्रस्तुतियों और प्रमुख मत्स्य पालन अनुसंधान, नियामक और वित्तीय संस्थानों के साथ बातचीत से उत्पादन बढ़ाने, एक्वाकल्चर के विस्तार, तकनीक अपनाने, बुनियादी ढांचे के विकास, संस्थागत सहयोग और निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा आसान होगी। इसके बाद पश्चिम बंगाल में इंटीग्रेटेड रिज़र्वॉयर डेवलपमेंट (एकीकृत जलाशय विकास) के लिए प्रशासनिक मंजूरी सौंपी जाएगी। इन चर्चाओं से प्राथमिकता वाले कामों की पहचान करने और पश्चिम बंगाल में मत्स्य पालन क्षेत्र के टिकाऊ और समावेशी विकास को तेज़ी देने के लिए केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अल्ट्रा लाइट होवित्जर ने सटीक फायर पावर दिखाई

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच उत्तराखंड के औली और राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास' के दौरान दोनों सेनाएं अपनी-अपनी युद्धक क्षमताएं दिखा रही हैं। इसी क्रम में भारतीय एम-777 अल्ट्रा लाइट होवित्जर (यूएलएच) से लाइव फायरिंग की गई, जिसमें पेशेवर और सटीकता के साथ लड़ाई की तैयारी दिखाते हुए सभी तय लक्ष्यों पर कामयाबी से निशाना साधा गया। फायरिंग के बाद अमेरिकी टुकड़ी ने गन पोजिशन का दौरा किया और यूएलएच बैटरी के अधिकारियों और सैनिकों से बातचीत की।

उत्तराखंड के औली और राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 'युद्ध अभ्यास' का 22वां संस्करण 9 सितंबर से चल रहा है, जो 28 सितंबर तक चलेगा इसमें दोनों देशों की सेनाओं से 600-600 (कुल 1200) सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। अभ्यास की मुख्य फोकस उच्च पर्वतीय युद्धकला, आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन, ड्रोन-रोधी क्षमताएं, रोबोटिक डॉग्स और आधुनिक तकनीक का समन्वय करना है। साथ ही दोनों सेनाओं के बीच परिचालन अंतर-संचालनीयता और सामरिक तालमेल को मजबूत करना है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में इसी 'युद्ध अभ्यास' के दौरान एम-777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर से लाइव फायरिंग की गई, जिसमें डायरेक्ट फायरिंग तरीके का इस्तेमाल करके लाइन ऑफ साइट पर मौजूद टारगेट पर निशाना साधा गया। यूएलएच गन क्रू ने बहुत अच्छा प्रोफ़ेशनलिज्म, सटीकता और लड़ाई की तैयारी दिखाई और सभी तय टारगेट पर कामयाबी से निशाना साधकर उन्हें खत्म कर दिया। फायरिंग के बाद अमेरिकी टुकड़ी ने गन पोजिशन का दौरा किया और यूएलएच बैटरी के अधिकारियों और सैनिकों से बातचीत की, जिससे प्रोफ़ेशनल जानकारी का आदान-प्रदान हुआ। एक्सरसाइज 'युद्ध अभ्यास' भारतीय और अमेरिकी सेनाओं के बीच वार्षिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है, जो वर्ष 2004 में शुरू हुआ था।

यह शांति स्थापना और विद्रोह-विरोधी प्रशिक्षण से विकसित होकर अब उच्च पर्वतीय युद्ध कला, हाइब्रिड खतरों, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत एवं बहु-डोमेन संचालन को शामिल करता है। इस अभ्यास में अमेरिकी सेना के 11वें एयरबोर्न डिवीज़न (फोर्ट वेनराइट, अलास्का) के आर्कटिक-प्रशिक्षित सैनिक और तीसरी बहु-डोमेन टास्क फोर्स शामिल हैं, जो सटीक गोलाबारी और एकीकृत कमान-एवं-नियंत्रण प्रणालियों में विशेषज्ञ हैं। इन अभ्यासों में एक कमांड पोस्ट एक्सरसाइज और एक फील्ड ट्रेनिंग एक्सरसाइज शामिल हैं, जिसका समापन रॉकेट सिस्टम तथा लंबी दूरी की सटीक गोलाबारी से जुड़े एक संयुक्त लाइव-फायर प्रदर्शन के साथ होता है।

भारतीय चिप उद्योग साइबर हमलों के लिए तैयार रहें : वैष्णव

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि भारतीय सेमीकंडक्टर चिप उद्योग क्षेत्र को साइबर हमलों के खतरों से सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसे वैश्विक चिप आपूर्ति शृंखला में स्थापित 'कुछ ताकतें' और 'कुछ देश' अपने लिए बड़ा खतरा मान सकती हैं। ऐसे में भारतीय कंपनियों को निशाना बनाने की कोशिश भी की जा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे देश के तौर पर उभर रहा है जिसमें चिप डिजाइन और उत्पादन करने की क्षमता है। यह ऐसी स्थिति है जिसने इस क्षेत्र में पहले से स्थापित कई दूसरी ताकतों के लिए बड़ी चुनौती पेश की है। वैष्णव ने कहा, 'हमें उन संभावित भूराजनीतिक जोखिमों पर लगातार नजर रखनी होगी, जो भारत की इस बढ़ती क्षमता के कारण पैदा होंगी। जाहिर है, इसे कई दूसरे स्थापित प्लेयर्स भारत और भारतीय सेमीकंडक्टर उद्योग को खतरे के तौर पर देखेंगे।'केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि हमें इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। हमें उन जोखिमों और चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए जो दूसरी ताकतों से आएंगी। उन्होंने बताया, 'मैंने पूरी इंडस्ट्री से बहुत स्पष्ट तौर पर कहा है कि साइबर हमलों, किसी भी तरह के दूसरे खतरों और रुकावटों के लिए तैयार रहें। ये रुकावटें उन देशों की तरफ से पैदा की जा सकती हैं, जिन्हें सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में भारत का आगे आना पसंद नहीं है।' उन्होंने कहा कि उनके आगाह करने के बाद इंडस्ट्री जागरूक हुई है और वे निश्चित रूप से सही कदम उठाएंगे।

भारत को और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी युवाओं की: नायडू

विशाखापत्तनम। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि देश की तरक्की और दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। नायडू ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम पोर्ट स्टेडियम में आयोजित रोजगार मेले में कहा कि नौकरी मिलने का पहला दिन किसी व्यक्ति के जीवन में जन्मदिन, शादी के दिन और अन्य शुभ अवसरों जैसी बेहतरीन यादों से भी ज्यादा खुशी देने वाला होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नौकरी का मतलब गर्व और पहचान है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली शामिल हुए और देश भर में नौकरी पाने वाले 51,000 लोगों को बधाई दी।

वाराणसी में मारा गया 30 लाख का इनामी नक्सली बृजेश गंझू

एजेंसी



वाराणसी। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने रविवार सुबह वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान 30 लाख रुपये के इनामी कुख्यात नक्सली बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह को मार गिराया। बृजेश झारखंड के प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) का कमांडर बताया गया है। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जुड़े आतंकवादी वित्तपोषण के मामले में करीब आठ वर्षों से वांछित था।

एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) विपिन राय के मुताबिक, टीम को सूचना मिली थी कि बृजेश मोटरसाइकिल से रामनगर होते हुए मुगलसराय की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने इलाके में घेराबंदी की। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल से पहुंचे बृजेश को टीम ने रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने दोनों हाथों से पिस्टल से पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। बृजेश की ओर से की गई गोलीबारी में डीएसपी विपिन राय और मुख्य आरक्षी नितेंद्र कृष्ण की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं। पुलिस के मुताबिक, जवाबी कार्रवाई में बृजेश को गोली लगी और वह सड़क पर गिर पड़ा। एटीएस टीम उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान बृजेश का एक साथी मौके से फरार हो गया। बृजेश झारखंड के चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र का रहने वाला था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, वह प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी से जुड़ा था और संगठन में कमांडर की भूमिका में था। उस पर ट्रांसपोर्टरों, कोयला खनन कंपनियों और ठेकेदारों से अवैध वसूली करने के आरोप थे। अधिकारियों के अनुसार, बृजेश पर झारखंड सरकार ने 25 लाख रुपये और एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। इस तरह उस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम था। एनआईए की कार्रवाई के दौरान करीब आठ वर्ष पहले उसके घर की कुर्की भी की गई थी। मुठभेड़ के बाद एटीएस ने घटनास्थल की जांच की और फरार हुए बृजेश के साथी की तलाश में अभियान शुरू किया।

पेज एक का शेष

हर सप्ताह होगा बड़ा...

है। यूपी बीमारू राज्य से उबरा है। रेवेन्यू सरप्लस राज्य है। अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय तीन गुना हुई है। पहले यूपी में हर दूसरे दिन दंगे होते थे और महीनों कर्फ्यू रहता था। बरेली, अलीगढ़, मेरठ और मुजफ्फरनगर समेत अलग-अलग हिस्सों में दंगों की स्थिति रहती थी। माफिया चुनौती बने हुए थे। उनका काफिला निकलता था तो दूसरे लोगों के वाहन रोक दिए जाते थे। आज कोई माफिया असलहा लहराता। उपद्रवग्रस्त प्रदेश अब उत्सवपूर्ण प्रदेश है। कुंभ और महाकुंभ से लेकर पर्व-त्योहार, वीवीआईपी दौरे और स्थानीय आयोजन सकुशल संपन्न हो रहे हैं। इस बदलाव में यूपी पुलिस की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता 6000 से बढ़ाकर 60 हजार की गई। महिला पुलिस की संख्या 10 हजार से बढ़कर 44 हजार से अधिक हुई, साल के अंत तक 50 हजार हो जाएगी। यूपी में स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई। सात शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई। यूपी एसएसएफ और एसडीआरएफ का गठन किया गया। हर जिले में साइबर थाने और प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। पीएसी की समाप्त की गई 34 कंपनियों को दोबारा गठित किया गया। तीन महिला पीएसी बटालियन बनाई गईं, जिन्हें बढ़ाकर छह किया जा रहा है। प्रदेश के 56 जिलों में सबसे ऊंची इमारत पुलिस बैरक या पुलिस की आवासीय सुविधा की है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पुलिस की सेवा का मतलब केवल पद नहीं है, बल्कि इसमें कर्तव्य पहले और अधिकार बाद में आते हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि सभी का चयन पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रक्रिया से हुआ है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री को पौधा और भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और नवचयनित अभ्यर्थी मौजूद रहे।

पूर्व उप प्रधानमंत्री...

पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को भी नोटिस जारी किए गए हैं। सीएम रेखा गुप्ता के दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उनका नाम मान्य कर दिया गया है और उन्हें शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की चार नवंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए रखा गया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार उन मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिनके नाम पिछली एसआईआर की मतदाता सूची से नहीं जुड़ पाए हैं या जिनके विवरण में पिछली सूची से मिलान के दौरान विसंगति मिली है। घर-घर सत्यापन अभियान के दौरान मतदाताओं को 30 जून से 17 अगस्त के बीच गणना प्रपत्र जमा किए गए थे। इसके बाद 31 अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई। इसमें करीब 97 लाख मतदाताओं के नाम हैं। इनमें से 33.13 लाख मतदाताओं को विसंगतियों के कारण नोटिस के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें से 31.63 लाख से अधिक नोटिस अब तक तामील किए जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक नोटिस जारी करने की प्रक्रिया एसआईआर के दावे और आपत्तियों के चरण का हिस्सा है। यह चरण 30 सितंबर तक चलेगा। नोटिस पाने वाले मतदाताओं को अपने जवाब और संबंधित दस्तावेज अपने विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के समक्ष जमा कराने होंगे। इसके बाद 29 अक्तूबर तक दस्तावेजों और तथ्यों का सत्यापन कर पात्र मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे।

बकाया टैक्स...

रास्ते बने रहेंगे। विभाग करदाता की चल या अचल संपत्ति कुर्क कर उसे बेच सकता है। इसके अलावा नियमों के तहत अन्य वसूली उपाय और संपत्ति के लिए रिसीवर नियुक्त करने का विकल्प भी रहेगा।

तेजस में साथ...

कार्यक्रम भारतीय रक्षा विमानन और अनुसंधान-विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण होंगे।

हिंदी युवा नाटकारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही : सुमन कुमार

एजेंसी



नई दिल्ली। संगीत नाटक अकादमी के उप सचिव सुमन कुमार ने यहां कहा कि हिंदी युवा नाटकारों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो हर्ष की बात है। कुमार ने यह बात शनिवार को दिल्ली स्थित श्री राम सेंटर के सामने संजना बुक्स के स्टॉल 'साहित्य के पेड़' पर आयोजित वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाटककार आलोक शुक्ला के चौथे नाट्य संग्रह 'पतझड़ के फूल और देखोना' पुस्तक का लोकार्पण के अवसर पर कही। किताब का लोकार्पण वरिष्ठ नाटककार प्रताप सहगल, नाटककार एवं समीक्षक राजेश कुमार, संगीत नाटक अकादमी के उप सचिव सुमन कुमार, रंग निर्देशक प्रदीप बाजपेयी, वरिष्ठ लेखिका शशि सहगल, अभिनेता श्रीकांत वर्मा, नाटककार अनिल ठाकुर तथा संजना बुक्स की निदेशक संजना तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। सुमन कुमार ने हिंदी में नए नाटक नहीं लिखे जाने वाली आम धारणा को खारिज करते हुए कहा कि आलोक शुक्ला जैसे रचनाकार निरंतर सक्रिय हैं और रंगकर्मियों को इन समकालीन नाटकों को मंच पर लाना चाहिए। वरिष्ठ नाटककार प्रताप सहगल ने आलोक शुक्ला के रचनाकर्म की सराहना करते हुए कहा कि गंभीर बीमारी से जूझने के बावजूद उनका निरंतर लेखन और रंग-निर्देशन में सक्रिय रहना प्रेरणादायी है। उन्होंने दोनों पूर्णकालिक नाटकों के प्रकाशन पर लेखक को बधाई दी। नाटककार एवं समीक्षक राजेश कुमार ने 'पतझड़ के फूल' की बनावट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें बुजुर्गों की मनःस्थिति को केंद्र में रखते हुए दो अलग-अलग अंत दिए गए हैं, जो निर्देशक को अपनी दृष्टि के अनुसार मंचन की स्वतंत्रता देते हैं। वहीं दूसरे नाटक 'देखोना' पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह सामाजिक परिवेश को समझने के लिए आज मोहन राकेश के नाटकों को पढ़ा जाता है, उसी प्रकार आने वाले 10-15 वर्षों बाद कोरोना काल के सामाजिक यथार्थ को समझने के लिए आलोक शुक्ला का 'देखोना' एक महत्वपूर्ण नाट्य दस्तावेज के रूप में पढ़ा और मंचित किया जाएगा।

यूपी के दो दिवसीए दौरे पर 21 सितम्बर से रहेंगे भाजपा अध्यक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 21 व 22 सितम्बर को दो दिवसीए उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। आगामी यूपी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा अध्यक्ष के दौरे को अहम माना जा रहा है। नितिन नवीन 21 सितम्बर को मेरठ पहुंचेंगे। वह दो दिवसीए प्रवास के दौरान चुनावी तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनात्मक बैठकों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और युवा सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके अलावा वह ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

भाजपा कार्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 21 सितम्बर को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मेरठ पहुंचकर सबसे पहले इंडियन नेशनल आर्मी शहीद स्मारक एवं उपवन में अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके उपरांत वे पूर्वान्ह 11.30 बजे स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित विशाल 'युवा सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। दोपहर 01.45 बजे वह सुभारती विश्वविद्यालय में ही पश्चिम क्षेत्र के शक्ति केन्द्र सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं द्वितीय पाली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन पश्चिम क्षेत्र के पूर्व पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठकर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। वहीं दूसरे दिन भाजपा अध्यक्ष मेरठ में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं समाज के विशिष्ट नागरिकों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद वे मेरठ के ऐतिहासिक औघड़नाथ मंदि में दर्शन पूजन करेंगे। फिर वह सहारनपुर पहुंचकर एक पार्टी कार्यकर्ता के घर भोजन करेंगे। सहारनपुर में 02.15 बजे पश्चिम क्षेत्र के पूर्व सांसदों व विधायकों से संवाद करेंगे, जिसके तुरंत बाद प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों तथा जिला महामंत्रियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर मंथन करेंगे।

चांदनी चौक के टाउन हॉल को ग्लोबल हेरिटेज सेंटर के रूप विकसित करेगी दिल्ली सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ पर्यटन विभाग और नगर निगम के बीच एमओयू

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने चांदनी चौक स्थित दिल्ली के ऐतिहासिक टाउन हॉल को अब नए स्वरूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग की नोडल एजेंसी दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के अंतर्गत ऐतिहासिक टाउन हॉल, प्रेस बिल्डिंग और पार्क का संरक्षण करते हुए इन्हें एक 'ग्लोबल हेरिटेज सेंटर' के रूप में विकसित किया जाएगा।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस एमओयू कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह जानकारी आज एक विज्ञप्ति के जरिए दी गई जिसके मुताबिक, इस परियोजना का विशेष महत्व है क्योंकि टाउन हॉल और इससे संबंधित परिसर चांदनी चौक और शाहजहानाबाद के ऐतिहासिक क्षेत्र का हिस्सा है। वर्ष 1860 से 1866 के बीच निर्मित यह ग्रेड-क्र विरासत परिसर है। नगर निगम का मुख्यालय लंबे समय तक इसी परिसर में रहा और वर्ष 2010 में यह मुख्यालय स्थानांतरित होकर मिंटो रोड स्थित नए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में चला गया। तब से इसका बड़ा हिस्सा काफी हद तक खाली रहा है। एमओयू के अनुसार लगभग 12,180 वर्गमीटर क्षेत्रफल के इस ऐतिहासिक परिसर का स्वामित्व दिल्ली नगर निगम के पास ही



रहेगा। परियोजना का उद्देश्य ऐतिहासिक भवन की मूल विरासत पहचान को सुरक्षित रखते हुए उसका अनुकूल पुनः उपयोग (एडैप्टिव रीयूज) करना है। यानी भवन को उसकी ऐतिहासिक और स्थापत्य पहचान के अनुरूप संरक्षित किया जाएगा, साथ ही उसे वर्तमान समय की पर्यटन और सांस्कृतिक जरूरतों के लिए उपयोगी बनाया जाएगा। प्रस्तावित ग्लोबल हेरिटेज सेंटर में संग्रहालय, सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं के विकास की योजना है। इससे पुरानी दिल्ली आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को ऐसा नया प्रमुख आकर्षण मिल सकेगा, जहां दिल्ली के इतिहास, विरासत और संस्कृति को एक ही परिसर में अनुभव किया जा सकेगा। चांदनी चौक और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन जैसे अत्यधिक व्यस्त और पर्यटकों की बड़ी आवाजाही वाले क्षेत्र में स्थित होने के कारण इस परिसर के बेहतर उपयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। एमओयू के अंतर्गत डीटीटीडीसी को इस परियोजना के लिए सर्वे, भवन का स्ट्रक्चरल असेसमेंट और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद परियोजना को सार्वजनिक निवेश या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के माध्यम से विकसित करने का विकल्प तय किया जाएगा। परियोजना की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए डीटीटीडीसी और नगर निगम के प्रतिनिधियों वाला संयुक्त कार्य समूह भी बनाया जाएगा।

भारतीय समाज मां पर उपहास की राजनीति स्वीकार नहीं कर सकता : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मां के अपमान पर हंसकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक संस्कार पूरे देश के सामने रख दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को पोस्ट करते हुए कहा कि राजनीति में विरोध हो सकता है, वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, तीखे प्रहार भी हो सकते हैं लेकिन किसी की दिवंगत मां पर अमर्यादित टिप्पणी और उस पर उपहास की राजनीति को भारतीय समाज कभी स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीया माताजी को राजनीति में घसीटना और अपमानजनक टिप्पणी पर हंसना किस राजनीतिक संस्कृति का परिचय है? दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि एक सार्वजनिक मंच से दुनिया भर की मां का उपहास उड़ाना और उस पर खिलखिलाकर हंसना साफ दिखाता है कि सोनिया गांधीजी ने अपने बेटे को कैसे संस्कार दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं जो दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और मातृशक्ति का मान बढ़ा रहे हैं, वहीं राहुल गांधी युवाओं के मंच से मां के अपमान को बढ़ावा देकर अपनी ओछी मानसिकता दर्शा रहे हैं।

बिहार प्रदेश शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज संघ ने नीतीश कुमार को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश शिक्षा सेवक, शिक्षा सेवक(तालिमी मरकज) संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से उनके 7, सर्कुलर रोड स्थित आवास पर रविवार को मुलाकात की और अपनी चार सूत्री मांगों को लागू करने के संबंध में मांग पत्र सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने कहा कि पिछले 18 सालों से राज्य की स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता के क्षेत्र में शिक्षा सेवक,शिक्षा तालिमी मरकज अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं,जिसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में एक प्रतिशत से भी कम बच्चे स्कूली शिक्षा से बाहर रह गए हैं और राज्य की साक्षरता दर कई राज्यों की साक्षरता दर की अपेक्षा बेहतर है। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने कहा कि शिक्षा सेवक, शिक्षा सेवक(तालिमी मरकज) सामाजिक सरोकार से जुड़े हरेक कामों में भी बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका निभाते हैं। नीतीश कुमार को मांग पत्र सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जिन चार मांगों को लागू करने की मांग की है उनमें ग्रेड पे लागू करना, अनुकंपा का लाभ, उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने तथा राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों पर नीतीश कुमार सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया।

फरीदकोट में 47 किलो हेरोइन, तीन पिस्तौल बरामद, चार गुर्गे गिरफ्तार



❐ फाजिल्का और फिरोजपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों से ड्रोन के जरिए गिराई गई खेपें प्राप्त कर रहा था गिरोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। फरीदकोट पुलिस ने सीमा पार हेरोइन तस्करी नेटवर्क के चार गुर्गों के पास से 47.3 किलोग्राम हेरोइन, तीन .30 बोर पिस्तौलों सहित तीन मैगजीन और 15 जिंदा कारतूस बरामद करके इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया है।

डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने रविवार को बताया कि अंकुश निवासी घुबाया (फिरोजपुर), मंगल सिंह निवासी पंजे के उतार (फिरोजपुर), सचिन उर्फ संजू निवासी परभात सिंह वाला (फिरोजपुर) और अनमोल सिंह निवासी लामोचर खुर्द (फिरोजपुर) को गिरफ्तार किया गया है। हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने तस्करी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली उनकी दो कारें भी जब्त कर ली हैं। डीजीपी ने बताया कि इस नेटवर्क का पर्दाफाश करने और इसके आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए और जांच की जा रही है। कार्रवाई संबंधी विवरण साझा करते हुए सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) गुरबंस सिंह बैंस ने कहा कि निकट भविष्य में आने वाले बाबा फरीद आगमन पर्व के मद्देनजर की गई विशेष नाकाबंदी के दौरान सीआईए फरीदकोट की टीम ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को एक होंडा सिटी कार को रोका और चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने 47.3 किलोग्राम हेरोइन की बड़ी खेप सहित गैर-कानूनी हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। एसएसपी ने कहा कि जांच से यह भी पता चला है कि यह गिरोह फाजिल्का और फिरोजपुर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराई गई हेरोइन और हथियारों की खेपें प्राप्त करके राज्य में आगे सप्लाई करता था। इस संबंध में मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यौन उत्पीड़न के आरोपी एसजीपीसी सदस्य को सिख पंथ से निकाला, एडिशनल हेड ग्रंथी भी निष्कासित

❐ अकाल तख्त पर पांच सिंह साहिबानों की बैठक के बाद जत्थेदार ने सुनाया फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने यौन उत्पीड़न के आरोपित शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य अमरजीत सिंह चावला तथा अकाल तख्त के एडिशनल हेड ग्रंथी मलकीत सिंह को भी अश्लील चैट करने के आरोप में सिख पंथ से निष्काषित कर दिया है।

यह फैसला रविवार को अकाल तख्त साहिब पर पांच सिंह साहिबानों की बैठक में लिया गया, जिसे अकाल तख्त की फसील से जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने संगत



को सुनाया। एसजीपीसी सदस्य और शिरोमणि अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ रेप, गलत तरीके से बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मामला सामने आने के बाद चावला ने अकाली दल के सभी पदों और एसजीपीसी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। आनंदपुर साहिब थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया था। रविवार को अकाल तख्त साहिब के सचिवालय में पांच सिंह साहिबान की बैठक हुई। बैठक में कार्यकारी जत्थेदार और तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज शामिल हुए। उनके साथ दरबार साहिब के ग्रंथी ज्ञानी केवल सिंह, तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह, श्री अकाल तख्त साहिब के ग्रंथी ज्ञानी गुरबख्शीश सिंह और पांच प्यारे भाई मंगल सिंह मौजूद रहे। बैठक में श्री आनंदपुर साहिब से एसजीपीसी के सदस्य अमरजीत सिंह चावला के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों पर विचार किया गया। इसके बाद अकाल तख्त की फसील (प्राचीर) से फैसला सुनाया गया। इसमें कहा गया कि अमरजीत सिंह पर बज्र कुरहित (महापाप) करने के गंभीर आरोप लगे हैं। सिख रहित मर्यादा के अनुसार चार बज्र कुरहितों में से किसी एक को करने वाला व्यक्ति सिखी से खारिज माना जाता है। पांच सिंह साहिबान ने फैसला किया कि जब तक अमरजीत सिंह इस मामले में निर्दोष साबित होकर श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश नहीं होते, तब तक उन्हें खालसा पंथ से खारिज किया जाता है। इसके साथ ही सिख संगतों को आदेश दिया गया है कि अमरजीत सिंह के साथ किसी भी प्रकार का रिश्ता न रखा जाए। फैसले के अनुसार, अमरजीत सिंह पर जीवनभर के लिए सिख संस्थाओं में काम करने पर पूर्ण रोक लगाई गई है।

एएसआई हत्याकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

अमृतसर। पंजाब पुलिस के एएसआई हरजीत सिंह की हत्या के मामले में वांछित आरोपियों में से एक दीपक सिंह शनिवार देर रात अमृतसर के इस्लामाबाद इलाके में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस के अनुसार दीपक अमृतसर के मुलेचक गांव का रहने वाला था और एएसआई की हत्या में शामिल दो संदिग्धों में से एक था। पुलिस ने बताया कि कल रात करीब 9.45 बजे नाके पर स्कूटर सवार दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया। आरोप है कि दोनों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी की और अगले नाके की ओर भाग गए। वहां भी उन्होंने पुलिस पर चार गोलियां चलायीं, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान इस्लामाबाद थाना क्षेत्र में दीपक को गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी इनपुट, टावर डंप विश्लेषण और स्थानीय स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर दीपक की पहचान संदिग्ध के रूप में हुई थी। पुलिस ने उसके कब्जे से .30 बोर की पिस्तौल, दो मैगजीन में आठ कारतूस, मोबाइल फोन और कथित तौर पर वारदात में इस्तेमाल स्कूटर बरामद करने का दावा किया है।

उत्तराखंड: आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए हर जिले में तैयार होंगे 10 मास्टर ट्रेनर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के सहयोग से उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रत्येक जिले में 10 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। इसके लिए वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर भी तैयार किया जाएगा।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी निदेशक एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मधुप व्यास ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास गतिविधियों की जानकारी ली और आगामी वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर को लेकर चर्चा की। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने यूएसडीएमए की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न विभागों से जुड़े कार्मिकों को आपदा प्रबंधन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, खोज एवं बचाव और आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण देने पर चर्चा हुई। मधूप व्यास ने कहा कि उत्तराखण्ड भौगोलिक एवं प्राकृतिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य है, जहां भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, अतिवृष्टि, बादल फटना, हिमस्खलन, वनाग्नि सहित विभिन्न प्रकार की आपदाओं का खतरा बना रहता है। ऐसे में आपदा के दौरान प्रभावी प्रतिक्रिया के साथ-साथ आपदा से पहले की तैयारी को मजबूत करना भी आवश्यक है। इसके लिए नियमित प्रशिक्षण व क्षमता विकास की गतिविधियां की जानी जरूरी हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं प्रांतीय सिविल सेवा के अधिकारियों के लिए भी आपदा प्रबंधन से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी उनकी भूमिका एवं दायित्व के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि आपदा की स्थिति में सभी विभाग प्रभावी एवं समन्वित तरीके से कार्य कर सकें। एनआईडीएम के सहयोग से राज्य में प्रशिक्षण व्यवस्था को मजबूत एवं सतत बनाने के लिए प्रथम चरण में प्रत्येक जिले में 10 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। इन मास्टर ट्रेनरों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशांत किशोर ने एमएलसी चुनाव को लेकर जन सुराज समर्थित 5 उम्मीदवारों की घोषणा की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ कहा- जीतें तो 7वां वेतनामान कराएंगे लागू

❐ शिक्षकों की स्थिति तब सुधरेगी जब बिहार में शिक्षा की स्थिति सुधरेगी : प्रशांत किशोर

पटना। बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर जन सुराज पार्टी समर्थित 5 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। रविवार को जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर ने पाटलिपुत्रा क्रॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया। पार्टी ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दिव्या ज्योति, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एसपी राय और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से रवीन्द्र यादव, सारण शिक्षक क्षेत्र से आफाक अहमद और कोसी स्नातक क्षेत्र से रजनीश रंजन को उम्मीदवार बनाया है। बाकी तिरहुत शिक्षक और स्नातक, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों की घोषणा अगले तीन-चार दिनों में करने की बात कही है।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रशांत किशोर ने शिक्षकों को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई पिछले कई सालों से व्यवस्था के साथ चल रही है। चाहे ट्रुटक के परीक्षा का मामला हो, वेतन मान का मामला हो, गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की संलिप्तता का मामला हो, वित्त रहित-वित्त पोषित संस्थाओं की जो कुव्यवस्था हो उसको लेकर लंबे समय से मांग उठती रही है। शिक्षक समुदाय की जन सुराज से अपेक्षा है कि उनकी जायज मांगों या उनके आंदोलन की मदद के लिए खड़ा हो। शिक्षक समुदाय खुद कई संघों में बंटा है। कोई नियोजित शिक्षक, विद्यालय शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, तो कोई वित्त रहित शिक्षक हैं, सबने अपना अपना संगठन बना रखा है। प्रशांत किशोर ने कहा हम लोगों की एक सोच है कि शिक्षकों की स्थिति तब सुधरेगी जब बिहार में शिक्षा की स्थिति सुधरेगी। इस दौरान कई शिक्षकों से मुलाकात और बात के बाद ये तय किया है कि सभी शिक्षक संगठनों को एक साथ लाकर संघर्ष समिति बनाई जाएगी और उनकी जो 3 प्रमुख मांग है, जिसे जन सुराज आने वाले 2-3 साल तक शिक्षक साथियों के साथ मिलकर काम करेगा।

प्रशांत किशोर ने कहा कि यह तीन मांग शिक्षकों की मांग नहीं जन सुराज की मांग होगी। जन सुराज उनकी लड़ाई लड़ेगा। हर हाल में लोकसभा चुनाव से पहले इन तीनों मांगों को सरकार से मनाकर आपको दिया जाएगा। वहीं प्रशांत किशोर ने स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए ऐलान करते हुए कहा कि मैं अपने पढ़े लिखे सभी स्नातक के मतदाताओं से यह अपील कर रहा हूं कि स्नातक के जो विधान परिषद के चुनाव हो रहे हैं आप पढ़े-लिखे हैं। अगर आपके स्नातक क्षेत्र से जन सुराज का प्रत्याशी जीतकर विधान परिषद पहुंचता है तो मैं आपको आश्वत करता हूं कि जो घोषणा मैंने बांकीपुर के पढ़े-लिखे बेरोजगार मतदाताओं के लिए 10 हजार नौकरी देने की बात कही है, उसके तहत हर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में भी 10-10 हजार बेरोजगार युवकों को नौकरी दी जाएगी।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, ट्रेन की चपेट में आने से मौत

हरिद्वार। लक्सर के खंडजा फाटक से रायसी की ओर करीब 50 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर लक्सर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। लक्सर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश बिष्ट ने बताया कि स्टेशन मास्टर मनोज कुमार ने रविवार सुबह पुलिस को सूचना दी कि रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे और एक हाथ कटा हुआ था। मृतक की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष, कद लगभग पांच फीट छह इंच और चेहरा गोल है। उसने सफ़ेद कमीज और नीली पैंट पहन रखी थी। उसके गले में हनुमान जी का लॉकेट भी मिला है। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

आईआईटी रुड़की दीक्षांत समारोह : दूसरे दिन 1424 छात्र-छात्राओं को मिली डिग्रियां

दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत का उत्सव: हर्षवर्धन चीतले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आईआईटी रुड़की के दो दिवसीय दीक्षांत समारोह का रविवार को समापन हुआ। दूसरे दिन 1,424 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें 518 पीएचडी, तीन शोधार्थी और 903 एमटेक विद्यार्थी शामिल रहे। पहले दिन 1,277 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गई थीं। इस तरह दो दिनों में कुल 2,701 विद्यार्थियों ने उपाधियां हासिल कीं।

दूसरे दिन के समारोह का शुभारंभ पारंपरिक शोभायात्रा के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन हर्षवर्धन चीतले और विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑयलमैक्स एनर्जी के संस्थापक विक्रम गर्ग मौजूद रहे। हर्षवर्धन



चीतले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षों की कड़ी मेहनत, तपस्या और उपलब्धियों का उत्सव है। आईआईटी रुड़की जैसे विश्व प्रतिष्ठित संस्थान से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक तेजी से बदल रही है, ऐसे में विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग नई चुनौतियों के समाधान और मानवता के कल्याण के लिए करना चाहिए। विक्रम गर्ग ने कहा कि डिग्री हासिल करना विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी और नए सफर की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, शोध और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक प्रो. के के पंत ने संस्थान की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपनिदेशक प्रवीण गर्ग सहित संस्थान के डीन, प्रोफ़ेसर, अधिकारी, विद्यार्थी और उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में खासा उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063